रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित — हमेशा सच के साथ

# पायनियर

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 31 दिसंबर 2019 पृष्ठ-12 वर्ष-04, अंक-135 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज ओडिशा के दौरे पर

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज 31 दिसम्बर को ओडिशा के क्योंझर जिले के घाटगांव जाएंगे। बघेल निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रायपुर के माना विमानतल से सवेरे 9.30 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर 11.30 बजे घाटगांव पहुंचेंगे और वहां स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के बाद शाम 4.30 बजे रायपुर लौट आएंगे।

### जनरल बिपिन रावत होंगे देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सेनाध्यक्ष बिपिन रावत देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) होंगे। केंद्र सरकार ने रविवार को ही सीडीएस पोस्ट के लिए उम्र की सीमा बढ़ाई थी। बता दें कि रावत 31 दिसंबर को सेनाध्यक्ष पद से रिटायर हो रहे हैं। रावत की जगह मनोज मुकुंद नरवणे नए आर्मी चीफ होंगे। बता दें कि सीडीएस का पद 'फोर स्टार' जनरल के समकक्ष होगा और सभी सेनाओं के प्रमुखों में सबसे ऊपर होगा। गौरतलब है कि रक्षा मंत्रालय ने सेना नियमों, 1954 में कार्यकाल और सेवा के नियमों में संशोधन किया है। मंत्रालय ने 28 दिसंबर की अपनी अधिसूचना में कहा है



## बाजार.भाव

| | | |
|---|---|---|
| सोना | 39,880 | +4 |
| चांदी | 47,900 | +100 |

## इनसाइड स्टोरी

**बहरों की अदालत में गूंगों की गवाही है, अन्याय ही ...**

पेज-04

### एसबीआई के रेपो रेट से जुड़े कर्ज एक जनवरी से 0.25 प्रतिशत सस्ते होंगे

**मुंबई (एजेंसी)।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने रेपो रेट से जुड़े कर्ज की ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत कटौती की है। इसके बाद वेतनभोगी ग्राहकों के लिए ब्याज दर 8.05 प्रतिशत से घटकर 7.80 प्रतिशत हो जाएगी। हालांकि, ग्राहकों के रिस्क प्रोफाइल को देखते हुए इस रेट के ऊपर भी कुछ ब्याज लिया जाएगा, जिससे प्रभावी ब्याज दर बढ़ जाएगी। जैसे सैलरीड क्लास के लिए 30 लाख रुपए तक होम लोन पर 0.15 प्रतिशत दर ज्यादा होगी, इस तरह उनके लिए प्रभावी ब्याज दर 7.95 प्रतिशत होगी। नई दरें एक जनवरी से लागू होंगी।

### तालिबानी हमले में 14 सुरक्षाकर्मियों की मौत

**मॉस्को, (स्पूतनिक)।** अफगानिस्तान के उत्तरी प्रांत जोजान में सुरक्षा चौकी पर आतंकवादी संगठन तालिबान के हमले में कम से कम 14 सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गयी। स्थानीय मीडिया ने अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार तालिबान के हमले में कम से कम पांच अन्य लोग भी घायल हुए है। अफगानिस्तान सेना ने हमले का जवाब देते हुए अपनी कार्रवाई में सात आतंकवादियों को मार गिराया ।

## नागरिक आपूर्ति निगम में चल रहा ओवर लोडिंग का बड़ा खेल, आरटीओ और वेयर हाऊस की मिली भगत

# आम नागरिकों को ठोंका जा रहा है जुर्माना, नान के ट्रांसपोर्टरों को विभाग ही दे रहें छूट

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

**पायनियर स्टिंग**

प्रदेश में नागरिक आपूर्ति निगम यानि नान विभाग का भ्रष्टाचार से पुराना नाता रहा है। पुरानी भाजपा सरकार के दौरान करोड़ों, अरबों रुपए के घोटाले का पर्दाफाश होने के बाद उसमें मंत्रियों के साथ ही अफसरों के नाम भी सामने आए, जिसकी जांच अब भी चल ही रही है और कुछ आईएएस इस मामले में जेल तक पहुंच चुके हैं। नान विभाग में गड़बड़ी किए जाने का एक और मामला जशपुर से निकलकर सामने आ रहा है। वहीं मामले में सबसे हैरत की बात यह है कि इस गड़बड़ी में नागरिक आपूर्ति निगम, वेयर हाऊस और परिवहन विभाग सभी की मिली भगत है। सबकी सहमति और सहभागिता से नियमों की खुली अवहेलना का यह खेल खेला जा रहा है, जिसमें सरकार का दो तरफा नजरिया सामने आ रहा है। मामला है उचित मूल्य की दुकानों तक पहुंचने वाला खाद्य सामग्री की आपूर्ति करने वाले वाहनों का। दरअसल नागरिक आपूर्ति निगम की ओर से राशन दुकानों में खाद्य सामग्री जैसे चावल, चना ➢शेष पेज 8 पर

### आरटीओ पर उठे सवाल

पायनियर स्टिंग के दौरान जब वाहन के कागजात की पड़ताल की गई तो परिवहन विभाग की मिली भगत भी खुलकर सामने आई। परिवहन विभाग पर सवालिया निशान इसलिए उठ रहे हैं कि सड़कों पर चलने वाली गाड़ियों की परिवहन विभाग बारिकी से जांच ➢शेष पेज 8 पर



### सड़कों को होता है नुकसान

ओवहर लोड वाहन होने का सबसे अधिक नुकसान सड़कों को ही होता है। इसके साथ ही राजस्व की चोरी भी की जाती है। समय से पहले सड़क के बदहाल होने का प्रमुख कारण ओवर लोड गाड़ियां हैं। इनपर नजर रखने की जिम्मेदारी परिवहन विभाग की है लेकिन जशपुर ➢शेष पेज 8 पर

### इन गाड़ियों से खुले राज

| वाहन मालिक | वाहन क्रमांक |
|---|---|
| अनुभव अग्रवाल | सीजी-14डी/0559 |
| गणेश जैन | सीजी-15ए/5736 |

मैं इसे देखता हूं। ओवर लोड पर कार्रवाई की जाएगी। हमारी ओर से किसी को छूट नहीं दी गई है। नियम सभी पर लागू होते हैं।
**-केएल माहौर,** सहायक जिला परिवहन अधिकारी जशपुर

### विभागीय छूट की पुष्टि

पायनियर स्टिंग के दौरान कांसाबेल से आए राइस मिल के वाहनों के ड्राईवरों से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि उनकी गाड़ी में 20 टन की पासिंग है। और वे 27 टन चावल वेयर हाऊस लेकर पहुंचे हैं। यहीं नहीं वेयर हाऊस की ओर से 270 किलो चावल की पर्ची भी जारी किया गया है। वेयर हाऊस उन्हें 27 टन माल लाने का किराया भी देगी और चावल का पैसा भी देगी। जबकि वेयर हाऊस में जमा कागजात पर यह स्पष्ट है कि गाड़ी की पासिंग सिर्फ 20 टन की ही है। वहीं कुछ वाहनों में 5 टन और कुछ में 2 टन अधिक चावल लोड किया गया है।

## उत्तर पश्चिम क्षेत्र में हल्की बारिश की संभावना

# ठंड से ठिठुरा छत्तीसगढ़

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में कड़ाके की ठंड व शीतलहर सोमवार को भी जारी रही, जिसका असर जनजीवन पर भी पड़ रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में शीत लहर की स्थिति को देखते हुए सभी जिलों के कलेक्टर एवं नगरीय निकायों को समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं ताकि प्रदेश की जनता को किसी प्रकार की कोई असुविधा या जनहानि न हो।

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में अभी कड़ाके की ठंड जारी रहेगी, वहीं प्रदेश के उत्तर पश्चिम क्षेत्रों के जिलों में कहीं-कहीं पर हल्की बारिश या बौछारें पड़ने की भी संभावना जतायी है। प्रदेश के प्रमुख शहरों का आज सुबह का न्यूनतम तापमान में कहीं-कहीं परिवर्तन हुआ है जो क्रमशः रायपुर में 11.5 डिग्री, अंबिकापुर 5.7, बिलासपुर 8.8, पेन्ड्रा रोड 5.7 एवं जगदलपुर 10.1 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में अभी कड़ाके की ठंड जारी रहेगी। इधर प्रदेश में जारी शीतलहर को देखते हुए मुख्यमंत्री श्री बघेल ने समस्त जिला कलेक्टर को निर्देश दिए गए ➢शेष पेज 8 पर



### रातभर भटक रही गौमाता, गौ पालक नहीं दे रहे ध्यान



छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जहां गौमाताओं के संरक्षण के लिए आदर्श गौठान सहित नई योजनाएं तैयार कर माता को सम्मानित करने के लिए यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं वहीं शहर के गौपालकों द्वारा कड़ाके की शीतलहर भरी ठंड में रात भर सड़कों पर गौमाता को भटकने के लिए छोड़ा जा रहा है। इस संबंध में गायत्री परिवार की श्रद्धालु श्रीमती माधुरी शर्मा ने कड़ी आपत्ति व्यक्त करते हुए प्रदेश शासन के पशु पालन विभाग के मंत्री से ठंड में गौमाता को सड़कों पर छोड़ने वाले गौपालकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञातव्य है कि अनेक गौशाला समितियों द्वारा समय समय पर प्रेस वार्ता के माध्यम से अपने आप को सबसे बड़ा गौपालक सिद्ध करने की कोशिश की जाती है।

### सरकारी-निजी स्कूलों के समय में हुआ बदलाव

पूरे प्रदेश में इस समय कड़ाके की ठंड की वजह से ठिठुरन पैदा हो गई है. शीतलहर और कई जिलों में बर्फतक जम रही है. इसी बीच कड़ाके की ठंड शीतलहर को देखते शिक्षा अधिकारियों ने स्कूल खुलने के समय में बदलाव किया है. अब दो पाली स्कूल संचालित होगा. यह नियम पूरे छत्तीसगढ़ के स्कूलों में 31 दिसंबर 2019 से 10 जनवरी 2020 तक लागू होगा। जारी आदेश के अनुसार स्कूल का पहला पाली सुबह साढ़े 8:30 बजे से दोपहर 12.30 तक खुलेगा. दूसरे पाली की शुरुआत 12.45 से 5 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है. वहीं एक पाली में संचालित सभी स्कूल सुबह 10 बजे से शाम 4 तक संचालित होगी।

## योगी ने जनता से बदले की बात कही और पुलिस-प्रशासन उस पर कायम : प्रियंका



**प्रियंका गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- यूपी सरकार, पुलिस-प्रशासन ने अराजकता फैलाई**

एजेंसी < लखनऊ
www.dailypioneer.com

कांग्रेस ने सोमवार को लखनऊ में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में राज्य सरकार पर निशाना साधा। प्रियंका ने कहा, ''मेरी सुरक्षा का सवाल बहुत छोटा सवाल है, इस पर चर्चा की जरूरत नहीं है। आज प्रदेश की जनता की सुरक्षा का सवाल है। मैं अपनी सुरक्षा का मुद्दा नहीं उठाऊंगी, क्योंकि यह फिजूल है। सीएम ने जनता से बदले की बात की और पुलिस-प्रशासन उस पर कायम है''

### हमने राज्यपाल को चिट्ठी भेजी, यह संपूर्ण दस्तावेज है

- 'हमारी तरह से राज्यपाल महोदया को एक चिट्ठी भी भेजी गई है। यह एक संपूर्ण दस्तावेज है। जैसा कि आप पुलिस की अराजकता को देख रहे हैं। जनता को न्याय के कानूनी आधार नहीं है। मैंने चिट्ठी में लिखा है कि बिजनौर में दो नौजवानों की जान गई थी। दोनों सामान्य परिवार से थे।'
- 'मैंने अनस के परिजन से मुलाकात की थी। हिंसा में मौत के बाद जब पीड़ित परिवार पुलिस के पास गया तो उन्हें धमकाया था कि आप पर ही एफआईआर कर दी जाएगी।
- अनस के पिता ने कहा था कि मैं अपने बेटी कब्र तक को देखने नहीं जा पाऊंगा। 21 साल के साहिद की भी मौत हुई थी, वो नोएडा में रहकर ट्यूशन पढ़ाता था।'
- 'लखनऊ में मैं दारापुरी से मिलने जा रही थी। 77 साल के हैं वे और उन्हें एक फेसबुक पोस्ट के लिए घर से पुलिस ने उठा लिया। 48 लोगों के साथ उनका नाम एक लिस्ट में रखा गया था। वाराणसी में कई बच्चे बीएचयू के प्रदर्शन कर रहे थे। शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे थे। उन्हें जेल भेज दिया गया।'
- '24-25 साल के बच्चों को जेल भेज दिया गया। ये वो केस हैं, जिनका रिकॉर्ड है। 5500 लोग गिरफ्तार हुए हैं। अनऑफिशियली यह नंबर ज्यादा है। कई लोग अज्ञात हैं, जिन्हें जेल में पीटा जा रहा है। पुलिस और प्रशासन गलत काम कर रहे हैं, उनके रिकॉर्ड हैं चिट्ठी में।'
- 'मुख्यमंत्रीजी ने जो बयान दिया कि बदला लेंगे, उस बयान पर पुलिस और प्रशासन कायम है। इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ होगा कि सीएम ने ऐसा बयान दिया कि जनता के खिलाफ बदला लिया जाएगा। जिन लोगों को नोटिस भेजा गया है,उनमें दारापुरीजी का भी नाम है।'

## मोदी ने सीएए के समर्थन में कैम्पेन लॉन्च किया

**कहा-** यह कानून नागरिकता देने के लिए है, छीनने के लिए नहीं

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com




देशभर में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ प्रदर्शनों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को इसके समर्थन में सोशल मीडिया कैम्पेन लॉन्च किया। सोमवार को प्रधानमंत्री ने ट्विटर पर इस कानून के बारे में जानकारी दी। मोदी ने कहा- यह शरणार्थियों को नागरिकता देने का कानून है और इससे किसी की नागरिकता नहीं छीनी जाएगी। उन्होंने सीएए पर जग्गी वासुदेव का 22 मिनट का एक वीडियो भी शेयर किया।

**जग्गी वासुदेव का वीडियो पोस्ट किया-** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जग्गी वासुदेव के भाषण का वीडियो पोस्ट करके, नागरिकता कानून को विस्तार से बताने की कोशिश की।

## सूचना न देने पर पीडब्ल्यूडी, सिंचाई विभाग के जनसूचना अधिकारी को 25-25 हजार का जुर्माना

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग के सूचना आयुक्त अशोक अग्रवाल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सूचना का अधिकार अधिनियम का पालन नहीं करने के प्रकरण में तीन जनसूचना अधिकारी पर पच्चीस-पच्चीस हजार रूपए का अर्थदंड का आदेश पारित किया है और अर्थ दंड की राशि संबंधित से वसूली कर शासकीय कोष में जमा कराने वरिष्ठ अधिकारी को निर्देश दिये हैं । लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकार एवं प्रशासन की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 प्रभावशील है। सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत डी के सोनी अधिवक्ता अंबिकापुर ने लोक निर्माण विभाग अंबिकापुर के कार्यपालन अभियंता बी पी अग्रवाल से वर्ष 2014-15 में कांक्रीटमेन को जारी कार्य के अनुबंध क्रमांक 54, ड्राइंग डिजाइन नक्शा की प्रतिलिपि और कितनी राशि भुगतान ➢शेष पेज 8 पर

## महाराष्ट्र मंत्रिमंडल का विस्तार : अजीत पवार उप मुख्यमंत्री, आदित्य ठाकरे मंत्री बने

वार्ता < मुंबई
www.dailypioneer.com



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने सोमवार को कांग्रेस-शिवसेना-राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी गठबंधन सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार कर राकांपा नेता अजीत पवार को उप मुख्यमंत्री और अपने पुत्र एवं शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे को मंत्री बनाया। राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने विधान भवन में 36 नये मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। गठबंधन के तीनों दलों के बीच समझौते के तहत यह तय हुआ था कि उप मुख्यमंत्री का पद राकांपा के कोटे में जाएगा। इसी समझौते के तहत श्री पवार उप मुख्यमंत्री बनाये गये हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक चव्हाण, राकंपा के नवाब मलिक तथा शिवसेना के आदित्य ठाकरे ने मंत्री पद की शपथ ली। राकांपा के राजेंद्र शिंगणे और अनिल देशमुख ने भी मंत्री पद की शपथ ली है। राज्य में सरकार बनने के करीब एक माह बाद यह मंत्रिमंडल विस्तार किया गया है। ➢शेष पेज 8 पर

## छग में बनेगा सिंचाई विकास प्राधिकरण, सीएम भूपेश ने गठन के दिए आदेश

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के किसानों को सिंचाई सुविधाओं का भरपूर लाभ मिल सके इसके लिए राज्य में सिंचाई विकास प्राधिकरण का गठन किया जाएगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सिंचाई विकास प्राधिकरण के गठन के लिए आदेश दिए है।

गौरतलब है कि राज्य में कुल कृषि योग्य भूमि लगभग 57 लाख हेक्टेयर है। वर्ष 2004 में राज्य में निर्मित सिंचाई क्षमता 15 लाख 51 हजार हेक्टेयर और वास्तविक सिंचाई क्षमता 10 लाख 22 हजार हेक्टेयर थी, वहीं वर्ष 2018 में निर्मित सिंचाई क्षमता 20 लाख 88 हजार हेक्टेयर जबकि वास्तविक सिंचाई क्षमता केवल 10 लाख 38 हजार हेक्टेयर ही हो पाई है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि सिंचाई विकास प्राधिकरण राज्य में वास्तविक सिंचाई क्षमता के विस्तार के साथ ही नवीन सिंचाई योजनाओं के निर्माण की कार्ययोजना बनाएगा ताकि प्रदेश के किसानों को उसका अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

### 2019 की तीन तिमाही में देश में 11.5 करोड़ स्मार्टफोन आए

## रिपोर्ट : इस साल देश में स्मार्टफोन मार्केट 9 प्रतिशत तक बढ़ने की उम्मीद, 2022 तक देश में 70 करोड़ स्मार्टफोन यूजर होंगे

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

देश में इस साल एक तरफ जहां ऑटो सेक्टर में स्लोडाउन देखने को मिला। वहीं, दूसरी तरफ शहरी और ग्रामीण दोनों इलाकों में स्मार्टफोन की मांग तेजी से बढ़ी है। काउंटरप्वाइंट रिसर्च के एसोसिएट डायरेक्टर तरुण पाठक के मुताबिक, 2019 में देश में स्मार्टफोन मार्केट 9 प्रतिशत और 2020 में 12 से 14 प्रतिशत तक बढ़ने की उम्मीद है। एक्सपर्ट का मानना है कि स्मार्टफोन की बढ़ती बिक्री के पीछे सरकार की योजनाएं हैं, जिसने एपल जैसी बड़ी कंपनियों को भारत में भी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट खोलने के लिए प्रोत्साहित किया।



### स्मार्टफोन की औसत कीमत भी 5 हजार बढ़ी

इस साल स्मार्टफोन की एवरेज सेलिंग प्राइस (एएसपी) में भी बढ़ोतरी हुई है। पहले स्मार्टफोन की औसत कीमत 5 से 10 हजार के बीच रहती थी, जो अब बढ़कर 10 से 15 हजार पहुंच गई है। इंटरनेशन डाटा कॉर्पोरेशन के मुताबिक, देश में 80 से ज्यादा मार्केट 200 डॉलर (14,200 रुपए) और 300 से 500 डॉलर (21,400 से 35,600 रुपए) की कीमत वाले स्मार्टफोन का है।

### मार्च 2020 तक 5जी फोन आ सकता है

रियलमी इंडिया की मार्च 2020 तक देश में पहला 5जी स्मार्टफोन लाने की योजना है। हालांकि, जानकारों ने देश में 5जी स्मार्टफोन की खरीदी 2020 के शुरुआती 6 महीने बीतने के बाद बढ़ने की उम्मीद जताई है। शुरुआत में 5जी स्मार्टफोन की कीमत बहुत ज्यादा रहेगी और एक या डेढ़ साल बाद ही 5जी स्मार्टफोन 10 हजार से 25 हजार के प्राइस सेगमेंट में भी मिलने की संभावना है।

## रायपुर में 6 जनवरी को महापौर चुनाव, निर्दलीयों के हाथ में सत्ता की चाबी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर नगर निगम में कांग्रेस की बढ़त और भाजपा की उम्मीद के बीच जोड़ तोड़ की कवायद तेज हो गई है. निर्णायक भूमिका निभाने वाले निर्दलीयों के हाथ में सत्ता की चाबी है. वो जिस ओर करवट लेंगे उसे ही महापौर की ताजपोशी मिलेगी. ऐस में अपने पक्ष में करने दोनों पार्टियां निर्दलियों को मनाने में लगी हुई है. जिला निर्वाचन आयोगों द्वारा महापौर के चुनाव के लिए तिथि घोषित कर दी गई है. रायपुर में 6 जनवरी को चुनाव की तिथि घोषित की गई है. कांग्रेस के पार्षदों से रायपुर के पर्यवेक्षक बैजनाथ चंद्राकार आज वन-टू-वन करने वाले हैं. रायपुर नगर निगम में कांग्रेस को महापौर बनाने के लिए दो और भाजपा को सातों निर्दलियों का समर्थन चाहिए है. अपने पाले में निर्दलीय को लाने के लिए कांग्रेस-भाजपा ने अपनी-अपनी कवायद तेज कर दी है. हालांकि अभी तक किसी भी बागी ने अपना पत्ता नहीं खोला है. कांग्रेस के पार्षदों से रायपुर के पर्यवेक्षक बैजनाथ चंद्राकार आज वन-टू-वन करने वाले हैं. वो पार्षदों से उनकी राय लेंगे. इसके साथ ही विधायकों से भी राय भी ली जायेगी. महापौर चयन के मामले में विधायकों की राय भी अहम होगी. नामों का पैनल पर्यवेक्षक बनायेंगे, पैनल के नाम प्रदेश संगठन को सौपें जाएंगे. जिसपर सीएम और प्रदेश अध्यक्ष किसी एक नाम को लेकर निर्णय लेंगे।

# नए साल का जश्न पुलिस निगरानी में होंगे, लगातार चलेगी पुलिस पेट्रोलिंग

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी में 31 दिसंबर की रात नए साल के जश्न को लेकर पुलिस प्रशासन तैयारियों में जुट गया है. ताकि किसी भी तरह की अपराधिक घटनाएं शहर में न घट सके. पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर होटल और रिसोर्ट संचालकों के साथ पुलिस विभाग की बैठक हुई. बैठक के दौरान पुलिस प्रशासन की तरफ से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर ने शहर में अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती को लेकर चर्चा की. इस दौरान शहरी थाना क्षेत्र और आउटर क्षेत्रों में लगातार पुलिस पेट्रोलिंग चलेगी। होटल और रिसोर्ट संचालकों को प्रफुल्ल ठकुर ने बताया कि डीजे और वाद्य यंत्र को लेकर आयोजकों को न्यायालय के निर्देशों का पालन करना होगा. संचालकों को बताया कि कार्यक्रमों का आयोजन पुलिस दिशा निर्देश पर किया जाए. आम जनता को होने वाली असुविधाओं को हरगिज माफ नहीं किया जाएगा. शहर में जितने भी आउटर कॉलोनी है वहां भी पुलिस की पूरी नज़र रहेगी। नया रायपुर में पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर खास ध्यान दिए जाने पर जोर दिया है. नए साल के स्वागत में कमोबेश सभी लोग जश्न मनाएंगे. इस दौरान कई आयोजन होंगे. लेकिन आयोजन स्थल पर समुचित पार्किंग व्यवस्था रखना जरूरी होगा. बड़े आयोजनों पर सीसीटीवी कैमरा लगाना जरूरी है. कार्यक्रम निर्धारित समय के बाद बंद करना ही होगा।

अग्नि सुरक्षा की भी व्यवस्था की जवाबदारी आयोजकों की होगी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठकुर ने बताया नए साल को लेकर पुलिस प्रशाशन की तैयारी हो चुकी है. नए साल को देखते हुए सुरक्षा के लिए रायपुर के सभी होटल, प्रमुख मार्ग, और सभी गार्डनों में प्रॉपर व्यवस्था लगाई जा रही है. इसके लिए पुलिस मुख्यालय से अतिरिक्त बल मांगा गया है. साथ ही सभी थानों में अलग अलग पुलिस पेट्रोलिंग की जाएगी. शहर में जितने भी आउटर कॉलोनी है वहां भी पुलिस की पूरी नज़र रहेगी. इसके पूर्व में जितने भी आयोजक है. होटल और रिसोर्ट है उनके साथ बैठक रखी गयी थी. मीटिंग में उन्हें क्लियर कट बताया गया जो भी शासन के नियम है उसका पालन किया जाए. साथ ही उनको कहा गया कि एंट्री और एग्जिट पॉइंट में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं. हर आने जाने वालों पर आपकी निगाह रहे ताकि कोई अनहोनी ना होने पाए. साथ ही फायर कंट्रोल सभी अलर्ट कराया गया है. साथ ही सभी थाना प्रभारी, सीएसपी को जोन में बाँट करके महत्वपूर्ण जगहों पर डयूटी लगाया जा रहा है. साथ ही नए रायपुर मे भी पेट्रोलिंग गाड़ी और भीड़-भाड़ वाली जगहों पर पुलिस की तैनाती की जाएगी।

**होटल और रिसोर्ट संचालकों को नियमों का पालन करने के सख्त निर्देश**



## भाजपा-कांग्रेस की महापौर बनाने की जद्दोजहद तेज

# राजनांदगांव, बिलासपुर, धमतरी और कोरबा में निर्दलियों ने दिया कांग्रेस को समर्थन

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय चुनाव के नतीजे आ गए, लेकिन महापौर पर दांव-पेच बाकी है. राज्य निर्वाचन आयोग ने महापौर चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी है. अधिसूचना जारी होते ही कांग्रेस-बीजेपी में उन निगमों में महापौर बनाने की जद्दोजहद तेज हो गई है, जहां मामला बेहद करीब का है. इस बीच रायपुर नगर निगम की तस्वीर सबसे ज्यादा चौकाती नजर आ रही है।

जहां बीजेपी ने बड़ी रणनीतिक चाल चली है. बीजेपी की एक गोपनीय बैठक में यह तय किया गया है कि किसी भी सूरतेहाल में कांग्रेस को एकतरफा मैदान मारने नहीं दिया जाएगा. यानी साफ है बीजेपी अपना प्रत्याशी जरूर उतारेगी. हालांकि सूत्र बताते हैं कि बीजेपी ने इसके लिए निर्दलीय प्रत्याशियों को डोरे डालने शुरू कर दिए हैं, वहीं कोशिश इस बात को लेकर भी है कि बड़ी संख्या में जीतकर आए कांग्रेस पार्षदों के खेमे से क्रास वोटिंग कराई जाए।

इसी बीच कांग्रेस ने यह कह दिया है सभी 10 नगर निगम में महापौर हमारा ही होगा. सभी नगर निगम से उन्हें निर्दलियों का समर्थन मिल रहा है. कांग्रेस ने राजनाँदगाँव से दो निर्दलियों के कांग्रेस में शामिल होने का ऐलान भी किया है. वैसे निर्दलियों ने भी अपना समर्थन कांग्रेस को दे दिया है. इस स्थिति को देखते हुए ऐसा लग रहा कि छत्तीसगढ़ के सभी 10 नगर निगम में कांग्रेस का महापौर बनना लगभग तय है।

राजनांदगांव, बिलासपुर, धमतरी और कोरबा में निर्दलियों ने कांग्रेस को समर्थन दे दिया है. वहीं रायपुर, दुर्ग और रायगढ़ में ही अभी घोषणा बाकी है. हालांकि भाजपा कोरबा में कांग्रेस के मुकाबले बहुत मजबूत है. क्योंकि वहाँ निर्दलियों के समर्थन मिलने के बाद भी अभी बहुमत से कांग्रेस दूर है. कांग्रेस को कोरबा में 3 निर्दलियों को समर्थन मिल चुका है. लेकिन बहुमत तक पहुँचने के लिए अभी भी 5 निर्दलियों को समर्थन चाहिए, जबकि भाजपा को सिर्फ 3 का साथ चाहिए। बात धमतरी नगर निगम की करे तो यहाँ तीन निर्दलीय पार्षदों के कांग्रेस प्रवेश किए जाने के साथ ही कांग्रेस को बहुमत मिल गया है. धमतरी में कांग्रेस 18, भाजपा 17, अन्य 5 सीटों में सफलत मिली. यहाँ कुल पार्षदों की संख्या 40 है. ऐसे में बहुत के लिए 21 आंकड़ा चाहिए था, जो कांग्रेस ने निर्दलियों का साथ मिलने के बाद पूरा कर लिया है.

इसी तरह से बिलासपुर नगर निगम में कांग्रेस को पूर्ण बहुमत मिल चुका है. कांग्रेस की बागी प्रत्याशी रही संध्या तिवारी ने वापस पार्टी में प्रवेश करते हुए समर्थन दे दिया है. उनके कांग्रेस में आने के बाद बहुमत के लिए एक सीट की कमी दूर हो गई है. बिलासपुर में कुल 70 वार्ड है. इसमें भाजपा को 30, जबकि कांग्रेस को 35 में जीत मिली थी. वहीं राजनांदगांव की बात करे तो यहाँ दो निर्दलियों ने कांग्रेस प्रवेश कर लिया. इसके साथ कांग्रेस का यहाँ आकंड़ा अब 24 का पहुँच चुका है. हालांकि अभी पूर्ण बहुमत के लिए 2 और साथी की जरूर है, जबकि बीजेपी के 21 पार्षद चुनकर आए हैं, बीजेपी को बहुमत के पांच पार्षदों की जरूरत है. फिलहाल कांग्रेस का यहाँ पलड़ा भारी है.

वहीं चिरमिरी, अंबिकापुर, जगदलपुर निगम में पूर्ण बहुमत के साथ जीतकर आ चुकी है. लेकिन जहाँ तक दुर्ग और रायगढ़ नगर निगम का सवाल है तो यहाँ कांग्रेस को बहुमत के लिए एक-एक निर्दलीय का साथ चाहिए. इन तमाम आंकड़ों के बावजूद बीजेपी का दावा है कि कांग्रेस को एकतरफा बढ़त नहीं देने देंगे. भाजपा प्रवक्ता और पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी का कहना है कि हमारी भी पूरी तैयारी है. कांग्रेस सत्ता के बलबुते पर जो भी तैयारी कर ले, लेकिन हमने भी अपनी रणनीति तैयार की है. महापौर हमारा भी होगा। वहीं कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी का दावा है कि सभी 10 नगर निगम में महापौर हमारा ही होगा. निर्दलियों का कांग्रेस में प्रवेश जारी है. जनता ने बीजेपी को खारिज कर दिया है. बहुमत कांग्रेस के पक्ष में है। बहरहाल कांग्रेस-भाजपा के दावों में किसका दावा सही साबित होगा यह 6 जनवरी तक साफहो जाएगा. राज्य के सभी नगर निगमों के महापौर सप्ताह भर में चुन लिए जाएंगे।

### नगर निगम में सियासी समीकरण




राजधानी रायपुर में महापौर का ताज कांग्रेस के हिस्से न जा पाए इसे रोकने बीजेपी हर रणनीति पर काम कर रही है. बीते रविवार बीजेपी की हुई एक गोपनीय बैठक में यह तय किया गया है कि निर्दलीय पार्षदों के साथ-साथ क्रास वोटिंग कराकर बीजेपी अपना महापौर बनाएगी, हालांकि बीजेपी की यह रणनीति कितनी सफल होगी, यह बड़ा सवाल बना हुआ है? रायपुर नगर निगम की 70 सीटों में से 34 सीट पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की है, जबकि 29 सीटों पर बीजेपी और 7 सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवार जीतकर आए हैं. ऐसे में महापौर बनाने के लिए बीजेपी के पास सात पार्षदों की कमी है. बीजेपी के सूत्र बताते हैं कि सात निर्दलीय उम्मीदवारों में से पांच ऐसे हैं, जो बीजेपी के बागी प्रत्याशी रहे हैं. ऐसे में बीजेपी इन निर्दलीय उम्मीदवारों को साधने की कोशिश में जुट गई है. साथ ही कांग्रेस के पार्षदों पर भी बीजेपी क्रास वोटिंग के लिए डोरे डाल रही है. बीजेपी संगठन ने इसकी जिम्मेदारी पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल और राजेश मूणत को दी है। दूसरी तरफ कांग्रेस को रायपुर में बहुमत के लिए सिर्फ दो का समर्थन चाहिए। लिहाजा कांग्रेस का दावा कि हर हाल में पार्टी इस पूर्ण बहुमत के साथ अपना महापौर बना लेगी।

# मोदी-भूपेश राज की कृषि विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदेश के किसान करेंगे आंदोलन

■ 20 किसान संगठनों का जंगी ऐलान

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय किसान संघर्ष समन्वय समिति ने 8 जनवरी को ग्रामीण भारत बंद करने का ऐलान किया है. इस आंदोलन में पूरे छत्तीसगढ़ के किसान और आदिवासी शामिल होंगे. केंद्र की भाजपा व राज्य की कांग्रेस सरकार की कृषि व किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ गांव बंदी करके अपनी आवाज बुलंद करेंगे।

प्रदेश में किसानों, आदिवासियों व दलितों के बीच काम करने वाले 20 संगठनों और 35 किसान नेताओं की आज हुई बैठक में यह फैसला किया गया। इन किसान संगठनों ने पूरे राज्य के किसानों से अपील की है कि वे 8 जनवरी को सब्जी, दूध, मछली, अंडे व अन्य कृषि उत्पादों को शहरों में लाकर न बेचे और ग्रामीण व्यवसायी शहरों में जाकर खरीदारी न करें. इस दिन गांवों की दुकानें और काम-काज बंद रखें और गांव बंदी करके सड़क रोकें. केंद्र व राज्य सरकारों की किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ मंडियों, जनपदों व पंचायतों सहित विभिन्न सरकारी कार्यालयों पर धरना, प्रदर्शन व सभाएं आयोजित करें। आंदोलनकारी किसान संगठनों ने केंद्र व राज्य सरकारों के समक्ष 18 सूत्रीय मांग पत्र भी पेश किया है, जिसमें स्वामीनाथन आयोग के सी-2 लागत का डेढ़ गुना मूल्य पर फसल खरीदी करने और इसके लिए कानून बनाने, 60 वर्ष से अधिक आयु के किसानों को न्यूनतम 5000 रुपये मासिक पेंशन देने, कानून बनाकर किसानों को कर्जमुक्त करने, फसल बीमा में नुकसानी का आंकलन व्यक्तिगत आधार पर करने, विकास के नाम पर किसानों की जमीन छीनकर उन्हें विस्थापित करने पर रोक लगाने और अनुपयोगी पड़ी अधिग्रहित जमीन को वापस करने, वनाधिकार कानून, पेसा और 5वीं अनुसूची के प्रावधानों को लागू करने, मनरेगा में हर परिवार को 250 दिन काम और 600 रुपये रोजी देने, मंडियों में समर्थन मूल्य सुनिश्चित करने, सोसाइटियों में किसानों को लूटे जाने पर रोक लगाने, जल-जंगल-जमीन के मुद्दे हल करने और सारकेगुड़ा कांड के दोषियों पर हत्या का मुकदमा कायम करने की मांगें प्रमुख हैं। किसान नेताओं ने कांग्रेस की बघेल सरकार को आड़े हाथों लेते हुए बैठक में आरोप लगाया गया कि दो साल का बकाया बोनस देने, सभी किसानों का कर्ज माफ करने जैसे चुनावी वायदों को इस सरकार ने एक साल में भी पूरा नहीं किया है। सरकार ने किसानों का धान का रकबा षड़यंत्रपूर्वक घटा दिया है और उन्हें अपनी फसल बेचने के लिए बिचौलियों के रहमो-करम पर छोड़ दिया गया है. इससे राज्य में सोसाईटियों में धान की खरीदी में भगदड़ की स्थिति बन गई है. अनाप-शनाप बिजली बिल थमाकर किसानों को प्रताड़ित किया जा रहा है। इन किसान संगठनों ने केंद्र सरकार के नागरिकता कानून और जनसंख्या व नागरिकता रजिस्टर बनाने की योजना का भी विरोध किया है और कहा है कि मोदी सरकार विदेशियों को तो नागरिकता देना चाहती है और इस देश के किसानों और दलित-आदिवासियों से नागरिकता के सबूत मांग रही है, जो हमें स्वीकार नहीं है।

# कथित ब्लैकमेलिंग की आरोपी युवती पहुंची एसपी दफ्तर

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

कथित ब्लैकमेलिंग की आरोपी युवती एक बार फिर इंसाफ की गुहार लगाते हुए पुलिस के शरण में पहुंची है. युवती ने व्यापारी चेतन शाह के खिलाफ शिकायत लेकर एसपी दफ्तर पहुंची और चेतन पर रेप का आरोप लगाया है. साथ ही कार्रवाई की मांग की है. उसने यह भी आरोप लगाया है इस मामले में पुलिस शिकायत तो ले रही है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं कर रही है. पिछले 10 दिन से वह दरदर भटक रही है.

युवती का आरोप है कि पुलिस उसका सहयोग नहीं कर रही है. शिकायत जरूर ले रही, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं कर रही है. व्यापारी चेतन शाह के शिकायत के बाद पुलिस ने मेरे पास से कोई पैसे बरामद नहीं किया था. मुझसे पुलिस ने 3 कोरे कागज में साइन करवाया है. मेरी कोई स्टेटमेंट भी नहीं हुई है. जब मुझे गिरफ्तार किया गया उस वक्त भी मेरा कोई बयान नहीं लिया गया था. समाज की डर की वजह से मैं पहले आगे नहीं आ रही थी. आज भी एसपी दरफ्तर शिकायत करने गई, पर पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। उसने कहा कि उसके पास कोई वीडियो फोटो नहीं था. उसे झूठे हनीट्रैप के केस में फंसाया गया है. योजनाबद्ध तरीके से ट्रैप किया गया. चेतन शाह 2012 से प्रताड़ित करता आ रहा है. पुलिस से शिकायत है कि चेतन ने उसके साथ रेप किया है. चेतन की सिस्टर डेंटिस्ट है. इस बहाने वह मुझसे मिला. क्योंकि मैं बीडीएस की पढ़ाई कर रही थी।

# ग्रीन आर्मी ने निकाला बूढ़ातालाब का मलवा, किया गहरीकरण

■ जनता को जोड़ने एक व्यक्ति एक धमेला का दिया नारा

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



रविवार को शहर के सबसे प्राचीन तालाब बूढ़ातालाब के गहरीकरण का कार्य ग्रीन आर्मी संस्था ने प्रातः 7 बजे से मारवाड़ी श्मशान घाट नेहरु नगर से प्रारंभ किया। जो लगातार प्रत्येक रविवार को किया गया। विगत कई वर्षो से उपेक्षित बूढ़ा तालाब जिसकी ना तो सफाई हो रही थी ना ही गहरीकरण हो रहा था वरन लगभग 19 वर्ष पूर्व इसके एक भाग नेहरु नगर की ओर का को पाटकर चौपाटी बनाने की योजना को रायपुर की जनता ने रोका था। आज तक यह तालाब बहुत ही दयनीय हालत में था। ग्रीन आर्मी संस्था द्वारा स्थानीय लोगों को साथ में लेकर प्रत्येक रविवार को इसका विधिवत गहरीकरण कार्य किया जा रहा है।

इस कार्य में स्थानीय जनता को जोड़ने हेतु एक व्यक्ति एक धमेला का नारा दिया गया है। तालाब गहरीकरण का कार्य प्रातः 7 बजे ग्रीनआर्मी की सदस्यों, जेसीआई, संगवारी की टीम, नगर निगम की टीम एवं स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर किया गया। प्रातः 7 बजे से सर्वप्रथम ग्रीन आर्मी के सदस्यों ने कुदाली एवं रापा से तालाब पाटे गए हिस्से को खोदकर एक-एक धमेला मलवा फेंककर कर्ा की शुरुआत की। गहरीकरण कार्य की शुरुआत के बाद स्थानीय नागरिकों को जागरुक करने एवं तालाबों में कचरा फेंकना बंद करवाने के उद्देश्य से ग्रीन आर्मी संस्था एवं जेसीआई संगवारी की टीम ने भी तालाब के गहरीकरण के लिए ''एक व्यक्ति एक धमेला'' योजना में अपना श्रमदान दिया।

कार्यक्रम का संचालन संस्था के संस्थापक अमिताभ दुबे ने किया। विचार गोष्ठी में जेसीआई संगवारी की टीम मुकेश श्रीवास्तव, जीतू शर्मा, आशीष शर्मा, सनत देवांगन, मोहन वल्र्यानी, अनिल वर्मा, शशिकांत यदु, राजू यदु, सुषमा सामंतराय, सुनीता चंदसौरिया, कमल अग्रवाल, आकाश कुशवाह, हितेश दीवान, अमनदीप शर्मा, डॉ. मनोज ठाकुर, हरदीप कौर, नीलम दुबे, चन्द्रकांत देवांगन आदि उपस्थित थे। बूढ़ातालाब के इस गहरीकरण के कार्य में ग्रीनआर्मी, जेसीआई एवं आसपास के लगभग 125 मेम्बर शामिल हुए।

# विज्ञान और प्रोद्योगिकी में ज्ञान गंगा के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

ख्यातिलब्ध संस्था ज्ञान गंगा सफलता के नित नये आयाम की कड़ी मे राष्ट्रीय प्रवर्तन प्रतिष्ठान भारत के अंर्तगत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के द्वारा अभिप्रेरित अनुसंधान के लिये विज्ञान की खोज में संस्था के तीन छात्र-छात्राओं अशद कुरैशी (कक्षा आठवी), श्रेया हलदार (कक्षा सातंवी) एंव हीया शर्मा (कक्षा छठवीं) का उतकृष्ट प्रदर्शन रहा, फलस्वरूप तीनो छात्र-छात्राओं को 10,000 नगद पुरस्कार राशि जिला स्तरीय प्रदशर्नी हेतु प्राप्त हुआ है, जिसमें ये अपने मॉडल तैयार कर अपनी श्रेष्ठता साबित करेगे. इस्पांयर अवार्ड मानक सपूर्ण छत्तीसगढ क्षेत्र में मिलना संस्था के लिये गौरव की बात है. छात्र-छात्राओं के उत्कृष्ठ प्रदर्शन के लिये प्रबंधन, प्राचार्या एवं समस्त स्टाफने इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## कचरा डोर टू डोर कलेक्ट होने पर मिलेंगे पूरे अंक

# बाजारों की सफाई पर होगी बेहतर रेटिंग

■ सभी दुकानों में डस्टबिन जरूरी

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 की बेहतर रेटिंग के लिए रायपुर के बाजारों व उन को संचालित करने वाले एसोसिएशन व आम व्यवसायियों को आवश्यक सफाई व्यवस्था अनिवार्यतः सुनिश्चित करना होगा। नगर निगम कमिश्नर श्री शिव अनंत तायल ने सभी जोन कमिश्नर व स्वच्छता अमले से जुड़े अपने अधिकारी-कर्मचारियों से कहा है कि सभी बाजारों में आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करें तथा सर्वश्रेष्ठ व्यवस्था का शहर के स्वच्छता में अपना योगदान करने वाले व्यवसायियों, एसोसिएशन व बाजारों को चिन्हित करें। ऐसे बाजार जो सफाई की समुचित व्यवस्था में लापरवाही बरत रहे हैं, उनके विरुद्ध कार्यवाही भी होगी।

अपर आयुक्त पुलक भट्टाचार्य के अनुसार सेक्टरों में विभक्त शहर में बाजारों की साफ-सफाई पर भी बेहतर रेटिंग का निर्धारण होगा। ऐसे मार्केट जहां के सभी दुकानों में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन होता है वहां सौ फीसदी दुकानों से कचरा कलेक्शन पर 15 अंक, 90 फीसदी पर 12 अंक, 80 पर 10, 70 पर 6, 50 पर 3 एवं 50 फीसदी से कम होने पर शून्य अंक मिलेंगे। इसी तरह सभी सौ फीसदी व्यापारी यदि यूजर चार्ज देते हैं तो 15 अंक, 90 पर 12 अंक, 50 से कम पर 3 अंक दिए जाएंगे। इसी तरह सौ फीसदी दुकानों पर डस्टबिन पाए जाने पर 15 अंक, 90 पर 12, 80 पर 9, 70 पर 6, 50 पर 3 एवं किसी भी दुकान में डस्टबिन ना होने पर शून्य अंक दिए जाएंगे। किसी भी मार्केट के संपूर्ण स्वच्छता होने पर 10 अंक, 99 से 60 फीसदी साफ होने पर 8 अंक, 59 से 40 फीसदी पर 6 अंक और 39 से कम होने पर शून्य अंक मिलेंगे। इन बाजारों के व्यापारी आस-पास स्थित शौचालय का उपयोग करते हैं तो 15 अंक, 60 से 99 प्रतिशत करते हैं तो 10 अंक, 99 से 30 प्रतिशत करते हैं तो 5 अंक तथा 29 से कम शौचालय का उपयोग करने पर शून्य अंक दिए जाएंगे। इसी तरह सभी व्यापारी एवं कार्यरत कर्मचारी स्वच्छता एप डाउनलोड किए हैं तो 15 अंक, 90 से 60 तो 10 अंक, 59 से 30 प्रतिशत किए हो तो 5 और 30 से कम पर शून्य दिए जाएंगे। स्वच्छता संबंधी नारों का लेखन बाजार परिसर में 10 स्थानों पर पाए जाने पर 15 अंक, 7 स्थानों पर पाए जाने पर 10 अंक, 5 स्थानों पर पाए जाने पर 5 तथा 4 से कम पाए जाने पर शून्य अंक दिए जाएंगे। निगम के मैदानी अमले से कहा गया है कि रैंकिंग के लिए संबंधित दस्तावेज भी प्राप्त करें व साथ ही व्यवसायियों को इसकी उपयोगिता व अनिवार्यता के संबंध में जागरूक करें।




## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में टिकट चेकिंग अभियान के दौरान 1, 92,265 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा समय-समय पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है । जिससे यात्रियों को टिकट लेने के प्रति लगातार जागरूक किया जा रहा है, साथ ही यात्रियों को जागरूक किया जा रहा है कि वे उचित टिकट लेकर सही कोच में बैठे एवं अपनी सुखद यात्रा करें। टिकट चेकिंग अभियान में दिनांक 29 दिसम्बर को चलाया गया जिसमें बिना टिकट यात्रा करने वाले लगभग 146 मामलों से 1,00,200 रूपये राजस्व प्राप्त हुआ, वही अनियमित टिकट के 154 मामलों से 67,515 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ, अन बुकड़ लगेज के 240 मामलों से 24,550 रूपये राजस्व प्राप्त हुआ, कुल 540 मामलों से रायपुर रेल मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा 1,92,265 रूपये का राजस्व प्राप्त किया गया, इस टिकट चेकिंग अभियान में 28 टीटीई, 2 मुख्य वाणिज्य निरीक्षक 1 रेलवे सुरक्षा बल के द्वारा के द्वारा 6 लोकल एवं लगभग 25 एक्सप्रेस ट्रेनों में जांच की गई । यात्रियों से अनुरोध है कि वह उचित टिकट लेकर यात्रा करें आगे भी यह अभियान लगातार जारी रहेंगे।

# शहरी आजीविका मिशन की महिलाओं ने निकाली रैली

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 के अंतर्गत मिलकर बनाएंगे रायपुर को नंबर वन अभियान के तहत शहरी आजीविका मिशन ने आज जोन 1 के वार्ड क्र. 4, बाजार चौक से स्वच्छता रैली निकाली। स्व-सहायता समूह की इस रैली में लोगों को सूखा व गीला कचरा पृथक करने के तरीके भी रोचक अंदाज में बताया गया।

समूह की महिलाओं ने घरों पर जाकर साफ -सफाई रखने, घर व दुकानों से निकलने वाले कचरे नगर निगम के वाहनों में देने का अनुरोध भी किया। कमिश्नर शिव अनंत तायल के निर्देश पर शहरी आजीविका मिशन नगर के सभी 70 वार्ड में यह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इस अभियान के तहत आम लोगों को रायपुर को स्वच्छ बनाने उनकी भागीदारी के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। शहरी आजीविका मिशन रिहायशी बस्तियों, बाजारों व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर लगातार कार्यक्रमों का आयोजन कर स्वच्छता का संदेश देगा।

**शहर को दिया स्वच्छता का संदेश**



## क्विक न्यूज

### आज किसानों की समस्या को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

**कांकेर।** धान खरीदी को लेकर लेम्प्स संघ के द्वारा सोमवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन पुराना बस स्टैंड में सुबह 11 बजे से 5 बजे तक किया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी भाजपा नेता भरत मटियारा अविनाश ठाकुर ने बताया की उप धरना प्रदर्शन में जिले के 35 लेम्प्स के संचालक एवं किसानों की धान धान में अनियमितता किसानों का धान नहीं लेना प्रबंधकों एवं कंप्यूटर ऑपरेटर का स्थानांतरण के विरोध में धान का उठाव नहीं होना आदि बातों को ध्यान में रखते हुए एक दिवसीय धरना का कार्यक्रम रखा गया है।

### नाबालिग युवक युवती घर से फरार, मामला दर्ज

**कांकेर।** चारामा थाना क्षेत्र के ग्राम तुएगहन से शनिवार को दोपहर करीब 2.30 बजे एक नाबालिग युवक नाबालिग युवती को भगाकर ले जाने पर परिजनों ने थाना आकर अपरहरण का मामला दर्ज करा दिया। जानकारी के अनुसार ग्राम तुएगहन निवासी अंकालराम यादव ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 28 दिसम्बर को दोपहर करीब 2.30 बजे गांव का नाबालिग युवक संजीत यादव (17) पिता हिरेसिंग मेरे घर में घुस आया।

# छत्तीसगढ़ जनमन पत्रिका को जिले के युवाओं ने बताया उपयोगी

## सरकार के दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करती छत्तीसगढ़ जनमन पत्रिका

पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले की विषम भौगोलिक परिस्थितियों से निकलकर न जाने कितने ऐसे युवक-युवती होंगे, जो सरकारी नौकरियों के लिए प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में लगे हुए हैं। ऐसे प्रतियोगियों के लिए राज्य शासन द्वारा जिले में परीक्षा पूर्व कोचिंग क्लास भी चलायी जा रही है, जो पूर्णता निःशुल्क है।

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले बच्चों के लिए मूल समस्या सही बुक मटेरियल की होती है। अंदरूनी क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए जिले से निकलकर पुस्तकें लाना या व्यवस्था करने में समस्या होती है।

प्रतियोगी परीक्षाओं में राज्य शासन की नीतियों, योजनाओं-कार्यक्रमों तथा अभियानों से सम्बंधित समसामयिक के प्रश्न भी प्रतियोगी परीक्षा में काफी संख्या में देखने को मिलता है। उन सभी



परीक्षाओं के लिए भी जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित यह छत्तीसगढ़ जनमन पत्रिका बहुत ही उपयोगी साबित हो रही है।

शासकीय जिला ग्रंथालय में पढ़ने आये बोरण्ड निवासी डमरूराम राणा जो कि सरकारी नौकरी और व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। उसने बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं के पाठ्यक्रम बहुत बड़ा होता है, जिनमें से कई विषय शासन की योजनाओं और हाल के दिनों में हुए परिवर्तन से संबंधित होते हैं।

हम प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवकों के दिमाग में हमेशा सवाल होते हैं कि शासन की इतनी सारी योजनाओं का कैसे अध्ययन किया जाए? ऐसे विषयों से संबंधित डेटा के लिए प्रमाणिक स्त्रोत क्या होना चाहिए? श्री राणा ने बताया कि यह पत्रिका हम प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे परीक्षार्थियों के लिए बहुत ही उपयोगी है। इस पत्रिका में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं-कार्यक्रमों का समायोजन किया गया है।

जिसे पढ़कर हम अपने सामान्य ज्ञान में वृद्धि कर सकते हैं। इस पत्रिका के प्रकाशन के लिए हम प्रधान संपादक एवं जनसंपर्क विभाग की टीम को धन्यवाद देते हैं।

वहीं कोयलीबेड़ा निवासी शिवनाथ ध्रुव ने बताया कि जनमन पत्रिका सरकार के दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है और प्रमाणित आकड़े और विश्लेषण भी प्रदान करता हैं।

निबंध तैयारी के लिए ये पत्रिका बहुत अच्छा स्त्रोत हैं। आप इसमें हाल ही में शुरू की गई सरकारी योजनाओं, सरकारी पहल, नीतिगत पहल आदि के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

दिसम्बर माह में प्रकाशित हुई यह जनमन पत्रिका प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने युवाओं के लिए बहुपयोगी सिद्ध होगी।

बता दें कि राज्य शासन की नीतियों, योजनाओं-कार्यक्रमों तथा अभियानों को जनता तक पंहुचाने के लिए राज्य सरकार के मुखपत्र के रूप में एक मासिक पत्रिका छत्तीसगढ़ जनमन की शुरुआत की गई है। यह पत्रिका कई वर्षों से जनसम्पर्क विभाग द्वारा प्रकाशित की जाती रही है, जो अलग-अलग परिस्थितियों में अलग-अलग रूपों तथा अलग-अलग कालखण्डों में प्रकाशित होती है।

इस पत्रिका का वितरण राज्य के सभी कार्यालयों, संस्थाओं, ग्राम पंचायतों, पुस्तकालयों, कॉलेजों में निःशुल्क किया जाता है।

# तुर्की का प्याज और झारखंड का मटर पहुंचा बस्तर के बाजार में



पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

बस्तर संभाग में भी मानसून का असर देखने को मिला है। यहां प्याज और हरी सब्जियों के मूल्य बेतहाशा बढ़ गये थे। प्याज 120 रूपये से ऊपर तक पहुंच गया था। इन दिनों जगदलपुर के बाजार में तुर्की के प्याज से लेकर झारखंड के मटर के पहुंचने से मटर के मूल्य में कुछ कमी आई है। टमाटर की स्थानीय आवक ने शकाहारियों को राहत मिली है।

तुर्की से प्याज के आयत के बाद बस्तर में भी तुर्की का प्याज पहुंच गया है। यहां प्याज फिलहाल 90-100 रूपए के बीच प्रति किलो बेची जा रही है। इधर मटर के दाम 40 से 60 रूपए प्रतिकलो की दर से सुलभ है। टमाटर तो 20 रूपये में डेढ़ किलो तक मिलने लगा है। हरी सब्जियों की आवक भरपूर होने से रसोई में महक बढ़ जा रही है। पिछले कई दिनों से इसके प्रति किलो दाम 30 से 40 रूपए तक पहुंच चुके हैं।

अदरक, लहसून के मूल्य भी बहुत ज्यादा बढ़ गये हैं। फूलगोभी 40 रूपए किलो, परवल 80 रूपए किलो, गाजर 50 रूपए किलो, बैंगन 20 रूपए किलो, पत्तागोभी 30 रूपए किलो, भिंडी 60 रूपए किलो, सेमी 40 रूपए किलो, बींस 30 रूपए किलो, करेला 40 रूपए किलो, टमाटर 20 रूपए किलो है। झारखंड से मटर के जगदलपुर पहुंचने पर इसकी भी कीमत कुछ कम हुई है। मटर इन दिनों 40 से 50 रूपये किलो बेची जा रही है।

# बारसूर नवोदय विद्यालय में गायत्री परिवार ने आयोजित की छात्रों की कार्यशाला

पायनियर संवाददाता ◄ गीदम
www.dailypioneer.com

ब्लाक के बारसुर नवोदय विद्यालय में बच्चों के लिए गायत्री परिवार द्वारा ऊषापान, बुद्धि बढ़ाने वैज्ञानिक उपाय व व्यक्तित्व परिष्कार के लिए कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में बच्चो को योग , नशा मुक्ति अभियान, अपना व्यक्तित्व अच्छा बनाए रखने समेत तमाम जानकारियां दी गई। यह कार्यशाला शांतिकुंज हरिद्वार में स्थित देव संस्कृति विश्वविद्यालय के छात्र आनन्द गुप्ता, अंकुर व मनोज कुमार ने किया। यह तीनों छात्र विश्वविद्यालय में योग विज्ञान, मानव चेतना विज्ञान, योग शास्त्र व समय अर्थ प्रबंधन विषयों पर





शिक्षा ग्रहण कर रहे है। गायत्री परिवार के मुताबिक विश्वविद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों को देश भर में भ्रमण कर इस तरह की कार्यशाला आयोजित करवानी पड़ती है। इसी कड़ी में यह तीनों छात्र बारसूर नवोदय विद्यालय में यह कार्यशाला आयोजित की। यहां बच्चों को योगाभ्यास कराया गया। नशे से होने वाले दुष्परिणाम बताए गए। वही बच्चों को बताया गया कि मनुष्य को बुराइयों से दूर रहना चाहिए अपने कमजोरियों को ढूढ़कर उसका त्याग करना चाहिए वही अपना व्यक्तित्व हमेशा अच्छा बनाए रखना चाहिए। कार्यशाला समापन के बाद विद्यालय के प्राचार्य ने गायत्री परिवार के छात्रों को प्रमाण पत्र देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### जिले में धारा 144 लागू

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के.डी. कुंजाम द्वारा दिनांक 23 दिसम्बर के तहत् निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 30 दिसम्बर से त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2019-20 की कार्यवाही तीन चरणों में प्रारंभ होगी। जिसके अनुसार जिले के त्रिस्तरीय पंचायत हेतु मतदान प्रथम चरण 28 जनवरी व द्वितीय चरण दिनांक 31 जनवरी एवं तृतीय चरण 3 फरवरी को नियत की गई है तथा मतगणना की तारीख ग्राम पंचायतों की मतगणना मतदान के तुरंत पश्चात् एवं जनपद पंचायत/जिला पंचायत की मतगणना 6 फरवरी तक पूर्ण किया जाना है। त्रिस्तरीय पंचायत के आम निर्वाचन 2019-20 में चुनाव संबंधी कार्यवाही पूर्ण रुपेण शांतिपूर्वक एवं मतदाताओं को अपने मतों का प्रयोग बिना किसी डर भय एवं दबाव के निर्भिकता पूर्वक करने के लिए कानून व्यवस्था बनाये रखने का उत्तरदायित्व जिला प्रशासन का है।

# नामनिर्देशन पत्र प्राप्त करने ग्राम पंचायतों का बनाया गया कलस्टर

पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com

नाम निर्देशन पत्र करने हेतु ग्राम पंचायतों का कलस्टर बनाया गया है, जहॉं पर विभिन्न ग्राम पंचायतों के नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किये जायेंगे। इसके लिए कलस्टरवार नाम निर्देशन केन्द्र बनाये गये है तथा नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने के लिए सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। कांकेर विकासखण्ड में नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने के लिए 10 कलस्टर बनाये गये हैं तथा सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। सामुदायिक भवन सिंगारभाट में ग्राम पंचायत सिंगारभाट, आतुरगांव, कुलगांव, मोहपुर, व्यासकोंगेरा, कोदाभाट इत्यादि ग्राम पंचायतों के नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किये जायेंगे, जिसके लिए सुशील कुमार देवांगन, उप अभियंता जल ससाधन, उपसंभाग कांकेर को सहायक रिटर्निंग आफिसर नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार राजीव गांधी सेवा केन्द्र इच्छापुर में ग्राम पंचायत ईच्छापुर, गढ़पिछावाड़ी, नवागांव भावगीर, मर्दापोटी, ईरादाह, मनकेसरी से संबंधित नाम निर्देशन पत्र लिया जाएगा, जिसके लिए कोमलसिंह ठाकुर, सहायक विकास विस्तार अधिकारी जनपंचायत कांकेर को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर बनाया गया है। पंचायत भवन मालगांव में ग्राम पंचायत मालगांव, कोकपुर, कोड़ेजुंगा, अर्जुनी, ठेल्काबोड़, माटवाड़ालाल से संबंधित नाम निर्देशन पत्र लिया जायेगा, जिसके लिए आर.के. नायक, सहायक विकास विस्तार अधिकारी जनपंचायत कांकेर को रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। राजीव गांधी सेवा केन्द्र धनेलीकन्हार में ग्राम पंचायत धनेलीकन्हार, कन्हारपुरी, आलबेड़ा, तेलावट, बारदेवरी, किरगोली के नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किये जायेंगे, जिसके लिए आर.के. जैन, सहायक विकास विस्तार अधिकारी जनपंचायत कांकेर को रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। राजीव गांधी सेवा केन्द्र कुरिष्टीकुर में ग्राम पंचायत कुरिष्टीकुर, पीढ़ापाल, मुरागांव, तुलतुली, मांदरी, मोदे के नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किये जायेंगे, जिसके लिए पंकज देवांगन, उप अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा कांकेर को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। सामुदायिक भवन मरकाटोला में ग्राम पंचायत मरकाटोला, सुरेली, कापसी, डोमाहर्रा, भैराडीह, तालाकुर्रा के नाम निर्देश पत्र प्राप्त किये जायेंगे, जिसके लिए एम.के. गुप्ता, उप अभियंता जल संसधान, उप संभाग कांकेर क्र. 01 को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर बनाया गया है। राजीव गांधी सेवा केन्द्र पोटगांव में ग्राम पंचायत पोटगांव, बाबूदबेना, अण्डी, कोकानपुर, केवटीनटोला, कोदागांव के नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किये जायेंगे, जिसके लिए त्रिभुवन ध्रुव, परियोजना अधिकारी, महिला बाल विकास कांकेर को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। राजीव गांधी सेवा केन्द्र माकड़ीखूना में ग्राम पंचायत पाण्डरवाही, नाथिया नवागांव, पेटोली, माकड़ीखूना, माकड़ी सिंगराय, कोकड़ी, नारा, बागोडार के नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किये जायेंगे।

# जियो टावर में लगा 3.50लाख रूपये की बैटरी चोरी, आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com

भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रानीडोंगरी में लगे जियो टावर में तोड़ फोड़ करते हुए उसमें लगे तीन नग बैटरी कीमत करीब 3.50 लाख रूपये को रात करीब 11 बजे चोरी करने वाले दो चोर को गांव वालों ने पकडक़र पुलिस को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार ग्राम भानबेड़ा निवासी खिलेश्वर टांडिया ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 28 दिसम्बर को रात करीब 11 बजे ग्राम रानीडोंगरी में लगा जियो टावर के गेट को तोडक़र उसमें लगे तीन नग बैटरी जिसकी किमत करीब 3 लाख 50 हजार रूपये को चोरी कर अपने मोटरसायकल में ले जाते हुए ग्रामीणों ने देखा और उसे भागने से पहले ही ग्रामीणों ने घेराबंदी करते हुए दोनों चोरों को दबोच लिया।



ग्रामीणों की पुछताछ में अपना नाम अफ्जल मलिक पिता ईमामी और शान मोहम्मद पिता अली हसन निवासी संजय नगर कांकेर बताया। दोनों ही आरोपी को ग्रामीणों ने पुलिस को सौंप दिया। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर उनको न्यायालय पेश किया।

# आज जिला कांग्रेस की बैठक

**कांकेर।** 30 दिसम्बर को दोपहर 02बजे , विधायक निवास कांकेर में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारी हेतु विधायक शिशुपाल शोरी अनूप नाग विधायक अंतागढ़ की उपस्थिति तथा कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरनेक सिंह औजला के अध्यक्षता में जिला कांग्रेस कमेटी पदाधिकारियो , कार्यकारिणी सदस्यों, निर्वाचित जन प्रतिनिधियों की आवश्यक बैठक आहूत की गई है। जिला कांग्रेस प्रवक्ता सुनील गोस्वामी ने बताया कि उक्त बैठक में प्रमुख रूप से जिले के समस्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षगण, पूर्व विधायक/ पूर्व सांसद, प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारियों/ पीसीसी प्रतिनिधि, कांग्रेस के सभी प्रकोष्ठ के प्रमुख पदाधिकारीगण शामिल होंगे। उक्त बैठक में सभी विधायक, पूर्व विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष/सदस्य व पूर्व अध्यक्ष, पीसीसी पदाधिकारी/सदस्य, -ब्लाक कांग्रेस कमेटी के समस्त अध्यक्षगण, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल, किसान कांग्रेस, विधि विभाग, इंटुक एवं सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष व पदाधिकारीगण, त्रिस्तरीय पंचायतीराज व नगरीय निकाय के निर्वाचित प्रतिनिधगण, सहकारिता क्षेत्र के प्रतिनिधि सहित सभी कांग्रेसजनों को उपस्थित होने की अपील की गई है।

# अमुजूरी विश्वनाथ शिक्षक संपर्क अधिकारी चुने गए

पायनियर संवाददाता ◄ गीदम
www.dailypioneer.com




अमेरिका के कोलोराडो स्प्रिंग्स के स्पेस फाउंडेशन ने शिक्षक संपर्क कार्यक्रम (टीएलपी) में शामिल होने के लिए भारत के पांच शिक्षकों सहित दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 27 उत्कृष्ट शिक्षकों का चयन किया है। यह सूचना द स्पेस फाउंडेशन डिस्कवरी सेंटर, कोलोराडो स्प्रिंग्स, यूएसए से प्रकाशित हुआ है। शिक्षकों को अंतरिक्ष और विज्ञान शिक्षा के सक्रिय कार्य के लिए चुना गया था। स्पेस फाउंडेशन ने भारत के ऊर्जावान, कर्मठ और प्रतिभावान शिक्षक अमुजूरी बिश्वनाथ को 16-19 उड़ान के साथ शिक्षक संपर्क कार्यक्रम के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक संपर्क अधिकारी (आईटीएलओ) के रूप में चुना है। अमुजूरी बिश्वनाथ ने स्वर्गीय ईश्वर राव और रत्न कुमारी के ज्योष्ठ पुत्र है। वर्तमान में वे छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा



जिले के जावंगा एजुकेशन सिटी में स्तिथ आस्था विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल में शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं। बिश्वनाथ ने भारतीय विज्ञान कांग्रेस संस्था, विज्ञान व तकनीकी मंत्रालय, भारत सरकार के आजीवन सदस्य है।

अमुजूरी बिश्वनाथ ने छत्तीसगढ़ से केवल एक ही शिक्षक हैं, जिन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्पेस फाउंडेशन के अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक संपर्क अधिकारी के रूप में चयन किया है। उन्हें कराह बर्बरीक, शिक्षक संपर्क समन्वयक, स्पेस फाउंडेशन, कोलोराडो स्प्रिंग्स, यूएसए से आधिकारिक मान्यता पत्र प्राप्त हुआ है। अमुजूरी बिश्वनाथ सक्रिय रूप से विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, कला और गणित (स्टीम) आधारित कार्यों और नवाचारों में शामिल हैं। वह कई सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों के साथ मिलकर शिक्षा, विकास, जागरूकता पैदा करने, मानव व समाज कल्याण के साथ साथ ब्रह्मांड को विकसित करने के लिए काम करता है।

सन् 2004 में स्पेस फाउंडेशन द्वारा शुरू किया गया, शिक्षक संपर्क कार्यक्रम (टीएलपी) अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अंतरिक्ष और विज्ञान शिक्षा को प्रभावित करता है। शिक्षक संपर्क अधिकारियों ने अंतरिक्ष शिक्षा आधारित अधिवक्ताओं के रूप में काम करते हैं और अंतरिक्ष सिद्धांतों को आगे बढ़ाने के लिए स्पेस फाउंडेशन द्वारा प्रदान किए गए प्रशिक्षण और संसाधनों का उपयोग करते हैं।





# कोरर में सामूहिक भागवत कथा प्रारम्भ

**कांकेर।** कोरर में सामूहिक भव्य श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान वर्षा की शुरुवात गाँव की आराध्य देवी माँ शीतला मंदिर से कलस यात्रा के साथ मे मनमोहक झांकी के माध्यम से नगर भ्रमण करते हुवे, समापन भागवत कथा पंडाल पर हुवा,उसके पश्चात पहले दिन की कथा वृंदावन से पधारे दीपक कृष्ण महाराज के मुखारविंद से प्रारम्भ हुवी, उन्होंने प्रथम दिवस बताया कि भगवान श्रीकृष्ण की कथा महात्म्य किया,क्यों सुनी जाती है भागवत कथा ,इसको सुनने से क्या लाभ होता है,सूत जी ने सभी संतो को भागवत सुनाई और सभी भक्तों ने श्रष्ण की, उन्होनो आगे सुकदेव जी एवं राजा परीक्षित की कथा भी सुनाई गई।

## पशुधन और पारंपरिक खेती जैविक उत्पाद का आधार

# विलुप्त होती जा रही है धान मिंजाई की परंपरागत तकनीक

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सहित बस्तर संभाग को भी धान का कटोरा कहा जाता है। बदलते समय के साथ धान की मिंजाई का परंपरागत तरीका विलुप्त होते जा रहा है। इसके स्थान पर आधुनिक मशीने ट्रेक्टर और थ्रेसर लेने लगी है। बस्तर संभाग में आज भी परंपरागत तरीके से धान का मिंजाई करने का यह तरीका जिसमें पशुधन से धान की मिंजाई की जाती है, अब सिर्फ बस्तर के गांवो में ही बची हुई है। पशुधन और परंपरागित खेती को बचाये बिना जैविक खेती की परिकल्पना नहीं की जा सकती है। बस्तर संभाग के अधिकांश गांवों में खेती की पुरानी परंपरागत तरीके अब आधुनिकता की भेंट चढ़ चुके है। नयी तकनीकों ने कृषि में उत्पादन एवं सरलता को नये आयाम तो दिये ही हैं, लेकिन बस्तर संभाग के अंदरूनी गांवों में परंपरागत तरीके से धान की मिंजाई का कार्य आज भी किसान करते देखे जा सकते हैं। पशुधन के माध्यम से धान की मिंजाई का कार्य किया जाना जैविक कृषि के लिए अत्यंत आवश्यक है। जिसे संरक्षित करने की दिशा में शासन को समुचित कदम उठाये जाने की आवश्यकता है। बगैर पशुधन के जैविक कृषि की कल्पना नहीं की जा सकती है। ट्रैक्टर के प्रयोग ने गोवंश की उपयोगिता को खत्म किया तो वहीं धान मिंजाई में भी गोवंश का स्थान ट्रेक्टर और थ्रेसर ने ले लिया है।

बस्तर संभाग में आज भी खेती की पुरानी परंपरागत तकनीक प्रचलित है। ट्रैक्टर की सुलभता के कारण हल से खेत की जुताई निंदाई के दृश्य तो अब कम ही दिखते है किन्तु गांवों में धान मिंजाई का काम अभी भी पशुधन के जरिये ही किया जाता है। बस्तर का जैविक उत्पाद बस्तर के नाम से देश ही नहीं विदेशों तक अपनी पहचान रखता है। बस्तर के नाम पर बहुत से उत्पाद हाथों-हाथ बड़ी कीमत पर बड़े शहरों में बेचे जा रहे हैं। इसके अलावा बस्तर के जंगलों में प्राकृतिक रूप से पाये जाने वाले आयुर्वेद की दवायें भी देश विदेश तक ख्याति प्राप्त है।

बस्तर के जैविक खेती को बचाने के लिए प्रयाप्त अवसर और साधन उपलब्ध हैं। पशुधन का संरक्षण छत्तीसगढ़ की सरकार करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। इसके क्रियान्वयन के लिए यह आवश्यक है कि बस्तर की पारंपरिक खेती को संरक्षण के साथ ही पशुधन के संरक्षण के दिशा में उचित कार्य करने की आवश्यकता है।

### दो बाइक में जोरदार भिड़ंत 4 घायल 2 गम्भीर



**कांकेर।** भानुप्रतापपुर-कांकेर मार्ग पर रानवाही के आगे दो मोटरसाइकिल में जबरदस्त भिड़ंत हुईदोनो बाईक सवारों को गंभीर चोटें आई है दोनो की रफ्तार अधिक होने के कारण हुई दुर्घटना सभी 4 घायलों को पुलिस वाहन में भानुप्रतापपुर अस्पताल लाया गया है। जहां 2 की हालत चिंताजनक बनी हुई है। भोला मरकाम रमेश नाग डोंगरीपारा भानुप्रतापपुर के एवं परिवेश महावीर ओर रमेश महावीर कुंहचे अंतागढ़ के बताए जा रहे हैं।

# नगर पालिका अधिकारी आर.पी. नेताम ने गार्बेज क्लीनिंग सेंटर की दी जानकारी

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

नगर पालिका परिषद किरन्दुल के मुख्य नगर पालिका अधिकारी आर.पी. नेताम तथा लोमान सिन्हा सुपरवाइजर एवं योगेश पांडे पीआईयू ने गार्बेज क्लीनिंग सेंटर के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि वर्तमान में इसमें 32 महिलायें कार्यरत हैं।

नगर के 18 वार्डों में से 12 में नगर पालिका परिषद के स्वच्छता दीदीयों द्वारा डोर टू डोर सूखे कचरे का रिसायकलिंग कर समूह द्वारा विक्रय किया जा रहा है, इसी तरह गीले कचरे से खाद बनाकर बेचा जा रहा है, जिससे स्वच्छता के साथ



साथ आय भी हो रही है। शेष वार्डों में एनएमडीसी के सफाई कर्मचारियों द्वारा सेंटर लाया जाता है।

वर्तमान में सूखे कचरे से समूह की महिलाओं को विक्रय से 2.30 लाख की आय व गीले कचरे से खाद बनाकर विक्रय करने पर लगभग 25 हजार की आय हुई है। वर्तमान में सेंटर में 4 टन खाद विक्रय हेतु बनकर तैयार है, जिसे कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति खरीद सकता है।

## क्विक न्यूज

### रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति में आंशिक संशोधन

**धमतरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत निर्वाचन रजत बंसल ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत जिले में तैनात रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति में आंशिक संशोधन किया है। मिली जानकारी के मुताबिक जनपद पंचायत क्षेत्र धमतरी के लिए नायब तहसीलदार ज्योति मसियारे को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह जनपद पंचायत कुरूद के लिए तहसीलदार कुरूद भूपेन्द्र गावड़े, जनपद पंचायत मगरलोड में तहसीलदार मगरलोड हेमलता डहरिया और जनपद पंचायत क्षेत्र नगरी के लिए नायब तहसीलदार नगरी एन एल साहू को रिटर्निंग अधिकारी बनाया गया है।

### नवनिर्वाचित पार्षदों का प्रथम सम्मिलन 6 से 08 जनवरी तक

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रजत बंसल ने नवनिर्वाचित पार्षदों का प्रथम सम्मिलन तथा अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया है। इनमें नगर पंचायत आमदी के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धमतरी मनीष मिश्राए नगरी के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नगरी सुनील शर्मा और नगर पंचायत कुरूद, मगरलोड और भखारा के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुरूद योगिता देवांगन को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही नवनिर्वाचित पार्षदों का प्रथम सम्मिलन की तिथि तय की गई है। इसके तहत आगामी 06 जनवरी 2020 को नगर पंचायत नगरी और मगरलोड के पार्षदों का प्रथम सम्मिलन होगा। इसी तरह 07 जनवरी को नगर पंचायत आमदी और नगर पंचायत भखारा तथा 08 जनवरी को नगर पंचायत कुरूद के पार्षदों का प्रथम सम्मिलन आयोजित किया जाएगा।

# बहरों की अदालत में गूंगों की गवाही है, अन्याय ही अन्याय है, तबाही ही तबाही है : शर्मा

## रासेयो के तहत अमेरा में हुआ कवि सम्मेलन नववर्ष कलैण्डर का भी हुआ विमोचन

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



ग्राम अमेरा में आयोजित शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के पांचवे दिन 29 दिसम्बर को कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं साहित्यकार सुरेन्द्र शर्मा उपस्थित थे। वहीं समारोह की अध्यक्षता कवि गोविंदराम वर्मा ने किया। जहां विशेष अतिथि के रूप में स्काउट गाईड संघ के जिला अध्यक्ष रामाधार पटेल, मुरारी साहू, डॉ.एसएम पाध्ये उपस्थित थे। कवि सम्मेलन का संचालन कवि एवं शिक्षाविद संदीप पाण्डेय ने किया। कवियों एवं अतिथियों का स्वागत शिविर प्रभारी डॉ.सुनीता त्यागी एवं अतिथि प्राध्यापक कार्तिक पटेल तथा छात्राओं ने किया।

कवि सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुरेन्द्र शर्मा ने अपने कविता के माध्यम से समाज के दूषित वातावरण पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा ''बहरों की आदालत में गूंगो की गवाही है, अन्याय ही अन्याय है, तबाही ही तबाही है।'' श्री शर्मा ने छात्राओं को सशक्त बनने और हर बुराई के खिलाफ लड़ने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर रामाधार पटेल ने काव्यात्मक अनुभूति के माध्यम से ऊर्जा का संचार करते हुए कहा ''नई सोच नई चेतना बहुत जरूरी है, अनुशासन अध्ययन प्रगति बहुत जरूरी है।'' गोंविदराम वर्मा ने अपनेपन के महत्व को याद करते हुए कहा ''जंगल में रहते-रहते मधुमास बीत गया, अब तो घर चलना होगा, प्यार जहां की अमिट धरोहर अपनो में ढलना होगा। संदीप पाण्डेय ने ''बदलने को जहां खुद को बदलना पड़ता है, हासिल करनी हो खुशबु तो कांटो पर चलना पड़ता है'' के माध्यम से संघर्ष करने की बात कही।

ईमामी सीमेंट से आये रामस्वरूप वर्मा ने ''सपना मा अपन मुकाम के गढहईया, हमर छत्तीसगढिया हमर छत्तीसगढिया''इस कविता के माध्यम से छत्तीसगढ़ियों के कर्मशीलता का स्मरण किया। वरिष्ठ कवि रमाकांत झा ने विज्ञान एवं साहित्य के समन्वय की कविता से सबका मन मोह लिया। सालिकराम सेन ने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा ''पिचगोल दो रे, पिचगोल दो, पापी पाकि ला पिचगोल दो'' ओमप्रकाश कोशले ने सैनिक के जीवन की कठिनाईयों को मार्मिक ढंग से कविता के माध्यम से प्रस्तुत किया। डॉ. टी.आर.साहू ने गुरूघासीदास बाबा के व्यक्तित्व व कृतित्व का स्मरण अपने कविता के माध्यम से किया। कुकुरदी से अनील कुमार जांगड़े ने ''भूत बैठका'' कविता के द्वारा बेजा कब्जा की समस्या को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डॉ. एसएम पाध्ये ने छात्राओं को शिविर की महत्व को बताते हुए सम्पूर्ण व्यक्तिव विकास के लिए प्रेंरित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.सुनीता त्यागी के द्वारा कार्ययोजना की जानकारी देते हुए आभार प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर नववर्ष कलैण्डर का भी विमोचन अतिथियों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राएं एवं ग्रामवासी बडी संख्या में उपस्थित थे।



# पांच दिवसीय जयंती समारोह का शुभारंभ किया विधायक राय ने

वपायनियर संवाददाता < सरसीवां
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत जुनवानी में आयोजित पांच दिवसीय गुरुघासीदास बाबा जयन्ती समारोह का शुभारंभ क्षेत्रिय विधायक चंद्र देव राय ने जैत खाम का पूजा अर्चना कर किया। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए विधायक राय ने कहा कि बाबा गुरूघासी दास जी ने मानव समाज को जागृत करने एक संदेश दिये है लोग नशा ए मांस मदिरा सहित समाजिक बुराईयों से दूर रहे ताकि परिवार व समाज आगे बढ सके । आज छत्तीसगढ़ सरकार बाबा जी के बताये मार्ग चल रहे है और मानव मानव एक समान के अनुरूप हर वर्ग के लोगो का राशन कार्ड बनाने का काम किया हैए इसमे गरीब अमीर की भेद भाव नही है। छत्तीसगढ़ पहला राज्य है हिन्दुस्तान में जहां पहली बार किसानो का धान को 2500 रूपये समर्थन मूल्य खरीदा जा रहा है।

सभी वर्ग के लोग आज खुशहाल जीवन छत्तीसगढ़ में व्यतीत कर रहे है। राय ने आगे कहा कि आप सभी 47वां वर्ष बाबा जी का यह जयन्ती गांव मे मना रहे है। बाबा जी के बताये मार्ग पर चले शिक्षा को बढावा दे ए नशा पान मांस मदिरा से दूर रहे निश्चित ही परिवार के साथ साथ समाज के विकास में यह कदम कागर साबित होगा।

इस मौके पर मुद्रिका राय सभापति जनपद बिलाईगढ़, भोजबाई केवट सरपंच, सूकदेव निषाद, सहदेव सिंह सिदार, इंजीनियर लता जाटवर, लहाराम रत्नाकर, बबला केशरवानी उप सरपंच सरसीवा, अविनाश बंजार, राजकिरण लहर, राजकुमार टण्डन, महेन्द्र बंजारे, हुलेश टण्डन, गनपत बंजारे, मालिक राम संभ्मू पुरैना सहित आदि लोग शामिल रहे।

# बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने संगठन के विस्तार के लिए झीपन का किया दौरा

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल बलौदाबाजार के कार्यकर्ताओं जिला अध्यक्ष प्रभारी अभिषेक तिवारी(मिकी),जिला मंत्री राजेश केशरवानी(बाबा),सेवा प्रमुख विनय गुप्ता, कोषाध्यक्ष शिवप्रकाश तिवारी, पूर्व संयोजक बजरंग दल हेमंत वर्मा द्वारा ग्राम झीपन (सुहेला)का संगठन के विस्तार एवं सनातन धर्म के प्रचार के संबंध में दौरा किया गया।

जिसके दौरान उनकी मुलाकात झीपन के रहने वाले हरिश कुमार वर्मा पिता स्व.ब्रिजलाल वर्मा से हुई ये वही हरिश कुमार वर्मा हैं जिनके दयनीय स्थिति के विषय में कुछ माह पूर्व समाचार पत्रों एवं चैनलों में दिखाया बताया गया था उस वक्त शासन,प्रशासन एवं गांव के सरपंच द्वारा उन्हें आश्वासन दिया गया था की उनके पूर्णतः जर्जर हो चुके मकान को बनवाया जाएगा एवं शासन द्वारा उन्हें हरसंभव मदद की जाएगी लेकिन इन सब के बावजूद घर के नाम पर सिर्फ शौचालय ही बन पाया और 300/-महिना निराश्रित पेंशन प्रारंभ की गई जो पिछले 3 माह से नही दी गई है,हरिश कुमार वर्मा शारिरिक रूप से विकलांग हैं।

जिसके चलते कुछ कार्य नही कर सकते एवं उनकी माता श्री मती अंजनी बाई वर्मा भी उम्रदराज हैं जिसके कारण कोई भी बाहरी कार्य करने में अक्षम हैं दोनों ही अपनी आजीविका गांव में भीख मांगकर या ग्रामीणों की सहायता से पूरी करते हैं ना ही उनके सिर पर अपनी छत है और ना ही कंपकंपा देने वाली ठंड में बचाव के लिए कपड़े।

# बिलाईगढ़ ब्लॉक में 11 सेक्टर बनाए गए, प्रथम चरण में 28 को मतदान

पायनियर संवाददाता < सरसीवां
www.dailypioneer.com

विकासखंड बिलाईगढ़ में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए 11 केंद्र बनाए गए हैं जहां सरपंच एवँ पंच पद के लिए नामांकन प्रक्रिया भरे जा रहे हैं ।

बलौदाबाजार जिला के अंतर्गत बिलाईगढ़ ब्लॉक में प्रथम चरण 28 जनवरी को मतदान होना है । इसके तहत नामांकन प्रक्रिया की शुरुआत हो गई है। बिलाईगढ़ ब्लाक में कुल 11 केंद्र क्रमशः सरसीवा, बिलासपुर, सोहागपुर, गिरसा, जमगहन, नगरदा, टुन्द्री, पवनी, बिलाईगढ़ एवं धनसीर को बनाया गया है । जहां नामांकन प्रारंभ हो गया है । केंद्र सरसीवा में 12 पंचायत क्रमशः सरसीवा, भिनोदा, मुच्छमल्दा, मधाईभाठा, चकरदा,



कोदवा, पिपरडुला, बम्हनपुरी, तिलाइपाली, पिकरीपाली, झुमका एवं सेंदुरस को शामिल किया गया है । इन सभी पंचायत के सरपंच एव पंच पद हेतु नामांकन भरा जा रहा है। जिसके प्रभारी के एस पैकरा उद्यानिकी विभाग के साथ ही सहायक अधिकारी के रूप में शिक्षक द्वय मुरलीधर प्रजापति एवं मुन्नालाल साहू के साथ ही संबधित पंचायत के सचिव को बनाया गया है। आज पहला दिन सरसीवा केन्द्र में पंच हेतु 35 एवं सरपंच पद हेतु 10 आवेदन पत्र की बिक्री हुई । नामांकन प्रकिया की अंतिम तारीख 06 जनवरी एवं जांच 07 जनवरी एवं नाम वापसी 09 जनवरी के साथ ही छाप व चिन्ह वितरित किया जाएगा । एवं मतदान मतगणना 28 जनवरी है । सरसीवां में 5138 मतदाता है जहां सरपंच पद हेतु अजा वर्ग के लिये आरक्षित है ।

# अवैध शराब कोचियों के खिलाफ छापामार कार्यवाही से हड़कम्प

■ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर हो रही है कार्यवाही

पायनियर संवाददाता < सरसीवां
www.dailypioneer.com

बेलाडुला अंचल में लगातार पुलिस कार्यवाही से अवैध शराब कोचियों में हड़कम्प मचा हुआ है। स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार के निर्देशन एवं एसडीओपी बिलाईगढ़ के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी बेलाडुला द्वारा टीम बनाकर लगातार कार्यवाही किया जा रहा है । स्थानीय पुलिस विभाग द्वारा टीम के साथ ही मुखबिर की सूचना में पर लगातार कार्यवाही की जा रही है जिससे अवैध कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है ।चौकी प्रभारी जे एल वर्मा से प्राप्त जानकारी के अनुसार चौकी अंतर्गत ग्राम रणकोट में गिटपर्री मोड़ के पास एक 27 वर्षीय नवयुवक हाथ से बना शराब लगभग 25 लीटर कीमत 2500.00 को लेकर ग्राहक के इंतजार में था। जिसे मुखबिर की सूचना पर रणकोट निवासी सुखचंद्र बरिहा पिता लोकनाथ बरिहा को



शराब के साथ पकड़ा गया । जिसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया । इस कार्यवाही में आरक्षक द्वय क्रमशः अमित खूंटे, जितेंद्र साहू, प्रकाश भारद्वाज, राजू साहू एवं चंदन दिवाकर की विशेष भूमिका रहा ।

# शहर के पांच चौक-चौराहों पर की गई अलाव जलाने की व्यवस्था

**रैन बसेरा में कंबल-चादर रखने के निर्देश**

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

जिला सहित प्रदेश भर में शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कलेक्टरों को प्रमुख स्थानों में अलाव जलाने तथा रैन बसेरा, नाइट शेल्टर में पर्याप्त मात्रा में कंबल, चादर सहित अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इसी तारतम्य में कलेक्टर रजत बंसल ने अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने व रैन बसेरा में कंबल चादर सहित जरूरी चीजों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

जिसके परिपालन में नगरपालिक निगम धमतरी क्षेत्रांतर्गत पांच प्रमुख स्थानों में अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है। नगर निगम के आयुक्त आशीष टिकरिहा ने बताया



कि पिछले कुछ दिनों से शीतलहर के प्रकोप को दृष्टिगत करते हुए नगर पालिक निगम क्षेत्र में स्थित नया बस स्टैण्ड, जिला अस्पताल के समीप, सिहावा चौक, जोधापुर चौक तथा सिहावा मार्ग पर स्थित फायर ब्रिगेड कार्यालय के सामने अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है। इन जगहों पर शाम होते ही प्रतिदिन अलाव जलाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि शहर में कुछ और भी जगहों को चिन्हांकित किया गया है, जहां पर अलाव जलाने की व्यवस्था निगम प्रशासन द्वारा की जा रही है। इसके अलावा बस स्टैण्ड परिसर में स्थित रैन बसेरा में गर्म कंबल, चादर, बेडशीट आदि आवश्यक सामग्रियों की व्यवस्था की गई है।

# छत्तीसगढ़ी फिल्म ससुराल 3 जनवरी नववर्ष को रिलीज होगी

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ी फिल्म के प्रमोशन के लिए आए कलाकारों ने होटल मारुति में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया छत्तीसगढ़ी फिल्म ससुराल नए वर्ष में 3 जनवरी को प्रदर्शित होगी फिल्म पारिवारिक ताने-बाने रीति-रिवाजों से परिपूर्ण है करण खान एवं सोनाली सहारे व टीकम सिंह प्रगति राव 3 जनवरी को बलौदाबाजार शिवा हॉलीवुड में तथा प्रदेश की सभी सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान फिल्म के निर्माता सागर एवं मदन ने फिल्म ससुराल को लेकर कहा कि इस फिल्म के गाने व ट्रेलर यूट्यूब में काफी चर्चित हो रहे हैं फिल्म सिंगर एवं संगीतकार सुनील सोनी ने सभी गानों को कर्णप्रिय बनाया है फिल्म में उपेंद्र सिंह का हमेशा की तरह बेहतरीन किराएदार का रोल है खासकर इस फिल्म में उनके बेटे के रोल में अजय पटेल युवा विलेन के रूप में उभर कर आए हैं।

भिलाई के वरिष्ठ अदाकार प्रदीप शर्मा ललित उपाध्याय उपासना वैष्णव कलाकार भी अपनी बेहतरीन अदाकारी इस फिल्म में एक मिसाल कायम करेगी सलीम अंसारी संतोष निषाद मोहन चौहान दर्शकों को हंसा हंसा कर लोटपोट कर देंगे वही पहली बार मनीषा वर्मा की बेहतरीन कॉमेडी भी देखने को मिलेगी मां कामना फिल्म शिवरीनारायण के बैनर तले निर्मित निर्देशित किया है फिल्में मैं कैमरा चलाया है लक्ष्मण यादव ने एडिटिंग विश्वकर्मा पोस्ट प्रोडक्शन कामना फिल्म ने किया है शूटिंग शिवरीनारायण जांजगीर चांपा के गांव के हसीन वादियों में की गई है ।

## श्रीकृष्ण रुक्मणी विवाह का भी वर्णन, भव्य बारात निकली

# रासलीला के माध्यम से प्रभु ने किया है अलौकिक प्रेम का वर्णन : पांडेय

पायनियर संवाददाता < सरसीवां
www.dailypioneer.com

रासलीला के माध्यम से प्रभु ने अलौकिक प्रेम का वर्णन की है । काम के बीच में रहकर काम पर विजय पाना ही रासलीला की महत्ता है। आज श्रीमद भागवत कथा के सातवें दिन व्यासपीठ से कथा वाचक पं मनोज पांडेय ने महारास का वर्णन करते हुए कहा कि काम के बीच में रहकर काम पर विजय पाना ही रासलीला की महत्ता है। भगवान कृष्ण हजार गोपियों के बीच में रहते हुए भी कामदेव पर विजय पाकर योगेश्वर कहलाए।

रासलीला के माध्यम से प्रभु ने अलौकिक प्रेम का वर्णन किया है। कथा में रुक्मणी श्रीकृष्ण विवाह में



महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया और महारास लीला द्वारा ही जीवात्मा परमात्मा का ही मिलन हुआ।

उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने 16 हजार कन्याओं से विवाह कर उनके साथ सुखमय जीवन बिताया। भगवान श्रीकृष्ण रुकमणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया। । भागवत कथा स्थल पर रूकमणी विवाह के आयोजन ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया वहीं शर्मा परिवार द्वारा भगवान श्री कृष्ण की भव्य बाराती निकली गई । रुक्मणी विवाह महोत्सव प्रसंग पर पंण् पांडेय ने विस्तृत वर्णन करते हुए श्री रुक्मणी विवाह महोत्सव प्रसंग पर व्याख्यान करते हुए उन्होंने कहा कि रुकमणी के भाई रुकमि ने उनका विवाह शिशुपाल के साथ सुनिश्चित किया था लेकिन रुक्मणी ने संकल्प लिया था कि वह शिशुपाल को नहीं केवल गोपाल को पति के रूप में वरण करेंगे उन्होंने कहा शिशुपाल असत्य मार्गी है तब भगवान द्वारिकाधीश भगवान श्री कृष्ण ने हरण कर ले जाने की योजना बनाई जो सफल भी रहा ।

## आजीविका विकास में प्रगति लाने के लिए विकासखंड के अधिकारियों को चेतावनी दी

# कृषि उत्पादन बढ़ाकर कृषकों की आय दो गुनी करने के प्रयास करें

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

28 दिसम्बर को कलेक्टर महोदय की अध्यक्षता में कृषि विभाग की केन्द्र पोषित योजनाओं जैसे प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना, नमसा-मृदा स्वास्थ्य कार्ड, राष्ट्रीय टिकाऊ खेती मिशन के अंतर्गत वर्षा आधारित क्षेत्र विकास, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, राष्ट्रीय मिशन कृषि विस्तार एवं प्रोधौगिकी, आत्मा, प्रधान मंत्री कृषि सिचाई योजना की विस्तार से समीक्षा की गई। उक्त योजनाओं की विस्तृत गतिविधियों की प्रस्तुती उपसंचालक कृषि व्ही.पी.चैबे द्वारा किया गया। जिस पर कलेक्टर महोदय ने कृषि उत्पादन बढ़ाकर कृषकों की आय दो



गुनी करने हेतु प्रयास करने को निर्देशित किया, उन्होंने कहा कि हितग्राही मूलक योजनाओं में लधु, सीमांत, महिला, अनुसुचित जाति, जनजाति वर्ग के कृषकों को अधिक से अधिक सम्मिलित करने निर्देश दिया, आत्मा योजनांतर्गत समूह का गठन कर योजना से लाभान्वित करते हुए आजीविका विकास में प्रगति लाने हेतु विकासखण्ड के अधिकारियों को चेतावनी दी। गवर्निंग बोड (आत्मा) की बैठक की समीक्षा के दौरान कुल प्राप्त राशि 84.60लाख मे से 66.17लाख का व्यय संविदा कर्मी व मित्र किसानों के वेतन व मानदेय में किया जाने पर चिंता व्यक्त की गई। प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजनांतर्गत स्वीकृत कार्यो को आगामी तीन माह में पूर्ण करने के निर्देशित किया ताकि वर्षा काल में पानी का भराव कर कृषक को सिंचाई का लाभ मिल सके, उन्होंने कहा कि जल ग्रहण के कार्या में असफल नलकूप मे रिचार्ज का कार्य करावे ताकि सूखे नलकूप पुनरभरण पश्चात उपयोग में लाया जा सके। सभी संरचनाओं का जियो टेगिंग किया जावें। प्रधानमंत्री फसल बीमा में खरीफ 2019 में 126615 कृषकों का 145530हेक्टेयर फसल क्षेत्र बीमा हुआ है जिसमे 8341 अऋणी कृषकों का 9081हेक्टेयर फसल क्षेत्र बीमा हुआ है जो गतवर्ष की तुलना में दो गुना अधिक बीमा किये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कृषि विभाग के अमले को बधाई दी। एग्रीकल्चर इन्शुरेन्स कम्पनी के प्रतिनिधि की अनुपस्थिति पर कलेक्टर महोदय द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गई, उनके अनुपस्थिति के कारण विगत वर्ष खरीफ 2017, 2018 से संबंधित कृषकों की समस्या का निराकरण नहीं किया जा सका। बैठक में आशुतोष पाण्डेय,मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, अपर कलेक्टर, भी उपस्थित रहे उन्होने सभी योजनाओ में व्यापक प्रचार -प्रसार करने निर्देशित किया। बैठक में कृषक प्रतिनिधि श्री विजय केशरवानी, श्रीवामन टिकरिहा, जि.सह.के.बैक नोडलअधिकारी, जलसंसाधन, पशुपालन, अधीक्षक भू-अभिलेख, डॉ अंगद सिह राजपूत वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र,, उधानिकी, मछलीपालन विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मौसम बिगड़ने से धान खरीदी प्रभावित

## धान की सुरक्षा ने किसानों की बढ़ाई चिंता

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com



बीते दो तीन दिनो से बड़ी ठंड से धान खरीदी को प्रभावित किया है। सुस्त मौसम के चलते धान खरीदी केन्द्र में धान की आवक में कमी आई है। किसान मौसम देखकर पानी गिरने के डर से धान बेचने नही जा रहे है। वही धान खरीदी केन्द्रो में खरीदे गए धान को सुरक्षित रखने प्रभारी द्वारा धान को झिल्ली से ढक दिया गया है।

बदलते मौसम के कारण वातावरण में ठंडक आ गई है वही रात होते ही शीत भी गिरने लगती है ऐसे में खुले आसमान के नीचे रखे धान के सुस्त होने की संभावना बढ़ गई है। इस बार धान खरीदी विलंब से शुरू होने था रोज बदलते नियमों के कारण अधिकांश किसान अपना आधा धान भी नहीं बेच पाए है। मजबूरी में किसानों को रातजगा कर अपने खलियान में रखे धान की सुरक्षा करनी पड़ी है। क्योंकि खेत हो या ब्यारा दोनों जगह धान चोरी होने की पूरी संभावना है। किसानों के पास धान सुरक्षित रखने की जगह नहीं है। ऐसे में चौतरफा समस्याओं से घिरा किसान के नसीब मे मौसम बदलने से एक और परेशानी आ खड़ी है। दो दिन ऐसा ही मौसम रहा तो धान से अधिक सुत्ती कटेंगी जिसका नुकसान किसान को ही होगा।

## क्विक न्यूज

### आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने निर्देश

**मुंगेली।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचा.निर्वा.) डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने कहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2019 के लिए निर्वाचन कार्यक्रम जारी कर दिया गया है तथा कार्यक्रम जारी होने के साथ-साथ आदर्श आचरण संहिता भी प्रभावशील हो गई है। उन्होने जिले के समस्त विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों का कठोरतापूर्वक अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है।

### त्रिस्तरीय पंचायती राज चुनाव 2019-20 प्रतिभूति राशि निर्धारित

**बेमेतरा।** जिले के 429 ग्राम पंचायतों में होने जा रहे पंच एवं सरपंच आम निर्वाचन तथा चार जनपद पंचायतों में जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्यों के नामांकन के लिए निर्धारित प्रतिभूति राशि जमा करनी होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी यपंचायत शिखा राजपूत तिवारी ने बताया कि नाम निर्देशन प्रस्तुत करने वाले उम्मीदवारों के लिए आवश्यक है कि वह निर्धारित धन राशि प्रतिभूति यनिक्षेप के रूप में जमा करायें। वार्ड पंच के लिए 50 रूपए, सरपंच के लिए 1000 रूपए, जनपद पंचायत के सदस्य के लिए 2000 रूपए एवं जिला पंचायत सदस्य के लिए 4000 रूपए धनराशि निर्धारित है।

### एक से अधिक पदों के लिए खड़े हो सकते है अभ्यर्थी

**बेमेतरा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शिखा राजपूत तिवारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम के अनुसार कोई व्यक्ति किसी पंचायत के पदधारी के रूप में निर्वाचन के लिए यथास्थिति एक से अधिक वार्ड या निर्वाचन क्षेत्र से उसी पद के लिए पात्र नहीं होगा। अर्थात कोई भी अभ्यर्थी किसी एक विशिष्ट पद के लिए एक से अधिक वार्ड या निर्वाचन क्षेत्र से खड़ा नहीं हो सकता। कोई भी व्यक्ति एक से अधिक पदों जैसे कि पंच के साथ-साथ सरपंच या सरपंच के साथ-साथ जनपद सदस्य या जिला पंचायत सदस्य के लिए खड़ा हो सकता है।

## निधन

### अवध किशोर पाण्डे



**कांकेर।** बरदेभाठा निवासी अवध किशोर पाण्डे 59 वर्षीय व्याख्याता का निधन शनिवार रात को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा में बडी. संख्या में लोग शामिल हुए वे नावडबरी हाईस्कूल में व्याख्याता थे वे शीतला प्रसाद पाण्डे के पिता थे।

# शह और मात के खेल में कांग्रेस की सियासी कवायद, अध्यक्ष के पद पर काबिज होने जोड़-तोड़

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com









नगर पालिका वार्ड पार्षद चुनाव के बाद जिस तरह से भाजपा ने अपनी बहुमत साबित कर दिया है। उसे देखते हुए अभी तक यही कहा जा सकता है कि यहां संख्या के आधार पर भाजपा ही अध्यक्ष पद पर आसीन होगा किंतु कांग्रेस भी इसे आसानी से अपनी विपक्षी को अध्यक्ष पद देने के मूड़ में नहीं है बल्कि वह भी शह और मात के बीच में अध्यक्ष पद पर काबिज करने के लिए अंदरुनी स्तर पर अपनी रणनीति को अमलीजामा पहनाने की तैयारी शुरू कर दी है।

जिला मुख्यालय में एकमात्र नगरपालिका होने के कारणा सबकी नजर बेमेतरा नगर पालिका के अध्यक्ष पद पर लगी हुई है अभी वर्तमान में जहां भाजपा के 12 पार्षद एवं आठ कांग्रेस के पार्षद है तथा एक निर्दलीय उम्मीदवार भी यहां पर निर्वाचित हुए हैं अध्यक्ष पद को लेकर अब यहां पर तरह-तरह की अटकलें एवं दावे प्रीति दावे भी बाजार में गर्म है इसके हिसाब से अभी तक यहां पर भाजपा की तरफ से यद्यपि किसी भी पार्षद का नाम नाम सार्वजनिक रूप से घोषित नहीं हुआ है किन्तु अभी तक जिस हिसाब से यहां पर माहौल बना हुआ है उससे यही लगता है कि यहां नीतु कोठारी तथा सजनी यादव के बीच में से किसी एक को अध्यक्ष पद के लिए भाजपा के द्वारा प्रत्याशी घोषित किया जा सकता है वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस भी अभी तक यद्यपि बाहरी रूप से शांत है किंतु 8 पार्षद होने के बाद भी यह पार्टी नगर पालिका के अध्यक्ष पद पर अपने प्रत्याशी को चुने जाने के लिए तैयारी चल रही है। जिसके लिए लोगों में परोक्ष रूप से यह बात चल रही है कि किस तरह से यहां कांग्रेस के प्रत्याशी को ही अध्यक्ष बनाया जाए और कांग्रेस की तरफ से अध्यक्ष पद के लिए अभी रश्मि फोन्द मिश्रा अथवा शकुंतला साहू में से किसी एक को कांगेस के द्वारा अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार घोषित किया जा सकता है वहीं निर्दलीय प्रत्याशी रानी बंटी चावला भी इस मामले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता क्योंकि रानी बंटी चावला एक बार पार्षद बन चुकी है और उनके पति बंटी चावला भी यहां नगरपालिका के उपाध्यक्ष रह चुके हैं राजनीतिक समीकरण में कब कहां पर क्या हो जाएगा इसकी कोई ठिकाना नहीं है। इसलिए यहां सारी संभावनाओं को देखते हुए यह भी कहा जा सकता है कि रानी बंटी चावला की भूमिका भी अहम होगी।

बाहर हाल अभी नगरपालिका अध्यक्ष पद के लिए चुनाव की तरह के प्रशासनिक स्तर पर किसी भी तरह से कोई अधिसूचना जारी नहीं हुआ है इसके बाद भी यहां पार्षद चुनाव के परिणाम के आने के बाद से लेकर अभी तक अध्यक्ष पद को लेकर नगर में विभिन्न चर्चाएं एवं अटकलें चल रही है। जिसके अनुसार यहां पर कांग्रेस और भाजपा में भी अध्यक्ष पद को लेकर जबरदस्त टक्कर रहने की संभावना बनती हुई नजर आती है

### भ्रमण कर लौटे भाजपा पार्षद

वार्ड पार्षद के चुनाव परिणाम की घोषणा होने के बाद यहां पर जिस हिसाब से चर्चा शुरू हुई थी उसे देखते हुए यहां के अधिकांश निर्वाचित पार्षदों को भ्रमण कराने के लिए बाहर ले गए थे जो कुछ दिनों तक बाहर रहने के बाद बीते दिनों वापस आ गए हैं इसके बाद से अब चर्चा भी चल पड़ी है कि यहां पर भाजपा अपने रणनीति का किस तरह अंजाम देंगे ताकि अपना अध्यक्ष बनाने सफ्ल होगा।

# शिक्षा से ही समाज की उन्नति, शिक्षा का प्रकाश जरूरी : कुंवर सिंह

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरीडीह
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ निषाद समाज रायपुर महानगर की महिला इकाई एवं पुरूष इकाई की संयुक्त तत्वावधान में बहुत ही शानदार एवं भव्य तरीके से शहीद स्मारक भवन रायपुर में 18वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन रहा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, अध्यक्षता निषाद समाज के गौरव गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, विशिष्ट अतिथि में प्रदेश मछुवा महासंघ प्रदेश अध्यक्ष एम आर निषाद, छत्तीसगढ़ निषाद समाज रायपुर अध्यक्ष डी आर निषाद, कुम्हारी नगर पंचायत पार्षद रागिनी निषाद, संपादक गणेश राम केवट, बलौदाबाजार जिला के कसडोल विधानसभा से पत्रकार गोल (राजीव)कैवर्त, बिलासपुर जिले के मस्तूरी से पत्रकार राजेश निषाद, तखतपुर से युवा व्यवसायी सुरेश कैवर्त सहित18 जिलों के जिलाध्यक्ष प्रमुख रूप से सम्मिलित हुए थे। कार्यक्रम के संबोधन में गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि निषाद समाज मेहनत कश समाज हैं।बेहतरीन आयोजन के लिए निषाद समाज के सभी पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं हैं।

ऐसे आयोजन से समाज में एकजुटता एवं भाई चारे में प्रगाढ़ता बढ़ती है।कार्यक्रम को विधायक कुंवर सिंह निषाद ने भी संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के कांग्रेस सरकार मछुआरों एवं निषाद समाज के विकास के बारे में निरंतर प्रयासरत है जो कि सरकार की अच्छी पहल को दर्शाता है। इतनी उत्कृष्ट आयोजन के लिए सभी को बधाई हो। सभी को एक दूसरे का सहयोग करते हुए समाज कार्यों में हाथ बंटाने की आवश्यकता है। इसके अलावा संबोधन में कसडोल विधानसभा से पत्रकार गोलू कैवर्त ने कहा कि हमारा समाज निरन्तर नित्य नई उपलब्धि हासिल कर रहा है।शिक्षा के क्षेत्र में समाज अपना नया इतिहास रच रहा है। समाज से एक से बढ़कर एक मेधावी छात्र निकलकर समाज को गौरवान्वित कर रहे हैं। आगे कहा कि युवक युवती परिचय सम्मेलन के माध्यम से समाज के खर्चीली शादियों पर विराम लगेगा।

इस प्रकार के आयोजन से युवा पीढ़ियों को एक नया मंच एवं आत्मविश्वास मिलेगा। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के लोगों की झिझक दूर होगी।कार्यक्रम का संचालन महिला इकाई अध्यक्ष मीना निषाद एवं पुनारद निषाद ने किया। आयोजन को सफ ल बनाने में रायपुर महानगर की महिला इकाई में मीना निषाद,नमीता निषाद, शीला,ममता निषाद, राजेश्वरी निषाद सहित पूरे महिला इकाई एवं पुरूष इकाई में अध्यक्ष बसंत निषाद, मुकेश निषाद, पुनारद निषाद, लोकेश निषाद, जितेंद्र निषाद, मोहन निषाद, आनंद निषाद सहित सामाजिक पदाधिकारियों का सराहनीय एवं उत्कृष्ट योगदान रहा। जिसके चलते ही कार्यक्रम में पूरे प्रदेश के कोने कोने से समाज के युवक युवतियों की संख्या करीब12 सौ के आसपास पंजीयन कराकर मंच पर परिचय दिये। कार्यक्रम में एक जोड़े का आदर्श विवाह भी सम्पन्न हुआ। जो खर्चीली शादियों के रोकथाम के लिए यह एक आदर्श एवं प्रेरणादायक के रूप में समाज में एक अच्छा संदेश जाएगा।

वही कार्यक्रम में करीब विभिन्न क्षेत्रों में रहकर अच्छा काम करके समाज को गौरवान्वित करने वालों समाज के तरफसे श्रीफल, शाल, मेमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किए गए। पत्रकारिता के क्षेत्र में रहकर लगातार समाज हित एवं जनहित के कार्यो में अपनी अलग छाप छोड़ने वाले बलौदाबाजार जिला के कसडोल विधानसभा के युवा पत्रकार गोलू उर्फ राजीव कैवर्त को छत्तीसगढ़ निषाद समाज की ओर से विधायक कुंवर सिंह निषाद के हाथों श्रीफ ल, शाल, मेमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित उज्वल भविष्य की कामना किये गए।

# नेशनल खो-खो का प्री क्वार्टर महाराष्ट्र-मप्र के बीच खेला गया

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ खो.खो फेडरेशन के तत्वावधान एवं एलॅन्स पब्लिक स्कूल बेमेतरा के सहयोग से आयोजित 53वी सीनियर नेशनल खो-खो चैम्पियनशीप प्रतियोगिता के चौथे दिन के परिणाम।

**प्री क्वार्टर पुरूष के परिणामः-** महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश के मध्य खेले गए मैच में महाराष्ट्र 23 पांईट और मध्यप्रदेश 9 पांईट अर्जित किए इस तरह महाराष्ट्र 14 पांईट से विजयी होकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पोडिचेरी एवं पश्चिम बंगाल के मध्य खेले गए मैच में पो.डिचेरी 14 पांईट और पश्चिम बंगाल 15 पांईट अर्जित किए इस तरह पश्चिम बंगाल 1 पांईट से विजयी होकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। आन्ध्रप्रदेश एवं तेलंगाना के मध्य खेले गए मैच में आन्ध्रप्रदेश 19 पांईट और तेलंगाना 8 पांईट अर्जित किए इस तरह आन्ध्रप्रदेश 11 पांईट से विजयी होकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

दिल्ली एवं कोल्हापुर के मध्य खेले गए मैच में दिल्ली 10 पांईट और कोल्हापुर 18 पांईट अर्जित किए इस तरह कोल्हापुर 8 पांईट से विजयी होकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। केरल एवं छत्तीसगढ़ के मध्य खेले गए मैच में केरल 12 पांईट और छत्तीसगढ़ 11 पांईट अर्जित किए इस तरह केरल 1 पांईट से विजयी होकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। तमिलनाडू एवं कर्नाटक के मध्य खेले गए मैच में मतिलनाडू 4 पांईट और कर्नाटक 10 पांईट अर्जित किए इस तरह कर्नाटक 6 पांईट से विजयी होकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विदर्भ एवं उडीसा के मध्य खेले गए मैच में विदर्भ 11 पांईट और उडीसा 10 पांईट अर्जित किए इस तरह विदर्भ 1 पांईट से विजयी होकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया गुजरात एवं रेल्वे के मध्य खेले गए मैच में गुजरात 10 पांईट और रेल्वे 15 पांईट अर्जित किए इस तरह रेल्वे 5 पांईट से विजयी होकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

**प्री क्वार्टर महिला के परिणामः-** महाराष्ट्र एवं गुजरात के मध्य खेले गए मैच में महाराष्ट्र 11 पांईट और गुजरात 7 पांईट अर्जित किए इस तरह महाराष्ट्र 4 पांईट से विजयी होकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। राजस्थान एवं हरियाणा के मध्य खेले गए मैच में राजस्थान 7 पांईट और हरियाणा 10 पांईट अर्जित किए इस तरह हरियाणा 3 पांईट से विजयी होकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। आन्ध्रप्रदेश एवं कोल्हापुर के मध्य खेले गए मैच में आन्ध्रप्रदेश 8 पांईट और कोल्हापुर 9 पांईट अर्जित किए इस तरह कोल्हापुर 1 पांईट से विजयी होकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दिल्ली एवं च.डीगढ़ के मध्य खेले गए मैच में दिल्ली 20 पांईट और च.डीगढ़ 13 पांईट अर्जित किए इस तरह दिल्ली 7 पांईट से विजयी होकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

# सुरक्षित-शांतिपूर्ण मतदान के लिए संवेदनशील केन्द्रों की शिफ्टिंग



पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

जिले में दो चरणों में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान सुरक्षित और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पी.एस.एल्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा हुई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने मतदाताओं और मतदान दलों के लिए की जाने वाली सुरक्षा व्यवस्था आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक जयंत वैष्णव, एसडीएम दिनेश कुमार नाग, डिप्टी कलेक्टर गौरीशंकर नाग के अलावा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

बैठक में चर्चा के दौरान मतदाताओं को शांतिपूर्ण वातावरण में निष्पक्ष और स्वतंत्रतापूर्वक मतदान तथा मतदान दलों की सुरक्षा के लिए कुछ अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों की शिफ्टिंग के लिए राजनीतिक दलों से चर्चा कर शिफ्टिंग करने का निर्णय लिया गया।


## नाम परिवर्तन

मैं बसंत कुमार वर्मा उम्र 32 वर्ष पिता स्व. एम.एल.वर्मा, निवासी - म.नं. 18, राजधानी विहार, विधान सभा रोड, सड्डू, शांति सरोवर के पास, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. जो कि मेरे पासपोर्ट क्रमांक H2015145 है में मेरा नाम बसंत वर्मा अंकित व उल्लेखित है जो कि मेरा ही नाम है। अतः आज से सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय या अशासकीय कार्यों में मुझे मेरे दोनों नामों से जाना व पहचाना जावे।

प्रार्थी
**बसंत कुमार वर्मा**
पता- म.नं. 18, राजधानी विहार, विधान सभा रोड, सड्डू, शांति सरोवर के पास, रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय, नगर पालिक निगम
जोन क्रमांक -07
मंगलम कॉम्पलेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर छ.ग.

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्रमांक 374/2019-2020
वार्ड का नाम - कंकालीपारा वार्ड क्रमांक-59

समस्त एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, **कंकालीपारा वार्ड क्रमांक-59** वार्ड स्थित भवन / भूमि **59/48/356** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती गोदावरी सोनकर पति स्व. श्रीराम सोनकर** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री / श्रीमती राकेश सोनकर पिता रामा सोनकर** ने मृत्यु प्रमाण पत्र / सहमति पत्र / शपथ पत्र / दान पत्र / हिब्बानामा रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा / बिना पंजीकृत वसीयतनामा / पंजीकृत बंटवारानाम / बिना पंजीकृत बंटवारानामा / पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर
जोन आयुक्त
जोन क्र. -07
नगर पालिक निगम, रायपुर

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
नगर पालिक निगम, नवीन मुख्यालय भवन, गांधी चौक, रायपुर के पास, फोन नं. 0771-2535780,
फैक्स : 0771-2227395, ई-मेल-dc_rmc@rediffmail.com

**-: इश्तिहार/ आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 303, 2019-2020
वार्ड का नाम - शहीद भगत सिंह वार्ड-13

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **शहीद भगत सिंह वार्ड क्र. 13** वार्ड स्थित भवन / भूमि **HIG-31 हाऊसिंग बोर्ड कालोनी** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती अभिनव, अभिषेक पिता स्व. सुबोध** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती गौरव प्रमोटर्स एण्ड बिल्डर्स द्वारा भागीदार राघवेन्द्र चंद्राकर स्व. तुपसिंह चंद्राकर** ने वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेंगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर
जोन आयुक्त
जोन क्र.-8
नगर पालिक निगम, रायपुर

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
नगर पालिक निगम, नवीन मुख्यालय भवन, गांधी चौक, रायपुर के पास, फोन नं. 0771-2535780,
फैक्स : 0771-2227395, ई-मेल-dc_rmc@rediffmail.com

**-: इश्तिहार/ आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 305, 2019-2020
वार्ड का नाम - रामकृष्ण परमहंस वार्ड क्र. 2

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **रामकृष्ण परमहंस वार्ड क्र. 2** वार्ड स्थित भवन / भूमि **E-201** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती अनिल अग्रवाल पिता स्व. मदनलाल अग्रवाल** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती कान्ता भोजसिया W/o रविन्द्र कुमार भोजसिया** ने वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेंगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर
जोन आयुक्त
जोन क्र.-8
नगर पालिक निगम, रायपुर

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
नगर पालिक निगम, नवीन मुख्यालय भवन, गांधी चौक, रायपुर के पास, फोन नं. 0771-2535780,
फैक्स : 0771-2227395, ई-मेल-dc_rmc@rediffmail.com

**-: इश्तिहार/ आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 306, 2019-2020
वार्ड का नाम - रामकृष्ण परमहंस वार्ड क्र. 2

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **रामकृष्ण परमहंस वार्ड क्र. 2** वार्ड स्थित भवन / भूमि **फ्लैट नं. 2 ब्लाक 2 सिंगापुर सिटि** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती ग्रीजेश मिका पिता त्रिलोकीनाथ मिका** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती मां. कुदरगढ़ी स्टील्स प्रा.लि. सरोरा, डाय. अनिल कुमार पिता बजरंग लाल अग्रवाल** ने वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेंगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर
जोन आयुक्त
जोन क्र.-8
नगर पालिक निगम, रायपुर

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
नगर पालिक निगम, नवीन मुख्यालय भवन, गांधी चौक, रायपुर के पास, फोन नं. 0771-2535780,
फैक्स : 0771-2227395, ई-मेल-dc_rmc@rediffmail.com

**-: इश्तिहार/ आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 292, 2019-2020
वार्ड का नाम - पं. ईश्वरी चरण शुक्ल वार्ड क्र. 14

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **पं. ईश्वरी चरण शुक्ल वार्ड क्र. 14** वार्ड स्थित भवन / भूमि **14/नया** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती मनीकांत, शशिकांत, श्रीकांत भट्ट तीनों पिता स्व. चंदूलाल भट्ट** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती ताराबेन चावड़ा पति नरेशराम चावड़ा** ने वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेंगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर
जोन आयुक्त
जोन क्र.-8
नगर पालिक निगम, रायपुर

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
नगर पालिक निगम, नवीन मुख्यालय भवन, गांधी चौक, रायपुर के पास, फोन नं. 0771-2535780,
फैक्स : 0771-2227395, ई-मेल-dc_rmc@rediffmail.com

**-: इश्तिहार/ आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 309, 2019-2020
वार्ड का नाम - शहीद मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड क्र. 12

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **शहीद मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड क्र. 12** वार्ड स्थित भवन / भूमि **शाप नं. 6 मारूति कुंज** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती अविनाश बिल्डर्स आनंद सिंघानिया (स्नेहा अशोक अग्रवाल)** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती राजेन्द्र अग्रवाल पिता राधेश्याम** ने वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेंगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर
जोन आयुक्त
जोन क्र.-8
नगर पालिक निगम, रायपुर

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
नगर पालिक निगम, नवीन मुख्यालय भवन, गांधी चौक, रायपुर के पास, फोन नं. 0771-2535780,
फैक्स : 0771-2227395, ई-मेल-dc_rmc@rediffmail.com

**-: इश्तिहार/ आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 310, 2019-2020
वार्ड का नाम - शहीद भगत सिंह वार्ड क्र. 13

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **शहीद भगत सिंह वार्ड क्र. 13** वार्ड स्थित भवन / भूमि **418 स्लाईस-1** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती अशोक कुमार अजवानी S/o प्रेममल अजवानी** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती रमेश विश्वकर्मा S/o श्री दीनदयाल विश्वकर्मा** ने वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेंगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर
जोन आयुक्त
जोन क्र.-8
नगर पालिक निगम, रायपुर

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
नगर पालिक निगम, नवीन मुख्यालय भवन, गांधी चौक, रायपुर के पास, फोन नं. 0771-2535780,
फैक्स : 0771-2227395, ई-मेल-dc_rmc@rediffmail.com

**-: इश्तिहार/ आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 313, 2019-2020
वार्ड का नाम - शहीद भगत सिंह वार्ड क्र. 13

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **शहीद भगत सिंह वार्ड क्र. 13** वार्ड स्थित भवन / भूमि **हर्षित ज्वेलस A 502** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती आकाश मिश्रा S/o बी.के. मिश्रा** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती कुमारी त्रित्रया बोस D/o ए.के. बोस** ने वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेंगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर
जोन आयुक्त
जोन क्र.-8
नगर पालिक निगम, रायपुर

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
नगर पालिक निगम, नवीन मुख्यालय भवन, गांधी चौक, रायपुर के पास, फोन नं. 0771-2535780,
फैक्स : 0771-2227395, ई-मेल-dc_rmc@rediffmail.com

**-: इश्तिहार/ आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 314, 2019-2020
वार्ड का नाम - शहीद भगत सिंह वार्ड क्र. 13

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **शहीद भगत सिंह वार्ड क्र. 13** वार्ड स्थित भवन / भूमि **ज्वेलस CH-526 टाटीबंध कालोनी** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती नागेश्वर प्रसाद S/o स्व. हरिद पाल** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती राकेश रंजन S/o स्व. नागेश्वर प्रसाद** ने वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेंगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर
जोन आयुक्त
जोन क्र.-8
नगर पालिक निगम, रायपुर

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
नगर पालिक निगम, नवीन मुख्यालय भवन, गांधी चौक, रायपुर के पास, फोन नं. 0771-2535780,
फैक्स : 0771-2227395, ई-मेल-dc_rmc@rediffmail.com

**-: इश्तिहार/ आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 315, 2019-2020
वार्ड का नाम - शहीद भगत सिंह वार्ड क्र. 13

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **शहीद भगत सिंह वार्ड क्र. 13** वार्ड स्थित भवन / भूमि **ज्वेलस CH-527 टाटीबंध कालोनी** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती नागेश्वर प्रसाद S/o स्व. हरिद पाल** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती शशी रंजन S/o स्व. नागेश्वर प्रसाद** ने वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेंगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर
जोन आयुक्त
जोन क्र.-8
नगर पालिक निगम, रायपुर

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
नगर पालिक निगम, नवीन मुख्यालय भवन, गांधी चौक, रायपुर के पास, फोन नं. 0771-2535780,
फैक्स : 0771-2227395, ई-मेल-dc_rmc@rediffmail.com

**-: इश्तिहार/ आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 308, 2019-2020
वार्ड का नाम - रामकृष्ण परमहंस वार्ड क्र. 2 अ

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **रामकृष्ण परमहंस वार्ड क्र. 2अ** वार्ड स्थित भवन / भूमि **विकास नगर** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती शारदा बाई W/o जयराम कोलहेकर** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती पूनम धनकर W/o नरेन्द्र कुमार धनकर** ने वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेंगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर
जोन आयुक्त
जोन क्र.-8
नगर पालिक निगम, रायपुर

### कार्यालय नगर पालिक निगम
(जोन -4) रायपुर छ.ग.
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी के नीचे मोतीबाग चौक

**-: ईश्तहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 393, 2019-2020
वार्ड का नाम - हवलदार अ. हमीद वार्ड 36

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **अ. हमीद वार्ड क्र. 36** वार्ड स्थित भवन / भूमि **36/766 का भाग मौदाहापारा** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती नजमुन्निशा बेवा अब्दुल रउफ** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती लाल मोहम्मद पिता स्व. अब्दुल रउफ** ने वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेंगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्र. -04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

संपादकीय

# जेंडर समानता, दृष्टिकोण में परिवर्तन आवश्यक

**वर्ष** 2019 जेंडर समानता के मामले में महिलाओं तथा एलजीबीटीक्यू समुदाय के लिए परिवर्तनकारी रहा। हालांकि, कुछ मामलों में विजय मिली, पर नीति-निर्माताओं की 'एक कदम आगे दो कदम पीछे' की आदत के कारण कोई उल्लेखनीय प्रगति नहीं हुई। जहां तक न्यायिक हस्तक्षेप का सवाल है, कोई सार्थक कदम न उठाने के कारण दोनों समुदाय समाज के हाशिए पर रहे। इस वर्ष एलजीबीटीक्यू अधिकार के मामले में पिछले दशक के कुछ प्रमुख अग्रगामी कदम निष्प्रभावी हुए। 2014 में सर्वोच्च न्यायालय ने तीसरे जेंडर के रूप में ट्रांसजेंडर को स्वीकार करते हुए कहा था कि उनके अधिकारों को संविधान में मूलाधिकार के रूप में गारंटी दी गई है। उसने उनको अपने जेंडर को पुरुष, महिला या तीसरे जेंडर के रूप में पहचानने का अधिकार भी दिया था। 2018 में सर्वोच्च न्यायालय ने उल्लेखनीय निर्णय में सहमति से समलिंगी यौन संबंधों को अपराध नहीं माना था। लेकिन इस साल विधायी उपाय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार नहीं किए गए। हालांकि, ट्रांसजेंडर पर्सन्स प्रोटेक्शन आफ राइट्स एक्ट, 2019 एक अच्छा कदम है, पर यह अनेक मामलों में विरोधाभासी है। उदाहरण के लिए, यह ट्रांसजेंडर को पहचान का प्रमाणपत्र जारी करने के लिए लंबी-चौड़ी प्रशासनिक प्रक्रिया का प्राविधान जिला मजिस्ट्रेट के माध्यम से करता है। पुरुष या महिला के रूप में पहचान के लिए बहुत खर्चीली व कष्टदायक सर्जरी के बाद ही प्रमाणपत्र में संशोधन संभव है। इससे समुदाय भ्रष्ट, पूर्वाग्रही व संवेदनहीन डाक्टरों तथा जिला मजिस्ट्रेटों की दया पर निर्भर हो जाता है। प्रमाणपत्र से इनकार करने पर यह कोई 'स्पष्ट' उपाय नहीं बताता है जिससे महंगी व समय लगने वाली कानूनी प्रक्रिया के सिवा और कोई रास्ता नहीं बचता है। यह कानून नौकरियों में आरक्षण, कार्यस्थल पर भेदभाव तथा मातृत्व के अधिकार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर खामोश है। इस प्रकार यह नकारात्मक व संवेदनहीन हो जाता है।

महिलाओं के लिए आर्थिक अवसर अत्यधिक सीमित हैं। 35.4 प्रतिशत महिलाओं में केवल 13.8 प्रतिशत को कंपनी बोर्डों में स्थान मिल पाता है और उनको मिलने वाला वेतन समान पद वाले पुरुषों की तुलना में केवल पांचवां हिस्सा होता है। आर्थिक स्वतंत्रता के लिए महिलाओं का संघर्ष जारी है क्योंकि 82 प्रतिशत पुरुषों की तुलना में केवल एक चौथाई महिलायें ही श्रम बाजार का हिस्सा हैं और पेशेवर व तकनीकी कामगारों में उनकी संख्या केवल 30 प्रतिशत है। मोदी सरकार की 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' पहल के बावजूद 82 प्रतिशत पुरुषों की तुलना में केवल दो-तिहाई महिलायें ही साक्षर हैं। कन्या शिशु के खिलाफ भेदभाव गर्भ से ही शुरू हो जाता है जो विकृत लिंगानुपात से स्पष्ट है। प्रति 100 लड़कों पर केवल 91 लड़कियां पैदा होती हैं। पोषण व स्वास्थ्यरक्षा के मामले में उनके खिलाफ पूर्वाग्रह बहुत लंबे समय से जारी है। पुरुषों के साथ ऐसे देश में बेहतर व्यवहार होता है जहां महिलाओं को शक्तिस्वरूपा मान कर देवियों की पूजा होती है तथा भारत माता की अवधारणा है। विडंबना है कि एक महिला द्वारा 20 साल तक देश के संचालन के बावजूद आज भी महिलाओं का राजनीतिक सशक्तीकरण बहुत कम है तथा संसद में केवल 14.4 प्रतिशत महिलायें हैं। महिला आरक्षण विधेयक अभी लंबित है। एक राष्ट्र के रूप में हम निर्भया सामूहिक बलात्कार से सबक सीखने में विफल रहे हैं। 2,264 करोड़ के निर्भया फंड में केवल 11 प्रतिशत प्रयोग हुआ है। पुरुष प्रभुत्व वाले समाज में विवाह-संबंध में बलात्कार को अपराध घोषित करने की बात नहीं सुनी गई है। हालांकि, सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में सकारात्मक कदम उठाते हुए 15-18 वर्ष की पत्नी के साथ असहमति से यौन संबंध अपराध माना है। मोदी सरकार की 2019 में उल्लेखनीय उपलब्धि मुस्लिम महिला संरक्षण कानून रही है जिसने तीन तलाक को अपराध घोषित कर दिया है। हमें जेंडर समानता सुनिश्चित करने में अगले वर्ष बेहतर कदमों की उम्मीद है।

# भारत में डिजिटल युग की शुरुआत

## धीमे ही सही, पर भारत में डिजिटल परिवर्तन शुरू हो गया है। हमें इसकी सफलता तथा संप्रेषण क्रांति से प्राप्त उपलब्धियों पर आगे बढ़ते हुए एक जीवन्त अर्थव्यवस्था का सृजन करना चाहिए।

उत्तम गुप्ता
लेखक नीति विश्लेषक हैं )





**भा**रत में औपनिवेशिक गुलामी के कारण हम उन्नीसवीं व बीसवीं शताब्दी के प्रारम्भ में पहली व दूसरी औद्योगिक क्रांति में सफल नहीं हुए। यहां तक कि 'संरक्षणवाद' तथा तकनीक स्वीकारने से हिचक वाली 'अंतर्मुखी' सरकारी नीतियों के कारण हम तीसरी औद्योगिक क्रांति में भी ज्यादा आगे नहीं बढ़ सके। अब भारत में हम चौथी औद्योगिक क्रांति, यानी डिजिटल क्रांति में प्रवेश कर रहे हैं जहां तेज गति के साथ सर्वव्यापकता का संसार बन रहा है।

डिजिटल क्रांति मशीनी व एनालाग एलेक्ट्रानिक तकनीक से डिजिटल एलेक्ट्रानिक्स में बढ़ने का नाम है। इसकी शुरुआत पचास के दशकांत तथा सत्तर के दशकांत में डिजिटल कंप्यूटरों व डिजिटल रिकार्डकीपिंग से हुई जो आज भी जारी है। पिछले पांच वर्ष में सस्ते मोबाइल फोनों की संख्या में भारी वृद्धि हुई, इंटरनेट की पहुंच व्यापक हुई तथा डेटा का प्रयोग केवल 0.2जीबी प्रति माह से बढ़ कर 11 जीबी तक पहुंच गया। यह दूरसंचार ढांचे में भारी निवेश, देश में मोबाइल फैक्ट्रियों की संख्या में भारी वृद्धि, दूरसंचार सेवाओं के व्यापक विस्तार तथा नई तकनीकें स्वीकारने से संभव हुआ है जो कई गुना अधिक सक्षम तथा लागत प्रभावी हैं। अब दूरसंचार सेवाओं का मुख्य ध्यान डेटा सेवाओं पर है। इसका कारण एक सक्षम बनाने वाला परिवेश है जिसमें 'आधे रास्ते में परिवर्तन' शामिल है। उदाहरण के लिए, नई दूरसंचार नीति एनटीपी, 1999 में सेवा प्रदाता को लाइसेंस फीस भुगतान के एक हिस्से को उसके वार्षिक राजस्व के कुछ प्रतिशत तक दिखाने की अनुमति मिली।

डिजिटल ढांचा अब सनराइज़ उद्योगों में स्टार्टअप की अभूतपूर्व प्रगति का आधार है। इनमें आनलाइन खुदरा व्यापार, खुदरा ब्रोकरिंग, फूड डिलीवरी, राइड-हेलिंग तथा प्लंबर, क्लीनर व पेंटर आदि सेवा प्रदाताओं का समेकन शामिल है। इसके परिणामस्वरूप अब भारत दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप परिवेश बन गया है और वह इस मामले में केवल अमेरिका व चीन से पीछे है। रोजगार व आय सृजन में इसका बहुत बड़ा योगदान है। मोदी सरकार के 'वित्तीय समावेशन' कार्यक्रम की सफलता का अनुमान जनधन-आधार-मोबाइल, यानी जेएएम त्रयी से लगाया जा सकता है। इस प्लेटफार्म का प्रयोग सब्सिडी व अन्य लाभ सीधे लाभार्थी के खाते में भेजने के लिए किया जा रहा है। इस योजना से हजारों करोड़ रुपयों की चोरी बंद हुई है। जीवन्त डिजिटल ढांचे के बिना यह योजना संभव नहीं हो सकती थी। सरकार ने तकनीक का प्रभावी प्रयोग किसानों को सशक्त बनाने के लिए किया है। उसने 140 मिलियन किसानों को डिजिटली-सक्षम स्वायल हेल्थ कार्ड दिए हैं तथा किसानों को यह सूचना दे रही है कि उनको मृदा का स्वास्थ्य तथा उसकी उर्वरता बढ़ाने के लिए किन उर्वरकों का प्रयोग करना चाहिए। सरकार ने नेशनल एग्रीकल्चर मार्केट-नाम शुरू की है। यह एक अखिल भारतीय एलेक्ट्रानिक ट्रेडिंग पोर्टल है जहां कृषि उत्पाद बेचे जा सकते हैं। इससे कृषि उत्पादों का एकीकृत राष्ट्रीय बाजार बन गया है। महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना-मनरेगा की मजदूरी का भुगतान भी डीबीटी माडल का प्रयोग करते हुए आधार पेमेंट ब्रिज-एपीबी द्वारा किया जा रहा है।

डिजिटल ढांचे ने लाखों उपभोक्ताओं तथा व्यापारियों की भुगतान व बिजनेस सरल बनाने में सहायता की है। सरकार ने स्वदेशी डिजिटल भुगतान व्यवस्था को भी प्रोत्साहन दिया है। भारत इंटरफेस फार मनी यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेस-भीम यूपी के माध्यम से जनवरी 2019 में 600 मिलियन से अधिक लेनदेन हुए थे। यह सभी बैंकों व उपभोक्ताओं को जोड़ने में रीढ़ की हड्डी जैसी भूमिका निभा रहा है।

भारत ने सचमुच अवसर का लाभ उठाया है और वह डिजिटल क्रांति में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। लेकिन देश के विशाल आकार, यानी जनसंख्या व भौगोलिक विशालता को देखते हुए अभी करोड़ों लोग परस्पर जुड़े नहीं हैं और परस्पर जुड़े लोगों के बीच भी गुणवत्ता की कुछ समस्यायें हैं। इससे स्पष्ट है कि हमारे सामने अनेक चुनौतियां हैं। ये चुनौतियां चौथी औद्योगिक क्रांति में डिजिटल छलांग लगाने के समय हमारे सामने आती हैं। सरकार व सेवा प्रदाताओं समेत सभी पक्षों को इन कमियों को संबोधित करना होगा।

आर्थिक वृद्धि वर्ष की पहली और दूसरी तिमाही में धीमी हो कर पांच व 4.5 प्रतिशत हो गई। इसे पुनर्जीवित करने तथा आठ प्रतिशत तक लाना जरूरी है ताकि वर्ष 2025 तक 5 ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था बनाने का सपना पूरा हो सके। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक 'जीवन्त' व 'स्वस्थ' डिजिटल ढांचा बहुत महत्वपूर्ण है। समान रूप से किसानों की आय दूनी करना भी जरूरी है।

मोदी सरकार के लिए वर्तमान ढांचे में काफी बढ़ोत्तरी भी जरूरी है ताकि वह महत्वाकांक्षी वित्तीय समावेशन कार्यक्रम चलाते हुए कल्याण योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर सके। उदाहरण के लिए, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि पीएम-किसान में अब तक केवल 70 मिलियन किसान शामिल हुए हैं, जबकि इसमें 140 मिलियन सीमान्त किसानों को शामिल करने का वादा किया गया था। इसका अर्थ है कि सरकार अभी आधा लक्ष्य भी पूरा नहीं कर पाई है।

डीबीटी व्यवस्था के अंतर्गत उर्वरक सब्सिडी भुगतान प्रस्ताव के लिए किसानों का डेटा एकत्र करने के व्यापक प्रयास करने होंगे। इसमें भूमि का आकार, उगाई फसल, मृदा का स्तर तथा उर्वरक प्रयोग शामिल हैं। इन सबके लिए डिजिटल रिकार्ड तैयार करना होगा। इसके साथ ही लाभार्थियों के खातों में पैसा हस्तांतरित करने के लिए सहज रूप से काम करने वाला तकनीक-संचालित वित्तीय ढांचा जरूरी होगा। दुर्भाग्य से यह काम अभी शुरू नहीं हुआ है।

भारत को कम से कम तीन से चार दूरसंचार सेवा प्रदाता चाहिए ताकि 'सस्ती' कीमतों पर 'गुणवत्तापूर्ण' सेवा बनाए रखी जा सके। बढ़ती आवश्यकता को देखते हुए हमें अपने सामने कम से कम 6 सेवा प्रदाताओं का लक्ष्य रखना चाहिए। दुर्भाग्य से आज दूरसंचार उद्योग संकट का सामना कर रहा है। वोडाफोन-आइडिया जैसे बड़े सेवा प्रदाता ने सरकार से राहत न मिलने की स्थिति में कंपनी बंद करने का संकेत दिया है। इसे संकट से उबारना तात्कालिक आवश्यकता है।

सेवा प्रदाताओं को स्वयं बहुत कुछ करना होगा। इसकी शुरुआत टैरिफ दरों में भारी कटौती से दूर हटने से होनी चाहिए। इसे बनाए रखने के लिए नियामक से बेहतर भूमिका की उम्मीद है जिसे वह अब तक नहीं निभा सका है। सरकार को स्पेक्ट्रम यूजेज़ चार्ज-एसयूसी में कुछ कटौती करनी चाहिए। इसे आठ प्रतिशत से घटा कर पांच प्रतिशत करने के साथ वस्तु एवं सेवाकर-जीएसटी में रियायत दी जानी चाहिए। लेकिन सरकार को बेलआउट पैकेज देने से बचना होगा क्योंकि इससे बजट अस्थिर हो सकता है। बीएसएनएल व एमटीएनएल पुनर्जीवन योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ ही यह भी सुनिश्चित करना होगा कि वे स्वावलंबी बनें तथा उन पर बजट का प्रभाव न्यूनतम हो। ऐसा तभी हो सकता है जब वे अपनी जमीन व अन्य संसाधन बेचने की योजना प्रभावी तरीके से लागू करें। निजी कंपनियां इन कंपनियों की तरह सुदूर क्षेत्रों में नहीं जाती हैं।

# ऐतिहासिक भूल का सुधार है नागरिकता कानून



शिव प्रकाश
(लेखक भाजपा के संयुक्त महासचिव संगठन हैं)

**धर्म** के आधार पर हुए देश के बंटवारे को स्वीकार कर कांग्रेस ने जो ऐतिहासिक भूल की थी उसका परिणाम भुगतने वाले पाकिस्तानए अफगानिस्तान और बांग्लादेश में रह गए लाखों करोड़ों हिंदु, सिख, बौद्ध, पारसियों और ईसाइयों के हितों की सुरक्षा का उपाय केंद्र की भाजपा सरकार ने कर दिया है। नागरिकता संशोधन विधेयक पारित हो जाने के बाद अब उन सभी अल्पसंख्यकों के लिए भारत अब कानूनी तौर पर उनका स्थायी निवास बन पाएगा। सरकार का यह कदम किसी खास धर्म के विरोध में उठाया गया कदम नहीं है। बल्कि इसे भारतीय समाज को उसकी जड़ों की तरफवापस लौटाने वाले कदम के तौर पर देखा जाना चाहिए। जो काम देश की आजादी के तुरंत बाद शुरू हो जाना चाहिए था वह अब शुरू हो रहा है। इस पूरे विषय को ऐतिहासिक परिदृश्य में देखना आवश्यक है। भारत की स्वतंत्रता से पूर्व जब पाकिस्तान और बांग्लादेश का अस्तित्व नहीं था, तत्कालीन भारत में देश की स्वाधीनता के लिए चल रहे आंदोलन में अपने अपने क्षेत्रों में देशभक्त हिस्सा ले रहे थे। 1947 में देश का विभाजन हुआ और पाकिस्तान के नाम से एक नया देश बना। बंगाल का एक हिस्सा भी धर्म के आधार पर हुए इस बंटवारे में पाकिस्तान का अंग बना जो अंततः बाद में बांग्लादेश के रूप में सामने आया। यहां महत्वपूर्ण यह है कि बंटवारे के बाद हिंदु, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के कई लोग थे जो अपने-अपने क्षेत्रों रहकर स्वतंत्रता के लिए लड़ाई लड़ रहे थे और विभाजन में वहीं रह गये।

बांग्लादेश में ऐसे ही एक महान देशभक्त थे त्रिलोक नाथ चटर्जी। उच्च कोटि के देशभक्त चटर्जी का अपनी जन्मभूमि पर ही रह जाना क्या उनके दोष के तौर पर देखा जाना चाहिए। जिन लोगों ने भारतमाता को अपनी मां मानकर अपने प्राण उसके सम्मान की ख़ातिर बलिदान कर दिये एऐसे असंख्य लोगों के हितों की रक्षा करना आज के सभी राष्ट्रभक्तों का दायित्व है। नागरिकता संशोधन कानून के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश में रह गए ऐसे सभी हिंदुओं, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई राष्ट्रभक्तों को समायोजित करने का काम किया है।

नागरिकता संशोधन कानून का विरोध वही राजनीतिक दल कर रहे हैं जो अरसे से धर्मनिरपेक्षता के नाम पर वर्ग बिशेष के मतों की राजनीति करते आए हैं। उनके विरोध का मूल आधार भी मात्र उनकी राजनैतिक लाभ ही है। सभी ने एक स्वर में संसद और उसके बाहर मुसलमानों को नागरिकता देने के अधिकार से वंचित रखने का आरोप सरकार पर लगाया। जबकि इस विधेयक के मूल प्रस्ताव से ही स्पष्ट है कि इसका उद्देश्य तीन देशों पाकिस्तानए अफगानिस्तान और बांग्लादेश में धर्म के आधार पर प्रताड़ित हिंदुओं, सिखों, बौद्ध, जैन, पारसियों ईसाइयों को भारत में बसने में मदद प्रदान करना है। यह पूरी तरह स्पष्ट है कि नागरिकता संशोधन विधेयक देश में मुसलमानों की वर्तमान स्थिति में किसी तरह का परिवर्तन नहीं करता। उनकी नागरिकता को यह कानून किसी तरह की चोट नहीं पहुंचाएगा। गृह मंत्री अमित शाह ने भी संसद में अपने भाषण में स्पष्ट किया कि यह नागरिकता लेने वाला नहीं बल्कि नागरिकता देने वाला कानून है। वैसे भी किसी भी देश से आया कोई भी व्यक्ति कानून के मुताबिक नागरिकता के लिए आवेदन कर सकता है। इसका प्रावधान देश के कानून में पहले से ही मौजूद है। लेकिन नागरिकता कानून के नाम पर देश के मुसलमानों भय और संशय पैदा करना कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों की आदत बन गया है। यह स्पष्ट है कि स्वतंत्रता के समय धर्म के आधार पर देश का विभाजन कांग्रेस स्वीकार नहीं करती तो आज यह नौबत ही नहीं आती।


ऐसा भी नहीं है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने देश के अल्पसंख्यकों के लिए ऐसा काम पहली बार किया है। इससे पहले राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की मांग पर 13 हजार सिखों और हिंदुओं को नागरिकता दी गई थी। इसके अतिरिक्त पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने भी 2003 में बांग्लादेश के उत्पीड़न के शिकार होकर भारत आए हिंदु शरणार्थियों को नागरिकता देने का समर्थन संसद में किया था। इस बात से कोई इनकार नहीं कर सकता कि 1947 के बाद पाकिस्तानए बांग्लादेश और अफगानिस्तान में हिंदु, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाइयों को भयानक प्रताड़ना झेलनी पड़ी है। कौन नहीं जानता कि इन देशों में हिंदुओं, सिखों, बौद्ध, जैन, पारसियों और ईसाइयों को किस किस प्रकार के उत्पीड़न का सामना करना पड़ा है। खासतौर पर महिलाओं के साथ हुए अपमानजनक व्यवहार, बलात्कार जैसी जघन्य घटनाएं हुई हैं। इसलिए भारत का यह कर्तव्य बनता है कि इतने वर्षों से उत्पीड़ित हिंदु धर्म के विभिन्न समुदायों के इन लोगों को भारत में नागरिकता मिले ताकि ये लोग सम्मान और अधिकार के साथ अपना जीवन यापन कर सकें।

अपने धर्म और समुदाय के लोगों के हितों को आगे बढ़ाने का काम भाजपा कोई पहली बार नहीं कर रही है। दुनिया के दूसरे देशों में भी ऐसा हुआ है। स्वामी विवेकानंद ने अमेरिका में अपने प्रसिद्ध शिकागो भाषण में यहूदी और पारसियों को शरण देने का जिक्र किया था। भारत ने भी उसी परंपरा का निर्वाह करते हुए पड़ोसी देशों में प्रताड़ना का शिकार हुए अल्पसंख्यकों को शरण देने का काम किया है। सभी जानते हैं कि पड़ोसी देशों में अल्पसंख्यकों की क्या स्थिति हुई है। अकेले पाकिस्तान के आंकड़े ही बताते हैं कि कैसे वहां पर अल्पसंख्यकों की स्थिति निरंतर खराब होती चली गई। स्वतंत्रता के समय वहां अल्पसंख्यकों की संख्या 23 प्रतिशत से अधिक थी। आज वहां इनकी संख्या ढाई प्रतिशत से भी कम रह गयी है।

यह स्थिति तब है जब स्वतंत्रता के बाद भारत के प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और पाकिस्तान के लियाकत अली खान के बीच अल्पसंख्यकों के हित सुरक्षित रखने संबंधी एक समझौते पर हस्ताक्षर हुए थे। भारत ने समझौते का सम्मान किया। लेकिन पाकिस्तान ने क्या किया यह वहां के अल्पसंख्यकों के आंकड़ों से ही स्पष्ट हो जाता है।

विपक्षी दल संविधान के अनुच्छेद 14 का हवाला देकर बार बार सरकार पर जनता के समानता के अधिकारों का हनन करने का आरोप लगा रहे हैं। इन दलों का यह भी कहना है कि भारतीय जनता पार्टी चुनावी राजनीतिक को ध्यान में रखकर सभी फैसले ले रही है। इसी तरह के आरोप कश्मीर में धारा 370 और तीन तलाक समाप्त करने के समय भी लगाये गये थे। लेकिन इन दलों को यह नहीं भूलना चाहिए कि हम हमेशा से इनका विरोध करते आ हैं और हमारा स्पष्ट मानना रहा है कि ये कांग्रेस के ऐतिहासिक भूलें है जिनका सुधार करना आवश्यक है। हमारी पार्टी के चुनाव घोषणा पत्रों में भी सदैव ये मुद्दे शामिल रहे हैं।

## फरमाया



**आरएसएस** पूरे भारत की जनसंख्या को हिंदू समाज समझता है, चाहे उनका व्यक्तिगत धर्म व संस्कृति जो भी हो।

**- मोहन भागवत**
आरएसएस प्रमुख



**हिंदू** बहुसंख्यक हैं। लेकिन बौद्ध, मुस्लिम, ईसाई, जैन और दलित भी हैं। ये सभी भारतीय के रूप में एकजुट हैं।

**- रामदास अठावले**
केन्द्रीय मंत्री



**देश** के सभी धर्म, जाति, आदिवासी, दलित व पिछड़ो को एकसाथ लिए बिना देश की अर्थव्यवस्था नहीं चल सकती है।

**- राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## एनपीआर पर भ्रम

**अब** एनपीआर का विरोध हो रहा है। हाल ही में कैबिनेट ने राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर-एनपीआर को हरी झंडी दिखा दी। व्यापक रूप से जनता में भय है कि एनपीआर के रूप में एकत्र डेटा का प्रयोग एनआरसी के आधार की तरह किया जा सकता है। निश्चित रूप से इस पर जवाब मिलना चाहिए। गृह मंत्री और प्रधानमंत्री एनआरसी और एनपीआर के बीच कोई संबंध होने से इनकार कर सकते हैं, पर उन्होंने अपने निर्णय के पीछे कारण नहीं बताए हैं। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को इस मामले में जनता का विश्वास पुनः जीतना उचित होगा। ऐसा लगता है कि अब तक प्रधानमंत्री द्वारा की गई एकमात्र प्रेस कान्फ्रेंस के बाद से भाजपा और सत्तारूढ़ सरकार लगातार गृह मंत्री की छवि से परिभाषित हो रही है। हालांकि, इस मामले में एक चेतावनी देना उचित होगा। अब तक वर्ष 2019 शाह का वर्ष रहा है, पर साल की समाप्ति पर एक राजनीतिक स्वर उभर रहा है। यह स्वर भारत के नौजवानों व संविधानवादियों का है जो सरकार के उत्पीड़क, विभाजनकारी एवं आक्रामक कृत्यों से परेशान हो चुके हैं। उन्होंने अधिकांशतः शांतिपूर्ण व लोकतांत्रिक तरीके से अपने स्वर उठाए हैं।

– **सुमित राजपूत**, प्रयागराज

## यह गांधी और बुद्ध का देश नहीं?

**अस्तित्व**, विनयशीलता, सत्यता, करुणा, सदाचार, धार्मिक व जातीय सद्भाव, इंसानियत, अस्यपृश्यता, आदि मानवीय गुणों का उपदेश देने वाले दुनिया के महान विचारकों, चिन्तकों, दार्शनिकों में भी सर्वश्रेष्ठ हमारे महान देश के महामानव दार्शनिक यथा लगभग ढाई हजार पूर्व भारत में जन्में सर्वकालीन सर्वश्रेष्ठ वैश्विक वैचारिक प्रकाश स्तम्भ भगवान गौतम बुद्ध और पिछली सदी में, किसी पागल द्वारा शरीर गंवाने वाले महात्मा गाँधी जैसे दार्शनिकों ने अपने उक्त मानवीय विचारों से इस उथल-पुथल भरी दुनिया तक को सही रास्ता दिखाया है, यकीन नहीं होता,उन्हीं के देश में धर्म के नाम पर, जाति के नाम पर अपनी बेटियों तक को अपमानित,तिरस्कृत और डंडों से बर्बरतापूर्वक मारा-पीटा जा रहा है। दुनिया के अन्य देशों के विपरीत यहाँ के सत्ता के वर्तमान कर्णधारों द्वारा ही अपनी सत्ता के लिए देश भर में दंगे-फसाद कराना,अशांति फैलाना, धार्मिक वैमनस्यता फैलाना आदि कुकृत्य देखकर,नहीं लगता यह वही देश है, जहां कभी बुद्ध और गांधी जैसे महान लोग यहां हुए थे! विश्वगुरू कहलाने वाले इस देश के आधुनिक कर्णधारों का अवर्णनीय नैतिक, चारित्रिक पतन हो गया है।

– **निर्मल कुमार शर्मा**, गाजियाबाद

## रोजगार के लिए कौशल जरूरी

**तकनीक** सशक्त करती है, पर वह लाखों रोजगार समाप्त करती है क्योंकि स्मार्ट मशीनें काम के दुहराव को समाप्त करती हैं जिससे पुरानी पीढ़ियों को रोजगार मिलता था। दुनिया के अनेक स्कूल व विश्वविद्यालय पुरानी पद्धति पर काम कर रहे हैं जिसमें औपनिवेशिक युग की पदानुक्रम वाली विशिष्टता शामिल है। इसमें छात्रों को खाली बर्तन की तरह समझा जाता है जिसे ऐसे ज्ञान और कौशल से भरा जाता है जो स्थिर रोजगार बाजार के लिए उपयुक्त थे। इसका परिणाम यह है कि शिक्षा संस्थान अपनी शिक्षण विधियों से छात्रों को शक्तिहीन बना रहे हैं और उनको सशक्तीकरण का लाभ्ज देने में विफल हो रहे हैं। छात्रों को रचनात्मक व उद्यमी तरीके से समस्या-समाधान के लिए तैयार किया जाना चाहिए। उनको ऐसे कौशल, संसाधन व शक्ति देनी चाहिए जिससे वे सीखने के दौरान तथा स्नातक होने के बाद परिवर्तन कर सकें। इस प्रकार कौशल प्रशिक्षण को 'जीवन चक्र' पर केन्द्रित होना चाहिए जिसमें कौशल के सभी आयाम शामिल हों।

– **अभिषेक वर्मा**, कानपुर

## क्विक न्यूज

### बीएसपी एक्स-ओए की मीटिंग 2 को

**भिलाई।** बीएसपी पूर्व अधिकारी संघ की 45 वीं आम सभा की बैठक 2 जनवरी को सुबह 11 बजे प्रगति भवन (ओए बिल्डिंग), सिविक सेंटर, भिलाई में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में चिकित्सा और मेडिक्लेम मुद्दों, सेल पेंशन, ईपीएस 95 और 15 नवंबर को आयोजित प्रदर्शन पर चर्चा की जाएगी। क स्टार हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी मेडिक्लेम टॉप-अप का अधिकतम लाभ उठाने के लिए एक बड़ा समूह बनाने के लिए सहमति प्रपत्र वितरित करेगी। ओए के अध्यक्ष तथा सेफी चेयरमैन नरेंद्र बंछोर, महासचिव शाहिद अहमद और कोषाध्यक्ष अंकुर मिश्रा बैठक में भाग लेंगे और महत्वपूर्ण मुद्दों पर बोलेंगे।

### कांग्रेस सेवादल ने मनाया स्थापना दिवस

**भिलाई।** भिलाई शहर जिला कांग्रेस सेवादल के तत्वावधान में वार्ड 25 न्यू संतोषीपारा में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का 135 वां एवं कांग्रेस सेवादल का 97 वां स्थापना दिवस बनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रभाकर राव जनबंधु, ध्वज रक्षक भिलाई शहर जिला कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष खली नारायण सोनी थे। संचालन कार्यवाहक अध्यक्ष दिनेश गुप्ता एवं आभार प्रदर्शन वार्ड 25 के पार्षद दुर्गा प्रसाद साहू ने किया।प्रभाकर राव जनबंधु ने कांग्रेस एवं कांग्रेस सेवादल पर स्थापना से लेकर आज तक देश में किए योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कांग्रेस एवं कांग्रेस की रीढ़ सेवादल मिलकर जिस प्रकार छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा का समूल नाश किया है। कार्यक्रम में महेश जायसवाल, उषा सिंह, सरोज यादव, डी रमन्ना, एसटी नारायण, परविन्दर सिंह, बलदेव सिंह, फ्रांसिस, निजामुद्दीन, पप्पू यादव, महेश लांडेकर, सैय्यद, नरेश लहरी आदि उपस्थित थे।

### छात्रवृत्ति के संबंध में ऑनलाइन आवेदन

**बेमेतरा।** अनुसूचित जाति जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति 2019-20 की ऑनलाइन आवेदन हेतु जिले में संचालित समस्त शासकीय-अशासकीय महाविद्यालय इंजीनियरिंग एवं मेडिकल आईटी आई एवं पॉलिटेक्निक में पढ़न वाले अनु.जाति जनजाति एवं पिछडा वर्ग के विद्यार्थियों एवं प्राचार्यो, संस्था प्रमुखों को सूचित किया जाता है कि विगत वर्षानुसार शिक्षा सत्र 2019-20 हेतु पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 12 वीं से उच्च. की स्वीकृति एवं तिवरा की कार्यवाही एचटीपीपी एमपीएससी डॉट एमपी डॉट एनआईसी डॉट इनए सीजीपी एमएस के वेबसाइट पर ऑनलाईन प्रारंभ की जा रही है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि विद्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन हेतु नवीन एवं नवीनीकरण 21 नवम्बर 2019 से प्रारंभ हो गई है।

## तीन माह में रिसाली निगम बन गया

# 24 साल में भिलाई शहर जिला कांग्रेस नहीं बन सका : जैन

**भिलाई शहर जिला कांग्रेस के गठन में देरी पर कांग्रेसी नेताओं ने उठाए सवाल**

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com

24 साल बाद भी भिलाई को शहर कांग्रेस का दर्जा नहीं मिल पाया, जबकि इसे लेकर यहां के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हमेशा से ही प्रयास करते रहे।

उन्हें हर बार आश्वासन तो मिला लेकिन हमेशा से ही उनकी बातों को नजरअंदाज कर दिया गया। यह बातें आज पत्रकारवार्ता में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सज्जन प्रसाद दीक्षित, ज्ञानचंद जैन, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष उमेश तिवारी, अब्दुल कादीर सिद्धिकी आदि नेताओं ने कही। भिलाई शहर जिला कांग्रेस के गठन में देर पर कांग्रेसी नेताओं ने अनेक सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि तीन माह में रिसाली निगम बन गया लेकिन 24 साल में भिलाई जिला कांग्रेस नहीं बना सका। उन्होंने भिलाई शहर जिला कांग्रेस गठन में देरी को लेकर प्रदेश के बड़े नेताओं को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने इसके लिए



प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल, एआईसीसी के महासचिव मोतीलाल वोरा सहित एआईसीसी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर सवाल उठाया है। इन नेताओं का कहना है कि बड़े नेताओं की मंशा ही नहीं है कि भिलाई शहर जिला कांग्रेस का गठन हो।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि 1996 से भिलाई को शहर जिला कांग्रेस का दर्जा देने की मांग करते आ रहे हैं। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर स्व रामानुजलाल यादव से लेकर धनेन्द्र साहू, चरणदास महंत, भूपेश बघेल, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की महासचिव रही प्रभा राव, बीके हरिप्रसाद, पी नारायण स्वामी, पीएल पुनिया व मोतीलाल वोरा तक सभी ने भिलाई शहर के कांग्रेसियों को समय समय पर आश्वस्त भी किया और भिलाई शहर जिला कांग्रेस बनाए जाने का समर्थन किया। इन नेताओं ने भिलाई के कांग्रेसियों की आवाज को नहीं सुनी तथा केवल आश्वासन देते रहे। लंबे समय से उपेक्षित भिलाई के कार्यकर्ताओं को कभी भी भिलाई का नेता नहीं मिला। पिछले 24 वर्षों से यह शहर संगठन के लिए तरस रहा है। यही नहीं दुर्ग प्रवास के दौरान राहुल गांधी ने भी कार्यकर्ताओं के सवाल पर भिलाई शहर जिला कांग्रेस गठन का वादा किया था। इसके बाद अब तक भिलाई को शहर जिला कांग्रेस का दर्जा नहीं मिल पाया है। प्रेसवार्ता में कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि दो माह पूर्व यहां के कार्यकर्ताओं का हस्ताक्षरित पत्र सभी बड़े नेताओं को भेजा गया लेकिन प्रदेश संगठन ने इस पर ध्यान नहीं दिया। कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि जल्द ही भिलाई शहर जिला कांग्रेस का गठन नहीं किया गया तो आने वाले चुनावों में भारी परेशानियों को सामना करना पड़ सकता है।

# समाज को एकजुट रखना सबसे बड़ी चुनौती : सांसद विजय

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com



अग्रसेन भवन न्यू खुर्सीपार में अग्रसेन सेवा समिति का पांच दिवसीय निशुल्क योग एवं चिकित्सा शिविर का समापन हुआ. इस मौके पर मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने अग्रवाल समाज के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि अग्रवाल समाज सदैव सकारात्मक कार्यों में लगा रहता है। सामाजिक, सांस्कृतिक एवं स्वास्थ्यवर्धक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी लेने के कारण ही अग्रवाल समाज की अपनी एक अलग पहचान है। श्री बघेल ने कहा कि समाज के सदस्यों को एकजुट करके रखना अपने आप में एक बड़ी चुनौती होती है जिसे अग्रवाल समाज बखूबी निभा रहा है। शिविर समापन की अध्यक्षता कर रहे रूंगटा डेंटल कॉलेज के एमडी संजय रुंगटा ने कहा कि शिविर में जिन लोगों का दंत चिकित्सा परीक्षण किया गया है उन्हें कॉलेज में आने पर पूरी चिकित्सा निशुल्क प्रदान की जाएगी। उन्होंने अग्रवाल सेवा समिति के महासचिव रतन लाल अग्रवाल एवं अध्यक्ष सन्तोष अग्रवाल की प्रशंसा करते हुए कहा उनके मार्गदर्शन में खुर्सीपार का अग्रसेन भवन अत्यधिक सुंदर एवं बहु उपयोगी बन सका है। महासचिव रतन लाल अग्रवाल ने बताया कि अग्रवाल सेवा समिति के प्रयास से डेढ़ साल में बहुत से सामाजिक, सांस्कृतिक एवं समाजसेवी कार्यक्रम किए गए हैं। अग्रवाल सेवा समिति ने जरूरत पड़ने पर प्रशासन को भवन निशुल्क प्रदान किया गया है। समाज के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने अतिथियों का प्रतीक चिन्ह एवं अग्रसेन दुपट्टा देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अतिथियों ने चिकित्सा शिविर में लगे डॉक्टर एवं उनके स्टाफ को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

अग्रवाल सेवा समिति के निशुल्क चिकित्सा शिविर में शुगर, ब्लड प्रेशर, नेत्र एवं दंत परीक्षण किया गया लगभग 200 से अधिक व्यक्तियों का चिकित्सा परीक्षण किया गया। चिकित्सा परीक्षण शिविर में विशेषज्ञों के अलावा पैरामेडिकल स्टाफ ने शाम 4 बजे तक अपनी सेवाएं दी। जिन व्यक्तियों का परीक्षण किया गया उनके और अधिक इलाज के लिए निशुल्क सुविधा प्रदान करने की घोषणा की गई। चिकित्सा शिविर में साई नेत्र हॉस्पिटल से डॉ. संगीता बावनकुरे, संजय रुंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट रुंगटा डेंटल कॉलेज से डॉ. राम तिवारी , डॉ. स्नेहा सिंह, पतंजलि आयुर्वेद से डॉ. स्तुति सिंह सिसोदिया ने अपनी सेवाएं दीं। समापन समारोह में संतोष अग्रवाल, रतनलाल अग्रवाल, रामनाथ अग्रवाल, तोता राम, उमाशंकर अग्रवाल, प्रेम अग्रवाल, संजय, शंकरलाल, शिरीष, पवन योगेश, राहुल विष्णु, मनीष, सरला, प्रेमलता, शारदा अग्रवाल उपस्थित थे।

# पंथी नृत्य स्पर्धा के साथ मनाई गुरु घासीदास की जयंती



पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

सतनामी आश्रम कल्याण समिति दुर्ग द्वारा सिविल लाइन दुर्ग में आज गुरु घासीदास जयंती भव्य रूप से मनाया गया। इस मौके पर विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित करने के साथ ही पंथी नृत्य प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग शहर विधायक अरूण वोरा थे। अध्यक्षता सेवानिवृत्त न्यायाधीश एम।डी। माहिलकर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में अहिवारा विधानसभा के पूर्व विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, सेवानिवृत्त जिला पंजीयक डी।एल। रात्रे, सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमारी मारकंडे, अम्बालिका मारकंडे मौजूद थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री वोरा ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने मनखे-मनखे एक समान की सूत्र वाक्य के साथ सामाजिक समरसता का संदेश दिया। उनके जीवन एवं संदेश से प्रेरणा लेते हुए हम सबको इस पर अमल करना चाहिए। उन्होंने अपने संदेश से सभी समाज के लोगों का पथ प्रदर्शन किया है। पूर्व विधायक श्री कोर्सेवाड़ा एवं सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश एम।डी। माहिलकर आदि ने भी संबोधित किए। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत प्रभात फेरी के साथ हुई। प्रभात फेरी पश्चात झण्डारोहण उपरांत मिनी माता अलंकरण से सम्मानित रूखमणी चतुर्वेदी, अमृता बारले, चंदूलाल चंद्रकार पत्रकारिता राज्य अंलकरण से सम्मानित नवभारत पत्रकार रोमशंकर यादव, सेवानिवृत्त अपर कलेक्टर के।आर। ओगरे, सिविल सर्जन दुर्ग डॉ। पी। बालकिशोर, डॉ। आकाश जांगड़े, डॉ। मोहनीश खुटेल, आर।एस। बारले आदि विशिष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों का सम्मान अतिथियों द्वारा शाल, श्रीफल, प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर किया गया। सम्मान पश्चात पंथी नृत्य प्रतियोगिता की शुरूआत हुई। इस दौरान भागवत प्रसाद मारकंडे, उषा देशलहरा, नन्हें दास चतुर्वेदी, लेमकला वेद, जी।जी। मंडले, दिवांकर गायकवाड़, छत्रसाल गायकवाड़, सी।डी। जांगड़े, एस।आर। नारंग, आर।डी। पाटिल, के।आर। मारकंडे, महेश कौशिक, सरजू बंजारे, राजू टण्डन, दीपमाला देशलहरे, जैजै सिंह गायकवाड़, भागवत बंजारे, जोहर जांगड़े सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# कुश्ती के राष्ट्रीय स्पर्धा में छग के बिजेन्द्र पाल सिंह ने जीता कांस्य पदक

पायनियर संवाददाता < भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

आगरा उत्तरप्रदेश में टाटा मोटर्स आगरा फ्री स्टाईल सेकेण्ड सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती मिट्टी दंगल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के बिजेन्द्र पाल सिंह ने 86 कि.ग्रा. वर्ग में कांस्य पदक जीतने का गौरव हासिल किया है। कुश्ती के खेल में छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के पश्चात प्रथम मेडल जीतने का गौरव खुर्सीपार भिलाई के पहलवान बिजेन्द्र पाल सिंह ने हासिल किया है। कांस्य पदक के साथ-साथ विजेता खिलाड़ी को 15 हजार रूपये नगद ईनाम राशि भी दी गई है। इस स्पर्धा में 25 राज्य, रेल्वे, आर्मी, सविर्सेस के 103 खिलाड़ियों ने भाग लिया है। उत्तरप्रदेश कुश्ती महासंघ के बैनर तले आयोजित इस राष्ट्रीय स्पर्धा में मुख्य अतिथि के रूप में कुश्ती संघ



के राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह उपस्थित थे। आगरा उत्तरप्रदेश में आयोजित इस स्पर्धा में भिलाई इस्पात संयंत्र कर्मी पूर्व कुश्ती पहलवान खुशी सिंह के सुपुत्र बिजेन्द्र पाल सिंह ने 86 कि.ग्रा वर्ग में यूपी के अजय तोमर को पराजित कर कांस्य पदक व 15 हजार रूपये नगद ईनाम जीता। बिजेन्द्र पाल सिंह की इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष पहलवान जगन्नाथ यादव, उपाध्यक्ष गामा पहलवान, महासचिव प्रशांत राय, विरेन्द्र यादव, श्रीकांत, भगवान पहलवान, राकेश सिंह, राघवेन्द्र सिंह, मंगल सिंह, सतपाल सिंह, क्षत्रिय कल्याण सभा के अध्यक्ष दिग्विजय बहादुर सिंह, कोषाध्यक्ष संजय सिंह, सुनील कुमार सिंह, छत्तीसगढ़ प्रदेश बॉडी बिल्डिंग संघ के महासचिव अरविन्द सिंह, पंजा कुश्ती संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी.सुरेश बाबे, छत्तीसगढ़ प्रदेश तैराकी संघ के अध्यक्ष गोपाल खण्डेलवाल, भिलाई इस्पात संयंत्र के खेल अधिकारी सही राम जाखड़, जूडो संघ के प्रदेश महासचिव अरूण द्विवेदी, अर्जुन अवार्डी राजेन्द्र प्रसाद, पूर्व मुक्केबाज सुरेश चंद ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। विजेता पहलवान बिजेन्द्र पाल सिंह 30 दिसंबर को उत्तरप्रदेश से रवाना होकर 31 दिसंबर को भिलाई-दुर्ग आगमन होगा इस अवसर पर कुश्ती संघ द्वारा भव्य स्वागत की तैयारी की जा रही है।

# सिख समाज के लोगों ने शौर्य का प्रदर्शन




पायनियर संवाददाता < भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सिक्ख पंचायत भिलाई-दुर्ग एवं गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी केम्प-1 द्वारा रविवार को नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। खालसा पंथ के दशवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह के 353 वें प्रकाश उत्सव के अवसर पर नगर कीर्तन गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब, केम्प-1 भिलाई की अगुवाई में नगर की सभी गुरुद्वारा कमेटियों के सहयोग से निकाला गया। इस अवसर पर नगर कीर्तन विशेषताओं से परिपूर्ण रहा। जिसमें गुरुओं की वाणी एवं कीर्तन जत्थो द्वारा मधुर कीर्तन एवं शब्दों का गायन किया जा रहा था। इस दौरान सिख समाज के लोगों ने शौर्य का प्रदर्शन भी किया। सुपेला भिलाई का बाबा अजीत सिंह गतका एकेडमी का गतका प्रदर्शन के साथ-साथ रंजीत नंगाड़ा, बैंड पार्टी भी हर साल की तरह खास था। इसके अलावा संगत द्वारा जगह-जगह पर चाय काफी, फल फरूट, पोहा लंगर के स्टाल लगाये गए थे। यह नगर कीर्तन इस्पात नगरी भिलाई के प्रमुख चौक-चौराहों से होते हुए गुजरा।

# खेल प्रतिभाओं को निखारने मेयर ने बनवाया डेढ़ करोड़ का अत्याधुनिक स्टेडियम

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com

हाउसिंग बोर्ड वार्ड-26 में 1.37 करोड़ रुपए की लागत से अत्याधुनिक एवं सवर्सुविधायुक्त क्रिकेट स्टेडियम बनकर तैयार हो गया है। 30 दिसंबर सोमवार की शाम 6 बजे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल स्टेडियम लोकार्पण करेंगे। हाउसिंग बोर्ड वार्ड-26 में 1.37 करोड़ रुपए की लागत से भिलाई नगर विधायक व महापौर देवेंद्र यादव ने अपने महापौर निधि से इस स्टेडियम को बनवाया है। शहर के पटरीपार इलाके की खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए मेयर देवेंद्र यादव



ने सबसे बड़ी सौगात दी है। खिलाड़ियों की को यह बेहतरीन खेल शिक्षा दी जाएगी। साथ ही यहाँ बेस्ट सुविधाएं भी है। स्टेडियम की खासियत मैदान में नेचुरल ग्रीन ग्रास लगाई गई है। वीआईपी गैलरी और चेंजिंग रूम की भी सुविधा। यह पटरी पार का पहला और सवर्सुविधायुक्त खेल मैदान है।

# कलेक्टर ने ली धान खरीदी के संबंध में नोडल अधिकारियों की बैठक

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर शिखा राजपूत तिवारी ने रविवार को जिला पंचायत के सभागृह में नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 में धान उपार्जन केन्द्रों में भौतिक सत्यापन करने के संबंध में जानकारी ली। ज्ञात हो कि जिले के 54 सहकारी समितियों के अंतर्गत 91 धान खरीदी केन्द्र बनाए गये है जहां किसानों से धान का उपार्जन किया जा रहा है। कलेक्टर ने साफ चेतावनी देते हुए कहा कि इस कार्य में उदासीनता एवं



लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधीश ने खाद्यए एवं नोडल अधिकारियों को धान के उठाव, स्टैकिंग के बार में जानकारी लेते हुए कहा कि धान की स्टैकिंग सही सही करें। जिससे धान के उठाव करते समय गणना करने असुविधा न हो। उन्होंने पुराने और नए बारदाने का भौतिक सत्यापन एवं भण्डारा का जानकारी लेते हुए सभी धान उपार्जन के केन्द्रों के नोडल अधिकारियों से लिखित रूप से जवाब मांगा। जिलाधीश ने कहा कि छोटे किसानों के टोकन की व्यवस्था को प्राथमिता दें ताकि धान खरीदी में असुविधा न हो। जिला विपणन अधिकारी ने बताया कि जिले में 1 दिसम्बर से प्रारंभ हुई यह कार्य आगामी 15 फरवरी 2020 तक चलेगा। बैठक के दौरान किसानों को जारी किए जा रहे टोकन के संबंध में जानकारी ली। धान उपार्जन केन्द्रों में नमी मापक यंत्र के माध्यम से पड़ताल कर धान का उपार्जन हो। बैठक में बारदाना आदि के संबंध में भी चर्चा की गई।

## घर की बाड़ी में तैयार किया 200 प्रकार के देशी

# नई प्रजाति के बैगन तैयार कर किसान ने दी कृषि वैज्ञानिकों को मात

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

अतिरिक्त आमदनी के लिए तो हर किसान उत्पादन लेता है लेकिन कुछ किसान देशी फसल के संरक्षण पर भी काम कर रहे हैं। ऐसा ही एक शख्स जिले में है जो अब तक 200 प्रकार के देशी बैगन के बीज तैयार चुका है। इससे अब अन्य किसान भी प्रेरित हो रहे हैं। हाईब्रीड फसल लेने के चलते किसान देशी फसल को भूलते जा रहे हैं। ऐसे में देशी फसल को विलुप्ति से बचाने के लिए हर साल कुछ पौधे लगाकर उसे बचाने की कोशिश की जा रही है। कवर्धा ब्लॉक के ग्राम कोको में किसान शिवकुमार चंद्रवंशी देशी बैगन को संरक्षित करने का बीड़ा उठाया है। छत्तीसगढ़ से वह एकमात्र किसान हैं जो इस तरह से देशी बैगन के बीज का संरक्षण कर रहे हैं। पिछले 25 साल से वह अपने घर की बाड़ी में ही देशी बैगन लगाकर नई-नई प्रजाति के बैगन तैयार कर रहे हैं। अब तक 200 प्रकार के देशी बैगन की विभिन्न प्रजाति तैयार कर चुके हैं। यह कार्य मुख्य रूप से कृषि विज्ञान केंद्र और अनुसंधान केंद्र में किया जाता है, जबकि एक किसान यह वैज्ञानिक प्रयोग अपने घर की बाड़ी में ही कर रहे हैं। केवल बीज तैयार करने के लिए किसान हर साल 40 से 50 हजार रुपए खर्च करता है। इन देशी बीजों को भारत सरकार भी संरक्षित रखे इसके लिए सभी प्रकार के बीजों को पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण नई दिल्ली भी भेजा है। बीजों पर तीन से साल कृषि वैज्ञानिक टेस्टिंग कर रहे हैं। पूर्ण जांच के बाद शिवकुमार द्वारा तैयार देशी बैगन बीज को सरकार पंजीयन कर संरक्षित रखेगा।





### विभिन्न प्रकार के बैगन

सफेद, हरा और जामुनी रंग के तो बैगन हर किसी ने तो देखा होगा, लेकिन इनके अलावा और इन सभी रंग से मिलावट तैयार बैगन केवल ग्राम कोको में दिखाई देगा। काला, सफेद-जामुनी, कई प्रकार के धारीदार, हल्का गुलाबी, गहरा जामुनी, कोई बैगन एक फीट लंबा तो कोई आधा किलो से अधिक वजनी। कोई बैगन सेब आकार में तो कोई अंडा आकार का। मतलब हर किस्म के बैगन दिखाई देंगे।

### बैगन को दिया खुद का नाम

बीज तैयार करने के साथ ही उनकी पहचान और खासियत क्या है यह भी पता होना चाहिए। इसके लिए सभी बैगन को नाम दिया गया है। एसकेटी-1 से 200 नंबर तक देशी बैगन की विभिन्न प्रजाति को नाम दिया गया है। ताकि इसकी वैरायटी और बैगन की खासियत को बताया जा सके। इसके साथ ही इस वैरायटी को कोई और ही अपने नाम न कर लें। वहीं एसकेटी का पूरा अर्थ शिव कुमार तातूराम है।

### 15 बीजों से की शुरूआत

उद्यानिकी उन्नत कृषक शिवकुमार चंद्रवंशी ने जब खेती संभाली तो दादी व पिता से विरासत में 15 प्रकार के बैगन के बीज भी मिले। इस पर शिवकुमार ने देशी बीज को संरक्षित करने की ठान ली। फिर शुरू हुआ बीजों से नई प्रजाति करने करने का सिलसिला। अधिकतर बीज प्राकृतिक रूप से तैयार किए तो कुछ को स्वयं परागण मिलाकर क्रास कराया। इस तरह साल दर साल प्रजाति बढ़ती गई। 8 वीं पास किसान ने दी कृषि वैज्ञानिकों को मात, घर की बाड़ी में तैयार किया

### 200 किस्म के बैगन के बीज,राष्ट्रीय स्तर पर मिला पुरस्कार

बीज संरक्षण को लेकर शिवकुमार राष्ट्रीय पुरस्कार भी प्राप्त कर चुके हैं। वर्ष 2017 में बीज संरक्षण को लेकर उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर प्रशस्ति पत्र और एक लाख रुपए ईनाम मिला। वहीं वर्ष 2013 में उन्नत खेती पर गुजरात में सम्मानित हुए और 51 हजार रुपए पुरस्कार मिला। वहीं विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, कृषि अनुसंधान केंद्र, कृषि विज्ञान केंद्रों से भी सम्मानित हुए। उद्यानिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य के लिए 40 से अधिक प्रकार के प्रशस्ति पत्र प्राप्त कर चुके हैं।

### कृषकों के लिए प्रेरणा

कृषक शिवकुमार हाईब्रीड फसल लेकर अधिक उत्पादन लेते हैं जिससे की उनका जीवकोपार्जन चलता है। लेकिन इसके साथ ही वह देशी वैरायटी को बचाने भी प्रयासरत है, क्योंकि अधिकतर किसान अधिक उत्पादन के चक्कर में देशी फसलों का उत्पादन ही बंद कर दिए हैं। ऐसे में बड़े किसानों को इनसे सीख लेनी चाहिए ताकि वह भी अन्य फसलों को संरक्षित कर सके।

# टाउनशिप में चलाया गया ऑपरेशन महान

पायनियर संवाददाता < भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग ने ऑपरेशन महान के तहत ट्रैफिक पार्क, सिविक सेन्टर तथा अन्य जगहों में रविवार को विशेष सफाई अभियान चलाया। यहां सुबह से शाम तक किए गई सफाई के दौरान 8 ट्रैक्टर ट्रॉली से कई फेरा कचरा निकाला गया। इस दौरान यहां मौजूद गंदगी को भी यहां से हटाया गया। यातायात विभाग हर साल सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत विभिन्न कार्यक्रम इस पार्क में ही करता है। बीएसपी का पीएचडी विभाग स्वच्छता के इस अभियान से आम लोगों को जोड़ने की कोशिश कर रहा है। रविवार की सुबह इस अभियान मे पीएचडी टीम के साथ गुड मॉर्निंग टीम व नागरिकों ने भी इस अभियान में हिस्सा लिया। पीएचडी टीम द्वारा ट्रैफिक पार्क में



झाड़ियों को काटा, सड़कों की सफाई कर उसमें मौजूद गंदगी को हटाया। ट्रैफिक पार्क के भीतर गंदगी की भरमार थी। विभाग के मुताबिक करीब 8 ट्रैक्टर ट्रॉली से 30 फेरा लगवाया गया। तब जाकर पार्क में कदम रखने लायक स्थिति बनी। इस मौके पर विभाग के उप महाप्रबंधक केके यादव, गणेश, नागराजू, गुड मॉर्निंग एसोसिएशन के योगेंद्र पांडेय, मंगा सिंह, गुल्लू, श्रीवास्तव, राजू यादव, अंजनी राय, जसकेटन टांडी, रोहित तिवारी मौजूद थे।

## क्विक न्यूज

### रासेयो शिविर से हो रहा स्वयं सेवकों का व्यक्तित्व विकास

**रायगढ़।** महापल्ली हेम सुंदर गुप्ता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महापल्ली की एनएसएस इकाई का सप्त दिवसीय शिविर ग्राम छुहीपाली में संचालित इस शिविर के माध्यम से बच्चे अपने व्यक्तित्व विकास और समाज सेवा की भावना का शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। विदित हो कि यह सप्त दिवसीय विशेष शिविर ग्रामीण विकास नरवा गरवा बारी के लिए युवा थीम को लेकर छुहीपाली में संचालित की जा रही है। इसमें प्रत्येक दिवस रासेयो शिविर दिनचर्या के अनुसार सुबह 6 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक विभिन्न उद्देश्य जैसे ग्रामीण विकास के लिए युवा, स्वछता अभियान, नाश मुक्ति इत्यादि को रैली निकाल कर व ग्राम में परियोजना कार्य कर ग्रामीण जनों के बीच अपनी बातों को सार्थक रूप से रख रहे हैं।

### इस जीव ने अब तक न जाने कितने चोले बदले हैं: श्री हंसकीर्ति



**मुंगेली।** इस जीव ने अब तक न जाने कितने चोले बदले हैं। संसार के सारे सुख और दुखों को भोगा है किन्तु आज भी जीव की स्थिति वही की वही रह गई है, क्योंकि जीव ने सब कुछ बदला परन्तु अपना स्वभाव नहीं बदला। उक्त बातें आज स्थानीय जैन मंदिर में श्रद्धालुगण को संबोधित करते हुए जैन साध्वी प्रवचन पट्टू श्री हंसकीर्ति श्री म.सा. ने व्यक्त किए। साध्वी ने आगे कहा कि हमें अपने अंतर की स्थिति को समझना और बदलना होगा तभी मानव जीवन मिलना सार्थक हो पायेगा। उल्लेखनीय है कि आज जैन साध्वी प्रवर्तिनी श्री निपुणाश्री म.सा. की अंतेवासिनी प.पू. बस्तर प्रहरी, दीर्घ संयमी श्री राजेषश्री म.सा. आदि ठाणा 6 का मुंगेली नगर आगमन हुआ।

### नाट्य समारोह के तीसरे दिन नाटक गांधी विरुद्ध गांधी का मंचन हुआ



**रायगढ़।** 26 वें राष्ट्रीय नाट्य समारोह के तीसरे दिन रंगरूपिया थिएटर इंदौर ने नाटक गांधी विरुद्ध गांधी का मंचन किया। इस नाटक में गांधी जी और उनके बड़े बेटे हरिलाल के मतभेद प्रस्तुत किए गए हैं। नाटक की कहानी हरिलाल और महात्मा गांधी के इर्द-गिर्द घूमती है। यह बात सर्वमान्य है कि हरिलाल और उनके पिता में वैचारिक मतभेद था।

# आरसीए ने जीता अंडर-16 ड्यूस बाल क्रिकेट स्पर्धा का खिताब

■ **फाइनल में जीसीए को 14 रनों से हराया**

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

गुरुकुल क्रिकेट एकेडमी के तत्वावधान में आयोजित अंडर-16 ड्यूस बाल क्रिकेट स्पर्धा का खिताब रायगढ़ क्रिकेट एकेडमी (आरसीए) ने अपने नाम कर लिया। उसने फाइनल में गुरुकुल क्रिकेट एकेडमी (जीसीए) को 14 रन से हरा दिया।

गुरुकुल क्रिकेट एकेडमी के तत्वावधान में आईटीआई ग्राउंड में अंडर-16 ड्यूस बाल क्रिकेट स्पर्धा आयोजित की गई थी। जिसमें आरसीए, जीसीए के साथ जिंदल एकेडमी घरघोड़ा व पुसौर की टीम ने हिस्सा लिया। लीग मैच में बेहतर प्रदर्शन कर आरसीए व जीसीए ने फाइनल में स्थान बनाया था। रविवार को स्पर्धा का फाइनल मुकाबला खेला गया।

गुरुकुल क्रिकेट एकेडमी के संचालक महेश दधिचि ने बताया कि फाइनल मैच में आरसीए के कप्तान



ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। अविनाश के शानदार 65 रन और संस्कार के 36 रन की साझेदारी से आरसीए ने 161 रनों का स्कोर खड़ा किया। गुरुकुल की तरफ से सुजॉय ने 2, शुभम सिंह ने 4 विकेट लिए और कृश ने एक विकेट लिया। 162 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जीसीए की टीम 147 रन पर आउट हो गई। गुरुकुल की ओर से अनिमेश ने 15, शुभम अग्रवाल ने 17, शुभम सिंह ने 18, प्रसिद्ध ने 19, सलामत ने 15 व आदर्श ने 25 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी में आरसीए की ओर से विनम्र ने 6 ओवर में 31 रन देकर 4 विकेट लिए। राहुल, अविनाश, राजू, आशीष ने एक-एक विकेट लिया। इस तरह आरसीए ने यह मैच 14 रन से जीतकर स्पर्धा के खिताब पर कब्जा जमाया।

### मैन आफ द मैच अविनाश व मैन ऑफ द सीरीज आशीष रहे

मैच के बाद पुरस्कार वितरण किया गया। इसमें अतिथियों ने विजेता व उपविजेता टीम को कप प्रदान करने के साथ ही स्पर्धा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। संचालक महेश दधिचि ने बताया कि फाइनल मैच का मैन ऑफ द मैच आरसीए के अविनाश रहे। जिन्होंने हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए शानदार 65 रन बनाने के साथ एक विकेट भी लिया। इसी तरह मैन आफद सीरीज का पुरस्कार आशीष ओझा के नाम रहा। बेस्ट बेट्समैन अविनाश सिंह व बेस्ट बॉलर का पुरस्कार विनम्र को दिया गया। बेस्ट विकेट कीपर का पुरस्कार अक्षत उपाध्याय को मिला।

# बढ़ते ठंड में स्वेटर बाजारों के साथ-साथ पंचायत चुनाव की सरगर्मियां होने लगी तेज

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



नगर सहित पुरा जिला इन दिनों शीत लहर की चपेट में है,, पश्चिमी विछोभ के चलते मौसम में कुछ बदलाव आया था किंतु बादल छटते ही कड़ाके की ठंड ने लोगो को घर मे रहने मजबूर कर दिया,, लगातार गिरते तापमान के चलते लोगो को अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है,,,सुबह सबेरे मार्निंग वाक पर निकलने वाले लोगो मे भी भारी कमी देखी जा रही।

बढ़ते ठंड में स्वेटर बाजार हुआ गर्म - शीत लहर के बढ़ते कहर ने लोगो को ठिठुरने को मजबूर कर दिया है जिसके चलते लगभग निराश हो चुके गर्म कपड़ों का बाजार लगाने वाले कारोबारियों के चेहरों पर भी खुशी दिखने लगी है,,, जहां कुछ दिनों पहले तक इन कारोबारियों ने अपने स्टॉक जाम होने के चिंतित थे वही अब लोगो की बढ़ती पूछ परख के कारण कारोबार में व्यस्त हो चले हैं,,, नगर के कपड़ा व्यवसायी मुरली वाला ड्रेसेस के संचालक ने बताया अब उलन कपड़ो, जैकेट के पूछ परख से काम मे तेजी आई है,, सुबह से ही गर्म कपड़ों की बिक्री शुरू हो जाती है,,, बड़तेठण्ड के आगाज ने जहां ग्रामीणों और नगर वासियों को जहां गर्म कपड़ों के लिये महबुर कर दिया है वही नगर पालिका ने भी चैक चैराहो पर अलाव के व्यवस्था किये हैं,,, ताकि लोगो को कोई परेशानी न हो,,,और ठंड से राहत मिल सके।

चिल्फी घाटी, सहित सुदूर वनाचलो में पारा कहि कहि 4डिग्री तक पहुचे की बात कही जा रही है। ग्रामीणों में बढ़ते ठंड से चैपाल लगा चुनावी चर्चाएं भी शुरू होने लगी है,, त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की घोषणा के साथ ही गाँवो में अब चुनावी मुद्दा भी गरमाने लगा है,, ग्रामीण इलाकों में लोगो को झुंड बना कर आग तापते हुई चुनावी चर्चा में मसरूफदेखा जा सकता है। आने वाले 28 जनवरी को मुंगेली ब्लाक में जिला पंचायत, जनपद पंचायत, सरपंच एवं पंचों का मतदान किया जाना है,, जिसके लिए 30 दिसम्बर से 6 जनवरी तक प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल किया जाना है,,, जिसको लेकर ग्रामीण इलाकों मे भी चुनावी सरगर्मियां अब शुरू होने लगी है।

# बाइबिल के पवित्र शब्द का शो में उड़ाया मजाक

■ **मसीही समाज में आक्रोश, हुई शिकायत**

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

विश्वासगढ़ चर्च की मसीही समिति के द्वारा पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर बालीवुड प्रोड्युसर फ रहा खान अभिनेत्री रवीना टंडन व कॉमेडियन भारती सिंह के खिलाफ शिकायत किया गया है।

मामला यू-ट्यूब चैनल पर बैंक बेचर्स का शो 26 दिसंबर को प्रसारित किया गया था। शिकायत में कहा गया है कि यूटुब चैनल में दिखाए गए शो के दौरान शो की संचालिका बॉलीवुड की प्रोड्यूसर फरहा खान द्वारा मसीही समाज के धर्म ग्रंथ बाइबल के पवित्र शब्द हालेलूलयाह को अभिनेत्री रवीना टंडन एंव कॉमेडियन भारती सिंह को लिखने कहती है और इसके बदले में 10 अंक देने की बात कहती है जिसमें अभिनेत्री रवीना टंडन द्वारा एवं कॉमेडियन भारती सिंह द्वारा हालेलूलयाह शब्द को लिखती है। जिसमें कॉमेडियन भारती सिंह द्वारा हालेलूलयाह शब्द का गलत और अश्लील तरीके से लिखती है जिसे फरहा खान एवं रवीना टंडन द्वारा समर्थन देकर इसी मजाक में अश्लीलता से लिया जाता है।

# दिव्यांगजनों के जीवन में लौट रही खुशियां

■ **बनोरा के निःशुल्क शिविर से मिल रहा लगातार लाभ**

**रायगढ़।** दिव्यांगता जीवन का अभिशाप नहीं है बल्कि बनोरा की प्रयोगशाला ने इसे वरदान बनाया है। सात दिनों तक चलने वाले इस निःशुल्क कैलिपर्स शिविर से आसपास के राज्यो सहित अंचल के दिव्यांगजनों को लाभ मिल रहा है। अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट बनोरा क्षेत्रवासियो के लिए अध्यात्म का मार्ग दिखाने का माध्यम है। यहां की आध्यत्मिक शक्ति का प्रभाव है कि शारीरिक रूप से अक्षम निराश लोगों को जीवन जीने की नई राह दिख रही है। निरन्तर पांच वर्षो से होने वाले सात दिवसीय निःशुल्क आयोजन का लाभ प्रदेश भर के दिव्यांगजनो को हो रहा है। दिव्यांग



जन कृत्रिम अंग व कैलिपर्स के लिए बनोरा शिविर के आयोजन के दौरान यहां आकर लाभांवित हो रहे हैं। 24 से प्रारंभ शिविर का 30 दिसंबर को अपरान्ह विधिवत समापन होगा। शिविर में आये दिव्यांगजनो ने चर्चा के दौरान बताया कि यह शिविर उनके लिए नवजीवन का संदेश है। आर्थिक परेशानियां अज्ञानता व साधनों की कमी की वजह से क्षेत्र के दिव्यांगजन कठिन जीवन जीने के लिए विवश थे। कृत्रिम अंगों व कैलिपर्स के इलाज की सबसे बेहतर की सुविधा पूरे देश मे केवल जयपुर में ही है, लेकिन आवागमन की असुविधा के साथ खर्चीला इलाज होने की वजह से दिव्यांगजन इसके इलाज से वंचित थे। शरीर के वजन कम ज्यादा होने का असर भी कैलिपर्स व कृत्रिम अंगों पर पड़ता है इसके सतत सुधार की आवश्यकता होती है। ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले दिव्यांगजन बार बार इसके सुधार के लिए नहीं जा पाते, लेकिन बनोरा में हर साल आयोजित होने वाले शिविर में उन्हें सुधार की सुविधा आसानी से हासिल हो जाती है।

# कोयला लोड ट्रेलर पकड़ाया

## चक्रधर नगर पुलिस की कार्रवाई

**रायगढ़।** चक्रधर नगर पुलिस द्वारा अवैध शराब व अवैध कोल परिवहन करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम टपरिया ओड़िसा क्षेत्र से अवैध कोयला ट्रेलर में परिवहन कर रायगढ़ क्षेत्र में खपाने की तैयारी की जा रही है। सूचना से उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर चक्रधर नगर पुलिस स्टाफ द्वारा चक्रधर नगर सीमा पर नाकाबंदी कर उनको वनदेवी मंदिर मार्ग ओड़िसा में रुकवा कर ट्रेलर के अंदर चेक किया। ओड़िसा से उक्त ट्रेलर में लगभग 31 टन अवैध



कोयला उड़ीसा के टपरिया एरिया से लेकर रायगढ़ क्षेत्र में खपाने के फिराक में परिवहन करना बताया पूछताछ कर उक्त वाहन का मालिक ब्रजेश यादव निवासी रायगढ़ एवं कोयले का मालिक बंटी बाबू बताए हैं आरोपियों से उक्त शराब व अवैध कोयला मूल्य लगभग 124000 रुपए लदा एक वाहन जप्त कर आरोपियों को हिरासत में लिया गया है।

# अफगानिस्तान की प्याज पहुंची सक्ती

■ **प्याज के बढ़ते भाव को देखते हुए व्यापारी अन्य देशों की मंगवा रहे हैं प्याज**

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

विगत 2 माह से देशभर में लोगों को तेजी के नाम पर रुलाने वाली प्याज के नखरे कम ना होते देख सक्ति अंचल के व्यापारी अफ्गानिस्तान देश से प्याज मंगा रहे हैं, तथा देशी प्याज की तुलना में यह प्याज काफी सस्ती एवं सुंदर भी है तथा लोगों को काफी भा रही है सक्ति शहर के आलू-प्याज के होलसेल व्यापारी सुनील



ट्रेडर्स के बाराद्वार रोड स्थित गोदाम में आज अफगानिस्तान की प्याज छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से पहुंची तथा अफ्गानिस्तान की प्याज को देखने एवं खरीदने लोगों की भारी भीड़ लगी रही एवं यह प्याज दिखने में काफी सुंदर एवं इसकी साइज काफी बड़ी बड़ी थी तथा इस संबंध में सुनील ट्रेडर्स के संचालक सुनील कृपलानी एवं सुरेश कृपलानी ने बताया कि अफ्गानिस्तान की प्याज इतनी बड़ी साइज है कि 1 किलो में बमुश्किल दो या तीन पीस ही चढ़ रही है तथा यह प्याज थोक में दुकानदारों को 50 किलो की दर पर मिलेगी तो वही वर्तमान में देसी प्याज भी 70 किलो के भाव पर पहुंच चुकी है, अफ्गानिस्तान की प्याज जैसे ही सक्ति पहुंची लोगों को खबर लगी एवं लोग खरीदने के लिए टूट पड़े सुनील कृपलानी ने बताया कि उन्होंने इस प्याज को सिर्फ एक गाड़ी ही मंगवाया है।

### कुत्तों के हमले से बाल-बाल बचा मोर



**रायगढ़।** जिंदल मार्ग स्थित चिराइपानी रोड पर राइनो पुलिस ने कुत्तो के झूंड के हमले से एक राष्ट्रीय पक्षी मयूर को बचा कर इंदिरा विहार में सुरक्षित पहुंचा दिया है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर कोतरा रोड राइनो जब जिंदल रोड चिराइपानी की ओर पेट्रोलिंग पर निकली थी इसी दौरान टीम ने देखा की चिराइपानी रोड पर करीब एक बजे कुत्तों का झुंड मयूर को दौड़ा रहे थे। जानकारी राइनो वन के पुलिस जवान इलयजा टोप्पो, शुभम तिवारी व चालक समीर खान को लगी तो उसे कुत्तो से बचा कर उन्होंने इंद्राविहार पहुंचाया।

# पंजीकृत रकबे में कमी कर दिए जाने से किसान नहीं बेच पा रहे धान

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिले के अधिकांश धान खरीदी केन्द्रों में गिरदावरी के नाम पर पंजीकृत किसानों के धान के रकबे में अकारण ही धान के रकबे को कम कर दिया गया है। जिससे किसानों में रोश बना हुआ है। खरीदी केंद्रों में खरीदी किये गये धान का उठाव न होने के कारण धान बेचने वाले किसानों को धान रखने के लिये जगह नहीं मिलने से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। धान खरीदी केंद्रों में किसानों द्वारा भारी मात्रा में धान लाने का क्रम निरंतर जारी हैं। बिक्री के लिए लाए गए धान स्थान की कमी हैं। खरीदी केंद्रों से उठाव धीमी गति से चल रहा हैं।

जिले के अनेक सहकारी समितियों में किसानों के पंजीकृत रकबे में कमी कर दिये जाने से किसान धान नहीं बेच पा रहे है। किसानों ने बताया कि उनके पंजीकृत धान के रकबे में आधे से अधिक जमीन के रकबे में कमी कर दी गई है।

जिससे उन्हे खरीदी केंद्रों में लाये गये धान का पुनरू वापस ले जाना पड़ रहा है। ग्राम खुजहा झुलना के बोलन पिता राम भरोस, ग्राम मदनपुर के आजूराम पिता पुरंदर, ग्राम चारभाठा के कृषक चंदूराम पिता जनकराम, ग्राम लिम्हा के बहादूर पिता उमेंदी सहित अनेक किसानों ने बताया कि उनके धान के पंजीकृत रकबे को कम कर दर्शाया गया है। जिससे उन्हे अपनी धान की उपज बेचने में परेशानी हो रही है। पंजीकृत रकबे में संशोधन के लिए किसानों के द्वारा अधिकारियों को आवेदन देने के बाद भी सुधार नहीं होने से किसानों के माथे पर चिन्ता की लकीर खीचने लगी है।

## पेज एक के शेष...

### आम नागरिकों को ठोंका जा रहा है ...

और शक्कर पहुंचाने के लिए वेयर हाऊस में सामग्री का स्टॉक कराया जाता है। चावल पहुंचाने का जिम्मा जिले के राईस मिलरों का है। राइस मिलर ट्रकों में भरकर चावल वेयर हाऊस में डंप कर रहे हैं। माल वाहक ट्रकों के लिए सरकार ने वजन ढोने का एक क्षमता उनकी कैपिसिटी के अनुसार तय की जाती है। परिवहन विभाग द्वारा उन्हें परिवहन परमिट देने के दौरान ही उनकी आरसी बुक में स्पष्ट उल्लेख किया जाता है कि ट्रक का वजन 10 टन है और माल उसमें 10 टन लोड करना है। खाली वाहन का वजन और माल लादने के बाद में वाहन का वजन कितना होगा यह सभी परिवहन परमिट में दर्ज कर दिया जाता है। सोमवार को पायनियर की स्टिंग में यह सामने आया कि गम्हरिया के धान मंडी में स्थित वेयर हाऊस में जो वाहन चालक लादकर खड़े थे, उन सभी वाहनों में पासिंग क्षमता से अधिक चावल लोडकर लाया गया था। मंडी में खड़े 8 से अधिक वाहनों में से सभी में क्षमता से अधिक किसी से में 2 तो किसी में 5 और किसी में 7 टन चावल अधिक लोड किया गया था।

### आरटीओ पर उठे ...

करता है। और ओवर लोडिंग पर कार्रवाई करता है। लेकिन यहां सरकारी गोदाम में ही गाड़ियों को क्षमता से अधिक भर-भरकर लाया जा रहा है और उसकी जांच परिवहन विभाग द्वारा नहीं की जा रही है। परिवहन विभाग वेयर हाऊस आने वाली गाड़ियों पर झांकता भी नहीं है।

### सड़कों को होता है ...

का परिवहन विभाग सरकारी कार्य और निजी कार्य पर दो नजरिए से कार्रवाई कर रहा है।

### ठंड से ठिठुरा...

हैं कि वे स्वयं महत्वपूर्ण स्थलों में अलाव जलाने की व्यवस्था का निरीक्षण करेंगे साथ ही यह भी सुनिश्चित करेंगे कि रैन बसेरा/नाइट शेल्टर में पर्याप्त मात्रा में कंबल, चादर एवं अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध रहे। प्रदेश में शीत लहर के कारण किसी प्रकार की जनहानि न हो । आवश्यकता पड़ने पर नए रैन बसेरा की व्यवस्था की जाए।

### सूचना न देने पर पीडब्ल्यूडी, सिंचाई ...

की गयी, सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत जानकारी मांगा था। जन सूचना अधिकारी लोक निर्माण विभाग अंबिकापुर के कार्यपालन अभियंता बी पी अग्रवाल से निर्धारित समय सीमा पर जानकारी और दस्तावेज प्राप्त नहीं होने से अपीलार्थी ने अधीक्षण अभियंता संभाग अंबिकापुर के कार्यालय में प्रथम अपील प्रस्तुत किया। प्रथम अपील में सुनवाई के पश्चात जनसूचना अधिकारी को अपीलार्थी को वांछित दस्तावेज देकर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का आदेश पारित हुआ लेकिन लोक निर्माण विभाग अंबिकापुर के कार्यपालन अभियंता बी पी अग्रवाल ने आदेश का पालन नहीं किया गया और न ही अपीलार्थी को जानकारी दिया गया।

### महाराष्ट्र मंत्रिमंडल का विस्तार ...

श्री पवार नवंबर में भी एक बार उप मुख्यमंत्री बनाये गये थे जब उन्होंने राज्य में सरकार बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी के साथ हाथ मिलाया था। भाजपा के देवेंद्र फडणवीस ने तब एक नाटकीय घटनाक्रम में अल सुबह मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी लेकिन तीन दिन बाद ही श्री पवार के पद से इस्तीफा दे देने के कारण भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार गिर गयी थी।

Edelweiss
Ideas create, values protect

एडलवाइस हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय पता : एडलवाइस हाउस, ऑफ सी.एस.टी. रोड, कलीना, मुंबई – 400098

सरफासी ऐक्ट 2002 की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना

आप, निम्नवर्णित कर्जदारों, सह–कर्जदारों तथा गारंटरों ने अपनी अचल सम्पत्तियां बंधक रखकर एडलवाइस हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड से ऋण सुविधा (एं) प्राप्त की हैं और उनके प्रतिभुगतान में चूक की है। आपकी चूकों के परिणामस्वरूप एडलवाइस हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड द्वारा आपके ऋण अनार्जक आस्ति के रूप में सूचीबद्ध किए गए हैं और अतएव उक्त ऋण (णों) प्राप्त करने के लिए आपके द्वारा निष्पादित दस्तावेजों के अनुसार इसके सभी अधिकार, स्वामित्व, हित, लाभ, आपसे प्राप्य बकाया राशि, उसके प्रतिभुगतान के लिए प्रतिभूतियों के संबंध में सृजित प्रतिभूति हित सहित। एडलवाइस हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड ने उक्त समनुदेशन के अनुसरण में तथा बकाया राशि की वसूली के लिए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम) की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना जारी की है। जिसकी विषयवस्तु उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के अनुसार प्रकाशित की जा रही है।
कर्जदारों, सह–कर्जदारों, गारंटरों, प्रतिभूतियों, बकाया राशियों, धारा 13(2) के तहत प्रेषित मांग सूचना और मांग राशि का विवरण यहा नीचे दिया गया है :

| क्र. सं. | कर्जदार, सह–कर्जदार, गारंटर का नाम और ऋण राशि | प्रतिभूति आस्ति का विवरण | मांग सूचना की तिथि | बकाया राशि रूपए में |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अशोक कुमार (कर्जदार) बधाई पारा, तात्या पारा, वार्ड नंबर 38, निकट संतोषी मंदिर, रायपुर–402001, छत्तीसगढ़। रानी देवी (सह–कर्जदार) बधाई पारा, तात्या पारा, वार्ड नंबर 38, निकट संतोषी मंदिर, रायपुर–402001, छत्तीसगढ़। अन्य पता : नगर निगम मकान नंबर 07/(नया), केएच. नंबर 435/14, पीएच. नंबर 108/38, वीर शिवाजी वार्ड नंबर 07, ग्राम खामताराई (शिवानंद नगर), तहसील एवं जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)–492001 ऋण राशि : रू. 49,00,000/– (रूपए उन्चास लाख मात्र) | सम्पत्ति सं. 1 : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड – नगर निगम मकान नंबर 07/(नया), केएच. नंबर 435/14, पीएच. नंबर 108/38, परिमाप 2440 वर्ग फीट ; वीर शिवाजी वार्ड नंबर 07, ग्राम खामताराई (शिवानंद नगर), तहसील एवं जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)–492001 उत्तर : नवी खान का मकान, दक्षिण : पवन का मकान, पूरब : रोड, पश्चिम : रोड | 20–12–2019 | रू. 49,95,387.13/– (रूपए उन्चास लाख पिच्यानवे हजार तीन सौ सतासी तथा पैसे तेरह मात्र) तथा मांग सूचना की तिथि 20–12–2019 से आगे ब्याज |

अतएव आप कर्जदार/रों तथा सह–कर्जदारों/गारंटरों से उपरिवर्णित राशि का यहां ऊपर वर्णित आगे ब्याज के साथ पूर्ण भुगतान इस सूचना के 60 दिन के भीतर करने की मांग की जाती है, जिसमें असफल रहने पर अधोहस्ताक्षरी उपरिवर्णित प्रतिभूतियों के प्रवर्तन हेतु अधिनियम की तहत कार्यवाही करने को बाध्य होगा। कृपया नोट करें कि उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के अनुसार, आप इस बीच, हमारी सहमति के बिना, बिक्री, पट्टा या अन्य प्रकार से उपरि–संदर्भित प्रतिभूतियों का अंतरण नहीं कर सकते हैं।
स्थान : रायपुर
तिथि : 31–12–2019
वास्ते एडलवाइस हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड
प्राधिकृत अधिकारी

छत्तीसगढ़ शासन, वन विभाग
दन्तेवाड़ा वनमण्डल, दन्तेवाड़ा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जगदलपुर वृत्त के अन्तर्गत दन्तेवाड़ा काष्ठागार में नीचे दर्शाये अनुसार ईमारती काष्ठ का नीलाम किया जावेगा।
ईमारती काष्ठ नीलाम दिनांक - 02.01.2020
नीलाम स्थल का नाम - काष्ठागार दन्तेवाड़ा (आंवराभाटा)
1. डिपो का नाम जहां वनोपज रखी गई है - दन्तेवाड़ा आंवराभाटा दन्तेवाड़ा
2. नीलाम समय - 10.00 बजे पूर्वान्ह से

| प्रजाति | पुराना काष्ठ | | |
|---|---|---|---|
| | नग | घ.मी. | बल्ली/डेंगरी |
| सागौन | 622 | 37.023 | 13/80 |
| साल | 495 | 58.364 | 3/11 |
| बीजा | 260 | 25.660 | 1/10 |
| साजा | 118 | 15.967 | 29/3 |
| सीवना | 1 | 0.074 | 0 |
| हल्दू | 5 | 1.397 | 0 |
| धावाड़ा | 18 | 2.024 | 0 |
| नीलगिरी | 0 | 0 | 0 |
| तिन्सा | 7 | 0.390 | 0 |
| अन्य | 705 | 109.620 | 22/17 |
| मुलायम काष्ठ | 9 | 3.293 | 0 |
| **योग:-** | **2240** | **253.812** | **68/121** |

नीलाम में रखी गयी जलाऊ चट्टा का विवरण

| क्र. | पुराना जलाऊ चट्टा संख्या | प्रजाति | साईज | वर्तमान में उपलब्ध डिपो |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 35 चट्टा | मिश्रित प्रजाति | 2.00x1.25x0.80 | उपभोक्ता डिपो गीदम |

इच्छुक व्यापारी नीलाम में भाग लेने के पूर्व नीलाम शर्तें एवं विस्तृत जानकारियाँ अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से कार्यालयीन दिवस में प्राप्त कर सकते हैं। कृपया बोली लगाने के पूर्व नीलाम में रखी गई वनोपज तथा श्रेणी को भली-भांति देख लेवें। वर्ष-2019 का व्यापार पंजीयन प्रमाण-पत्र अथवा प्रमाण-पत्र संबंधी पुष्टि पत्र नीलाम के दिन सत्यंकार राशि के साथ अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा।
नीलाम में बोली लगाने के पूर्व सत्यंकार राशि जो एक हजार से कम नहीं होगी सत्यंकार अधिकारी के पास जमा करना अनिवार्य है।

वनमण्डलाधिकारी
जी-76005/5 दन्तेवाड़ा वनमण्डल, दन्तेवाड़ा

# सत्य के रास्ते पर चलकर ही हमारी सरकार ने किसानों से किया वादा पूरा किया : मुख्यमंत्री

■ नवागढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय गुरू घासीदास जयंती की समापन समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री
■ प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेता टीम को प्रदान किये पुरस्कार

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com





मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि प्रदेश सरकार वास्तव में बाबा के बताये मार्ग और सिद्धांतों पर चल रही है। गुरू घासीदास बाबा ने पूरी मानवता को सत अहिंसा प्रेम शांति एवं भाईचारा का रास्ता दिखाया। बाबा ने मनखे मनखे एक समान का संदेष दिया। राज्य सरकार ने कार्य भार संभालते ही सबसे पहला काम किसानों से किया गया वायदा कर्ज माफ ी का पूरा किया। 2500 रूपये प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी किया। बघेल ने कहा कि सत्य के रास्ते पर चलकर प्रदेश सरकार ने किसानों से किया गया वादा पूरा किया। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का उदाहरण देते हुए कहा कि गांधीजी ने भी सत्य, अहिंसा के रास्ते पर चलकर देश को आजाद कराया। गुरू बाबा ने सत्य की महिमा का बखान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके पूर्व छत्तीसगढ़ को पलायन एवं नक्सलवाद के नाम से जाना जाता था। हमारी सरकार आने के बाद किसी भी किसान ने कर्ज के नाम पर आत्महत्या नहीं किये हैं। पूरे भारत में धान का सबसे ज्यादा कीमत देने वाला राज्य छत्तीसगढ़ बन गया है। इसी तरह तेंदूपत्ता श्रमिकों को 4000 रूपये प्रति मानक बोरा की दर से भुगतान किया जा रहा है। प्रदेश में सार्वभौम पी.डी.एस. के जरिये सभी को 35 किलोग्राम चांवल प्रतिमाह दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि हमारे पुरखों ने समृद्ध एवं खशहाल छत्तीसगढ़ का सपना देखा था हमारी सरकार आने के बाद प्रदेष के किसान, मजदूर अ.जा., अ.ज.जा. एवं युवा सभी खुशहाल हैं। मुख्यमंत्री ने किसानों को भरोसा देते हुए कहा कि किसानों को धान खरीदी का प्रति क्विंटल 25 सौ रूपये की दर से ही भुगतान किया जायेगा। किसानों के मन में किसी प्रकार का संषय नहीं होना चाहिए। यह बात हमने विधानसभा में भी कही है और आज नवागढ़ की विशाल जन समुदाय के बीच दोहरा रहा हूं। इसके लिए हमने कृषि मंत्री रविन्द्र चैबे की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित कर दी है जिसमें केबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर, डा. प्रेमसाय सिंह, अमरजीत भगत एवं उमेश पटेल इसके सदस्य हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा 32 लाख मिट्रिक टन चांवल केन्द्रीय पूल में खरीदने का अनुरोध किया था इसमें केन्द्र द्वारा स्पष्ट सहमति नहीं दी जा रही है। प्रदेश के किसान कड़ी मेहनत कर अन्न उपजाते हैं। अन्न का अपमान हम बर्दाष्त नहीं करेंगे।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज अपरान्ह में तहसील मुख्यालय नवागढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय गुरू घांसीदास जयंती समारोह 2019 एवं ओपन पंथी नृत्य प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर विजेता टीम को आयोजकों की ओर से पुरस्कार वितरीत किये, प्रथम पुरस्कार ग्राम मुड़िया जिला मुंगेली को एक लाख 51 हजार रूपये, द्वितीय पुरस्कार ग्राम चारभाठा बेमेतरा को एक लाख 10 हजार एवं तृतीय पुरस्कार उतई जिला दुर्ग को 75 हजार प्रदान किया।

## क्विक न्यूज

### मुखबिरी के शक में नक्सलियों ने ग्रामीण की गोली मारकर की हत्या


**बीजापुर।** भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के चिहका गांव में नक्सलियों ने 55 साल के ग्रामीण की गोली मार दी है। घायल बोटी लेकाम को जांघ और कमर में गोली लगी है। घायल का ज़िला चिकित्सालय में इलाज चल रहा है,जहां उसकी हालत अब खतरे से बाहर बताई गई है। नक्सलियों ने मुखबिरी का आरोप लगाकर ग्रामीणों के समक्ष बोटी लेकाम को गोली मार दी। स्क्क दिव्यांग पटेल ने घटना की पुष्टि की है। पुलिस ने इलाके में सर्चिंग बढ़ा दी है।

### पूर्व सरपंच को नक्सलियों ने मारी गोली

**बीजापुर।** जिले के भैरमगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत चिहका गांव के पूर्व सरपंच बोटी लेकाम उम्र 55 वर्ष को घर से बाहर निकालकर नक्सलियों ने गोली मारकर घायल कर दिया है। घायल के जांघ एवं कमर में गोली लगी है। जिसका इलाज बीजापुर अस्पताल में चल रहा है। पूर्व सरपंच रह चुके बोटी लेकाम पर नक्सलियों ने मुखबिरी का आरोप लगाते हुए जान से मारने का प्रयास किया है।

## स्ट्रीट लाइट की गुणवत्ता की जांच की मांग





पायनियर संवाददाता ➤ कोरिया
www.dailypioneer.com

जिले के बैकुंठपुर के गौ सेवक अनुराग दुबे ने नगरपालिका की सीएमओ ज्योत्स्ना टोप्पो को बताया है कि नपा क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में लगी हुई स्ट्रीट लाइट की गुणवत्ता बहुत ही खराब है। उन्होंने सीएमओ से अनुरोध किया है पहले इसकी गुणवत्ता की जांच कर की जाय, क्योंकि स्ट्रीट लाइट में लगी हुई हर सामग्री मापदंड के हिसाब से नहीं है। स्ट्रीट लाइट में लगे हुए खंभे की क्वालिटी एकदम घटिया है, वायर की क्वालिटी भी एकदम घटिया है और जो वायर डालने के लिए गड्ढा 1 से 2 फीट खोदना चाहिए था, उसे थोड़ी ही मिट्टी हटाकर करके डाल दिया गया है। अधिकतर खंभों के बल्ब फ्यूज हो चुके हैं स्ट्रीट लाइट बंद हुए खंभों का कोई मेंटेनेंस नहीं होता है। कई वार्डो में अधिकांश स्ट्रीट लाइट बन्द रहती हैं। अनुराग दुबे ने सीएमओ से आग्रह किया है कि पहले आप इसकी सत्यता जाँच कर ले उसके बाद अध्यक्ष के चहेते बिजली सप्लाई ठेकेदारों का पेमेंट करें अन्यथा इसमे जो भी भ्रष्टाचार हुआ है उसके लिए उग्र आंदोलन होगा जिसकी समस्त जवाबदारी नगर पालिका प्रशासन एवं शासन की होगी।

## डेमोक्रेसी एक्सप्रेस में एल्डरमैन राजीव गुप्ता भी शामिल हुए

पायनियर संवाददाता ➤ कोरिया
www.dailypioneer.com



लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं और राजनीति को सीखने इंडियन स्कूल ऑफ डेमोक्रेसी के द्वारा चलाये गये कार्यक्रम डेमोक्रेसी एक्सप्रेस में छत्तीसगढ़ से नगरपालिका बैकुण्ठपुर के एल्डरमैन राजीव गुप्ता भी शामिल हुए। संसद भवन से शुरू होकर यह यात्रा लखनऊ, तिलोनिया, उदयपुर होते हुए अहमदाबाद में समाप्त हुईए इस दौरान देश भर से चुने हुए 30 युवाओं को शामिल किया गया। यात्रा के दौरान इन सदस्यों को उत्तरप्रदेश की राज्यपाल, गुजरात की पूर्व मुख्यमंत्री आनंदी बेन पटेल, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राजनैतिक सलाहकार विनोद वर्मा, आम आदमी पार्टी दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय, उत्तरप्रदेश के कैबिनेट मंत्री श्रीकांत शर्मा, राजस्थान की पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री किरण माहेश्वरी, दिल्ली की शिक्षाविद् आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी, योजना आयोग के पूर्व सलाहकार बुनकर रॉय, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजय पासवान, अहमदाबाद की मेयर बीजल पटेल चेयरमैन अमूल भट्ट, एआईसीसी के सचिव एवं युवा कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अलावरु, इलाहाबाद यूनिवर्सिटी की पहली महिला अध्यक्ष ऋचा सिंह, गूँज फ उंडेशन के अंशुल गुप्ता सहित अनेक नेताओं एवं मीडिया जगत के लोगों समाज सेवकों से मिलने उनकी यात्रा को जानने, सुनने और चर्चा करने का अवसर दिया गया। 10 दिनों तक चली यह यात्रा गांधी आश्रम साबरमती में समाप्त हुई।



### गौवंशों को ठंड से बचाव गौ सेवक अनुराग की अनोखी पहल

**कोरिया।** बैकुंठपुर में हड्डी गला देने वाली ठंड में इंसान के साथ-साथ बेजुबानों के लिए भी आफत बन कर आ गई है। ठंड से बचाव के लिए इंसान तो अपना जुगाड़ कर लेता है। पर इन बेजुबान गौवंशों को ठंड से बचाव के लिए बैकुंठपुर गौ सेवक अनुराग दुबे ने अनोखी पहल की हैं। उन्होंने अपने गौशाला में सिगड़ी जलाकर आग की व्यवस्था की है। उन्होंने सभी गौ सेवकों से अनुरोध किया हैं कि अपने गौवंश के लिए या जहां भी इन बेसहारा गौवंश का डेरा रहता वहां आग या हीटर की व्यवस्था जरूर करें, क्योंकि ठंड इंसान ही नहीं इन बेजुबान को भी लगती है।

## विकासखण्ड उसूर के लिए सेक्टर और जोनल अधिकारी नियुक्त

पायनियर संवाददाता ➤ बीजापुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) के.ड़ी कुंजाम द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2019 के निर्वाचन में विकासखंड उसूर के लिए सेक्टर एवं जोनल अधिकारी नियुक्त किया गया हैए सेक्टर एवं जोनल अधिकारी को अपने अधिकार क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मतदान केंद्रों के जानकारी संबंधित तहसीलदार से प्राप्त कर वनों का भौतिक सत्यापन कर दिनांक 30 दिसंबर 2019 तक संबंधित तहसीलदार को उपलब्ध कराएंगे। जिसमें विकासखंड उसूर अंतर्गत सेक्टर क्रमांक.1 संकनपल्ली के लिए सेक्टर अधिकारी सत्यम पूनम खंड शिक्षा अधिकारी उसूर को संकनपल्ली 1ए सकनपल्ली 2ए सेक्टर क्रमांक . 2 मुरकीनार के लिए कोटेश्वर चापड़ी वन क्षेत्रपाल अधिकारी को पुसगुडी, मुरकीनार 1, मुरकीनार 2 , नुकनपाल, चेरामंगी एवं चेरकडोडी, सेक्टर क्रमांक -3 इलमिडी के लिए डॉ. लक्ष्मण ठाकुर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी उसूर को लंकापल्ली , इलमिडी 1, इलमिडी 2, सेमलडोडी 1, सेमलडोडी 2, एंगपल्ली 1, एंगपल्ली 2, सेक्टर क्रमांक-4 आवापल्ली के लिए यशवंत साहू उप अभियंता छ.ग.ग्रा.स.वि.अभिकरण आवापल्ली को चिन्ताकोन्टा 1, चिन्ताकोन्टा 2, आवापल्ली 1, आवापल्ली 2, आवापल्ली 3 , मुरदण्डा 1, मुरदण्डा 2, मुरदण्डा 3, सेक्टर क्रमांक-5 हीरापुर के लिए दामोदर यालम मत्स्य निरीक्षक आवापल्ली हीरापुर 1 , हीरापुर 2, मल्लेपल्ली 1, मल्लेपल्ली 2, लिंगागिरी, गगनपल्ली 1, गगनपल्ली 2, सेक्टर क्रमांक-6 बासागुडा के लिए रैमनदास झाड़ी खण्ड स्त्रोत समन्वयक विकासखण्ड उसूर को बासागुडा, कोरसागुडा, चिपुरभटटी , पुसबाका,चिन्नागेलूर 1, चिन्नागेलुर 1, कोण्डापल्ली 1, कोण्डापल्ली 2 , तर्रेम 1, तर्रेम 2, सेक्टर क्रमांक-7 तिम्मापुर के लिए गणेश राम उईके कृषि विस्तार अधिकारी उसूर को तिम्मापुर 1, तिम्मापुर 2, फुतकेल, पोलमपल्ली 1, पोलमपल्ली 2, सेक्टर क्रमांक-8 उसूर के लिए ए.एल.नेताम वरिष्ठ कृषि अधिकारी उसूर को उसूर 1, उसूर 2, गलगम 1, गलगम 2, नेलाकांकेर 1, नेलाकांकेर 2, मलेमपेन्टा, सेक्टर क्रमांक-9 मारुढबाका के लिए सुरेन्द्र कुमार मर्सकोले स.वि.वि.अधिकारी जनपद पंचायत उसूर मारुढबाका 1, मारुढबाका 2, पुजारीकांकेर 1, पुजारीकांकेर 2, सेक्टर क्रमांक-10 पामेड़ के लिए मनोज बघेल वनपरिक्षेत्र अधिकारी पामेड को पामेड 1, पामेड 2, कंचाल , पालागुडा 1, पालागुडा 2, एवं सेक्टर क्रमांक-11 धरमारम के लिए विष्णु कुमार नाग ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को धरमारम , जारपल्ली उडतामल्ला 1, उडतामल्ला 2 , उडतामल्ला 3 , दारेली 1, दारेली 2, को मतदान केन्द्र हेतु सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया गया है। रिजर्व में सेक्टर अधिकारी बी.एस.नागेश प्राचार्य शा.उ.मा.वि. इलमिडी, सैय्यद मीर प्रभारी हाई स्कूल मुरकीनार , लुपेश कुमार उप अभियंता लोक निर्माण विभाग बीजापुर , पी.एस.तंवर उप अभियंता लोक निर्माण विभाग बीजापुर एवं गिरधर लाल लहरी उप अभियंता छ.ग.ग्रा.सकृवि.अभिकरण को रिजर्व सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## सरकारी-प्राइवेट स्कूलों में 2 जनवरी तक का अवकाश घोषित



पायनियर संवाददाता ➤ कोरिया
www.dailypioneer.com

जिले में कड़ाके की ठंड को देखते हुए बच्चों के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए जिला कलेक्टर डोमन सिंह ने कोरिया जिले के समस्त सरकारी व प्राइवेट स्कूलों में 30 दिसंबर से 2 जनवरी तक का अवकाश घोषित किया है।

लेकिन इस दौरान हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी की हाफ ईयरली परीक्षाएं यथावत संचालित रहेगी। इसके अलावा जिन स्कूलों में दो पाली में कक्षाएं संचालित हो रही हैए उन स्कूलों में 3 जनवरी 2020 से 14 जनवरी 2020 तक छोटे बच्चों के स्कूल प्रातः 9.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक एवं वरिष्ठ विद्यालय का समय दोपहर 12.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक चलेगा तथा शनिवार के दिन प्रातः कालीन संचालित स्कूलों का समय प्रातः 9.00 बजे से दोपहर 1रू00 बजे तक निर्धारित किया गया है।

### अवैध देशी शराब सहित 2 गिरफ्तार

**जगदलपुर।** थाना कोतवाली क्षेत्रअंतर्गत रविवार की देर शाम बाइक में अवैध देशी शराब परिवहन करते 02 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उक्त मामले की जानकारी देते हुए एसआई पीयूष बघेल ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से यह सूचना मिली थी कि दो युवक एक बाइक में अवैध देशी शराब लेकर बेचने के लिए निकले हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने उक्त बाइक सवार शराब तस्करों की तलाश शुरू कर दी थी। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि दो संदिग्ध युवक शहीद पार्क की ओर से शराब के साथ कुम्हारपारा की ओर जा रहे हैं। जिसे कोतवाली पुलिस की टीम ने उक्त बाइक को रोककर उसमें सवार आरोपी नीरज नदीम बाघ उम्र 28 वर्ष और राहुल मंडावी उम्र 19 वर्ष दोनों निवासी बहादुरगुड़ा जगदलपुर से पुछताछ करते हुए उसकी तलाशी लेने पर दोनों युवकों के पास छुपाकर रखे गये 48 पव्वा देशी प्लेन शराब बरामद किया गया।

## जनपद सदस्य के लिए 11 लोगों ने जमा किया फार्म

पायनियर संवाददाता ➤ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत जैजैपुर में आचार संहिता लगते ही त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में 7 सेक्टर बनाकर बनाया गया जहॉ पर ठठारी. भोथिया. कचंदा.जैजैपुर. ओड़ेकेरा. हसौद एव मल्दा हैं जिनमे सरपंच एवं पंच का फार्म भरा जावेगा। वही पर जनपद सदस्य के लिए ब्लाक मुख्यालय जैजैपुर में 11 लोगों ने अपना फार्म जमा किये जिनमे तोरेन्द्र कुमा मनहर. शिव कुमार आर्य. सुखबाई.हीरालाल निराला.पुष्पा आदित्य. सुनील कुमार नारग. डोरीलाल चन्द्रा. अन्नपूर्णा सिंह. बुन्दराम. कमलेश्वरी एवं प्रमिला कश्यप ने फार्म जमा किया ।जहॉ पर सैकड़ो की संख्या में तुषार पंचायत से ओम प्रकाश चन्द्रा ने अपना पर्चा दाखिल किया । सुबह से ही जनपद पंचायत जैजैपुर में चुनाव लड़ने के इच्छुक लोग आना प्रारंभ कर दिये वह पर दोपहर को जनपद पंचायत कार्यालय में फार्म जमा करने वाले रैली के साथ मे आये और अपना पर्चा दाखिल किये । ऐसा लग रहा था कि यहां पर मेला लगा हुआ है। पुरादल बल के साथ में तुषार ग्राम पंचायत से सरपंच पद के प्रत्याशी ओम प्रकाश चन्द्रा ने अपना नामांकन दाखिल कर अन्य चुनाव लड़ने वाले को हैरान कर दिया। इस तरह से त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में लोगों का तांता देखने को मिला।



## नए साल के जश्न की चल रही थी तैयारी, एक दोस्त ने दूसरे की कर दी हत्या

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



नए साल के जश्न की तैयारी कर रहे दोस्तों के बीच लड़ाई हुई और एक दोस्त ने दूसरे दोस्त को जान से मार दिया. घटना सिटी कोतवाली जशपुर की है. इस सम्बंध में मामले की विवेचना कर रहे एएसआई जे आर कुर्रे ने बताया कि ग्राम कनमोरा में 27 दिसंबर को नया साल का जश्न मनाने की गाँव के कुछ युवक तैयारी कर रहे थे. इसके लिए उन्होंने एक सुअर ख़रीदकर गाँव लाया. इस बीच दोपहर दो बजे गाँव का उजिन बेग आया और सुअर को पैर से मारने लगा. इस दौरान अमित खलखो ने कहा कि इसे खाने के लिए लाए हैं तो पैर से क्यूँ मार रहे हो. अमित की बात से नाराज़ होकर उजिन हाथापाई करने लगा. इस वक्त गाँव वालों ने दोनों को समझाईश देकर अलग कराया और सब अपने-अपने घर चले गए. उसी दिन शाम में गाँव के सतीश के घर उजिन पहुँचा और आग तापने लगा। इसी वक्त वहाँ अमित खलखो भी पहुँचा, तभी दोपहर की सुअर की बात को लेकर फिर विवाद होने लगा. इस दौरान उजिन ने बाँस के बंगड़ा से अमित के चेहरे में प्राणघातक वार कर दिया और खुद भाग गया. अमित को घायल अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया, जहाँ डाक्टर ने अमित को मृत घोषित कर दिया. रात को आरक्षक पवन पैंकरा, विनोद तिर्की, संतोष बंजारे गाँव पहुँचे और हत्या के आरोपी उजिन को पकड़कर कोतवाली ले आए। आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

15 सालों से प्रजनन के लिए लगातार पहुंच रहे कोतबा विदेशी पक्षी

## कोरिया, जापान के बार्न स्वेल्लो पक्षियों का आगमन

**पक्षियों को देखने दूर-दूर से आ रहे हैं लोग, 5 से 6 महीने तक रहते हैं जशपुर जिले में**

गौरव गुप्ता ➤ जशपुर/कोतबा
www.dailypioneer.com

पायनियर खास



जशपुर जिले में शुरुआत से है जीव विविधता पाई जाती है अनेक प्रकार के जीव यहां पाए जाते हैं और यहां की जलवायु भी ऐसी है की यहां विदेशी जीव भी प्रवास करने आते हैं कोतबा में कोरिया, जापान, श्रीलंका और हिमालय मध्य एशिया के पक्षी बार्न स्वेल्हो घूमने के लिए कोतबा पहुंचे हैं, जिनका वैज्ञानिक नाम हिरूंडा रस्टिका बताया जा रहा है।

### बड़ी संख्या में पहुंच रहे दार्शनिक

कोतबा के नया बाजर पारा में हजारों की संख्या में बार्न स्वेल्लो पक्षी देखने को मिल रहे हैं, जिन्हें देखने के लिए भी बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं।

यह पक्षी हजारों किलोमीटर की दूरी तय करके कोतबा पहुंच रहे हैं। जानकारी के अनुसार ये पंछी हमेशा समूह में प्रवास करते हैं और घने जंगल को छोड़कर प्रजनन के लिए यहाँ आते हैं।

ये पंछी अपने रूखे व्यवहार के लिए जाने जाते हैं। ये सितंबर से प्रवास करना प्रारंभ करते हैं और दिसम्बर में इनकी संख्या अधिक देखने को मिलती है और मार्च अप्रैल के बीच वापस प्रस्थान करते हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार लगभग 15 सालों से लगातार ये बार्न स्वेल्हो कोतबा आते हैं और बिजली के तारों पर समूह में बैठकर धूप का आनंद लेते हैं।

लोगों के द्वारा इन्हें देखने के लिए आसपास से भी लोग आते हैं। समहू में ये पंछी लोगों के मन को आंनदित करते हैं।

### नागरिकता संशोधन बिल के समर्थन में निकली रैली

**कोंडागांव।** देश भर में नागरिकता संशोधन बिल को लेकर मचे बवाल के बाद नागरिकता संशोधन बिल के समर्थन में रैली निकालने का क्रम शुरू हो गया है। इसी कड़ी में कोंडागांव जिले में नागरिकता संशोधन बिल के समर्थन में बड़ी संख्या में लोगों ने रैली निकालकर इसका समर्थन किया। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा समर्थन में रैली निकालकर प्रदर्शन करने की योजना के अंतर्गत जिले में निकाले गये रैली का समर्थन स्थानीय लोगों ने बड़े संख्या में किया।

## जिला सैनिक बोर्ड का कार्यालय बालोद में खोलने की मांग

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



पूर्व सैनिक संघ जिला बालोद की जिला स्तरीय बैठक गंगा मैया मंदिर के प्रांगण में रखी गयी। बैठक में जिला सैनिक बोर्ड का कार्यालय बालोद में खोलने की मांग को लेकर उच्चधिकारियों से चर्चा करने व संघ के कार्यालय हेतु खाली सरकारी भवन को आबंटित किये जाने जिलाधीश से प्रतिनिधि मंडल के रूप में मुलाकात करने का निर्णय लिया गया तथा संघ का ब्लॉक स्तर पर विस्तार करते हुए बालोद ब्लॉक अध्यक्ष के.पी. तिवारी, गुंडरदेही ब्लॉक अध्यक्ष शेखर कुमार निषाद, गुरुर ब्लॉक अध्यक्ष गौकरण साहू को मनोनीत किया गया। उक्त बैठक की अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष राजकुमार साहू ने किया। इस अवसर पर सरंक्षक कैप्टन जगमोहन साहहू, उपाध्यक्ष बी.के. दास, कोषाध्यक्ष पूरन लाल कोशरिया, सचिव खान सहित जिले के पूर्व सैनिक उपस्थित थे।

# हार का डर, इलाका बदलने की फिराक में सुरेंद्र, अंगेश्वर दे रहे चुनौती

## परिसीमन ने उपाध्यक्ष का खेल बिगाड़ा, ढूंढ रहे सुरक्षित क्षेत्र

■ शाहिद खान की दावेदारी लगभग तय, लिटिया क्षेत्र से लड़ सकते हैं चुनाव

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com





जिला पंचायत चुनाव को लेकर कांग्रेस में कई फाड़ हो गए हैं। कांग्रेस के दिग्गजों में चुनाव क्षेत्र को लेकर तकरार की नौबत आ गई है। यह स्थिति परिसीमन के बाद बदले हालात के चलते निर्मित हो गई है। नेताओं के अपने आपसी वायदे-कसमे टूट रहे हैं और अब रार ठन चुकी है। जिला पंचायत के क्षेत्र क्रमांक 8 लिटिया और क्षेत्र क्रमांक 10 सिंघोला में दिग्गजों का आपसी टकराव देखने को मिली रहा है। दूसरी ओर पहले से ही तैयारियों में लगे कार्यकर्ता दिग्गजों के फैसले से नाराज है।

मौजूदा जिला पंचायत सदस्य शाहिद खान और जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुरेंद्र दास वैष्णव ने अपनी दावेदारी संगठन के सामने रख दी है। शाहिद खान ने क्षेत्र क्रमांक 08 और 10 में से किसी एक से अधिकृत किए जाने के लिए अपनी दावेदारी रखी है। वहीं सुरेंद्र दास वैष्णव ने क्षेत्र क्रमांक 10 से अपनी दावेदारी पेश की है। इन दोनों के बीच ही एक नाम है जिसके चलते कांग्रेसी दिग्गजों में रार ठन गई है। अंगेश्वर देशमुख जिला पंचायत चुनाव के लिए काफी लंबे समय से तैयारियां कर रहे हैं। उन्होंने भी क्षेत्र क्रं. 10 से अपनी दावेदारी रखी है। लेकिन यहां अब सुरेंद्र दास वैष्णव के दखल के चलते स्थिति काफी बिगड़ गई है।

दरअसल, सुरेंद्र दास वैष्णव और अंगेश्वर देशमुख काफी करीबी माने जाते थे। सुरेंद्र दास वर्तमान में जिला पंचायत उपाध्यक्ष भी हैं। बताया जाता है कि इस बार सुरेंद्र दास क्षेत्र क्रमांक 08 से चुनाव लड़ने का मन बना चुके थे। दूसरी ओर क्षेत्र क्रमांक 10 से अंगेश्वर देशमुख अपनी तैयारियों में लगे थे। इसी दौरान परिसीमन के बाद बदले हालात को देखकर अब सुरेंद्र दास ने अपना फैसला बदल लिया है। संगठन को दिए आवेदन में उन्होंने क्षेत्र क्रं. 10 से चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर कर दी है।

सुरेंद्र दास के इस बदले हुए फैसले के खिलाफ अंगेश्वर खुलकर सामने आ गए हैं। उन्होंने क्षेत्र की जनता से बातचीत में लगभग तय कर दिया है कि संगठन उन्हें अधिकृत करे या न करे वे चुनाव लड़ेंगे। दोनों ही उम्मीदवारों के बीच इस दावेदारी के बाद तल्खी काफी बढ़ चुकी है। दूसरी ओर इस क्षेत्र में अंगेश्वर देशमुख लंबे वक्त से मेहनत कर रहे हैं। अगर उन्हें दावेदार नहीं बनाया जाता है तो स्वाभाविक तौर पर दूसरे प्रत्याशी को इसका बड़ा नुकसान उठाना पड़ेगा। पायनियर से चर्चा में अंगेश्वर देशमुख ने कहा कि सुरेंद्र क्षेत्र क्रमांक 08 से ही चुनाव लड़ने वाले थे। उनसे इस संबंध में चर्चा भी हुई थी। अब वे अचानक क्षेत्र क्रमांक 10 से क्यूं दावेदारी कर रहे हैं ये वे ही जानें।

### क्यों सुंदरा छोड़ रहे हैं सुरेंद्र दास!

सुंदरा क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्.य सुरेंद्र दास अब अपने ही इलाके से क्यूं मुंह मोड़ रहे हैं. उनका गृह ग्राम सुंदरा क्षेत्र क्रमांक आठ में शामिल है। कहा जाता है कि परिसीमन के दौरान भी उन्होंने अपने इलाके को क्षेत्र क्रं. 08 में ही बने दिए जाने रहने की कोशिश की। लेकिन अब सुरेंद्र दास अपना इलाका छोड़ने की तैयारी कर रहे हैं। बताया जाता है कि क्षेत्र में उनको लेकर नाराजगी है जिसे दूर कर पाने में सुरेंद्र दास नाकामयाब साबित हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में वे दूसरे क्षेत्र में अपनी जमीन तलाश रहे हैं। बताया जाता है कि क्षेत्र क्रमांक 10 से लगभग दस लोगों ने संगठन के सामने दावेदारी की है।

### शाहिद की सीट तय



दूसरी ओर कांग्रेस के दिग्.गज नेता शाहिद खान का क्षेत्र लगभग तय माना जा रहा है। वे क्षेत्र क्रमांक 08 लिटिया से चुनाव लड़ सकते हैं। उन्होंने संगठन के सामने अपनी दावेदारी कर दी है। वे वर्ष 2009 में भी जिला पंचायत सदस्य चुन कर आए थे। इससे पहले शाहिद की रणनीति ने उस दौरान अपना लोहा मनवाया था जब राजनांदगांव जनपद पंचायत में भाजपा के पास बहुमत होते हुए भी वे उपाध्.यक्ष बन बैठे थे। इस बार वे दोबारा जिला पंचायत के रण में उतरने की तैयारी है। उनके कद और उनकी दावेदारी को संभवतः कांग्रेस भी पहली ही सूची में हरी झंडी दे देगी।

### लिटिया में 32, सिंघोला में 28 गांव शामिल

जिला पंचायत का क्षेत्र क्रं. 08 लिटिया अनारक्षित मुक्त के लिए आरक्षित है। ऐसे में यहां से दोनों ही दलों से काफी उम्.मीदवार सामने आ रहे हैं। इस क्षेत्र में कुल 32 गांव शामिल हैं। वहीं क्षेत्र क्रं. 10 सिंघोला, अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त के हिस्से आया है। इस क्षेत्र में 28 गांव के लोग जिला पंचायत सदस्य के लिए मतदान करेंगे।

# जिला पंचायत के लिए पहला नामांकन विभा ने दाखिल किया

## मौजूदा सभापति ने फिर से ठोंका ताल



■ विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने के बाद प्रबल दावेदार

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 से मौजूदा जिला पंचायत सदस्य व् सभापति विभा साहू ने एक बार फिर से अपनी दावेदारी पेश की है। कल एसडीएम कार्यालय में अपना नामांकन भरने के बाद अब विभा जिले से नामांकन भरने वाली पहली महिला बन चुकी हैं। लम्बे समय से कांग्रेस का झंडा क्षेत्र में बुलंद करने वाली विभा साहू के अलावा इस बार किसी और कार्यकर्ता ने अपना आवेदन पार्टी के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया है इसलिए विभा का कांग्रेस की ओर से लड़ना लगभद तय माना जा रहा है।

### 34 गांव के लोग बनेंगे निर्णायक

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 अर्जुनी में 34 ग्राम के ग्रामीण निर्णय करेंगे। अर्जुनी, सम्बलपुर, मरेठानवागॉव, करमतरा, भाटागॉव, छुईखदान, सोनेसरार, रूपाकाठी, किरगी, रुदगॉव, रातापायली, बुद्धुभरदा, बनहरदी, किरगी, रामपुर, घोरदा, जंगलपुर, बनभेदी, चमारराय टोलागॉव,कोटरासरार, बड़ चारभाठा, सिंगारपुर, नादिया, बड़भूम, खुज्जी, भट्गुना, सालिकझिटिया, दर्री, अमलीडीह, परना, बरसन टोला, सुखरी, मोखाली, खुर्सीपार इन सभी ग्राम के ग्रामीण जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 के लिए सदस्य बनाने के लिए अपना मतदान करेंगे।

### 11 हजार वोटों से जीतीं थीं

पिछली मर्तबा अनारक्षित मुक्त जिला पंचायत के क्षेत्र क्रमांक 11 से क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाली विभा साहू ने अपने प्रतिद्वंदियों को जिले में सबसे बड़ी मात दी थी। कांग्रेस की ओर से लड़ रहीं विभा साहू ने भाजपा के रोहित साहू और निर्दलीय प्रत्याशियों संतोष वैष्णव और प्रकाश साहू को 11 हजार वोटों के अंतर से हराया था। विभा को 19 हजार से ज्यादा वोट मिले थे। उनकी यह जीत जिले में सबसे ज्यादा मत अंतर से मिली जीत थी।

# त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के लिए शुरू हुआ नामांकन

■ पंच, सरपंच, जनपद व जिला पंचायत सदस्य लेने लगे आवेदन

पायनियर संवाददाता ➤ छुरिया
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के साथ ही पंच, सरपंच एवं जनपद सदस्य पद के लिए नामांकन भरने की प्रक्रिया 30 दिसंबर से शुरू हो गई है । जनपद पंचायत छुरिया में पंच, सरपंच एवं जनपद सदस्य पद हेतु नाम निर्देशन प्राप्त करने के लिए रिटर्निंग ऑफि सर / सहायक रिटर्निंग ऑफ्िसर नियुक्त की गई है।

साथ ही नाम निर्देशन पत्र जमा करने के लिए 11 सेंटर भी बनाए गए हैं। इसमें ग्राम पंचायत के पंच, सरपंच व जनपद सदस्य पद हेतु अभ्यर्थी अपना नाम निर्देशन पत्र जमा कर सकेंगे। पंच, सरपंच पद हेतु अभ्यर्थियों का नामांकन ग्राम पंचायतों में जमा किया जाएगा। जनपद सदस्य पद हेतु नामांकन पत्र तहसील कार्यालय छुरिया में जमा किया जाएगा। वहीं जिला पंचायत सदस्य पद हेतु कलेक्टर कार्यालय राजनांदगांव में नामांकन पत्र जमा होंगे।

आर के बंजारे नाायब तहसीलदार छुरिया व सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नारायण बंजारे सीईओ जनपद पंचायत छुरिया, श्रीमती नेहा ध्रुव नायब तहसीलदार छुरिया हैं। इसके अलावा सेक्टरों में भी पंच, सरपंच, जनपद सदस्य पद के नाम निर्देशन पत्र जमा करने हेतु सेंटर बनाए गए हैं। इसमें ग्राम पंचायत भवन महाराजपुर में सहायक रिटर्निंग ऑफिसर (जीपी लारिया) उप अभियंता जनपद पंचायत छुरिया हैं। इनमें ग्राम पंचायत महराजपुर, रामपुर, शिकारीटोला, झितराटोला, मगरघोखरा, जरहामाहका, रंगीटोला शामिल है।

ग्राम पंचायत भवन लालूटोला में सहायक रिटर्निंग ऑफिसर (सुरेंद्र साहू ) उप अभियंता जनपद पंचायत छुरिया मौजूद रहेंगे। यहां ग्राम पंचायत लालूटोला, रानीतलाव, पाटेकोहरा, पिनकापार, घोघरे, भण्डारपुर, हालेकोसा, नागरकोहरा, कल्लूटोला के लिए नामांकन लिए जाएंगे। ग्राम पंचायत भवन खोभा में सहायक रिटर्निंग ऑफिसर (अरुण कुमार सिंह) सहायक विकास विस्तार अधिकारी जनपद छुरिया उपस्थित रहेंगे। यहां यहां ग्राम पंचायत खोभा, गोपालपुर, जोब़ पंडरापानी, घोरतलाव, सडकचिरचारी, भर्रीटोला आंको, तेलीनबांधा, जैतगुणडरा के लिए नाम निर्देशन पत्र जमा होंगे।

ग्राम पंचायत भवन कल्लूबंजारी में सहायक रिटर्निंग ऑफिसर ( अजय सिंह बसोड ) सहायक विकास विस्तार अधिकारी छुरिया नाम निर्देशन पत्र लेंगे। इनमें ग्राम पंचायत कल्लूबंजारी, दामाबंजारी, भकुर्रा, मासूल, मेटेपार, टिपानगढ, घोठिया, धरमूटोला, बूचाटोला, कुहीकला पंचायत शामिल हैं। इसी तरह ग्राम पंचायत भवन गैंदाटोला में सहायक रिटर्निंग ऑफिसर (नितिन कोठारी ) उप अभियंता जनपद पंचायत छुरिया मौजूद रहेंगे। यहां ग्राम पंचायत गैंदाटोला, मातेखेडा, फाफामार, आलीवारा, जयसिंहटोला, सीताकसा, गहिराभेडी, पठानढोरगी, जोशीलमती, कोलिहालमती, केसाल, गर्रापार, देहान, बेलरगोंदी के नाम निर्देशन पत्र जमा होंगे।

**इसी तरह ग्राम पंचायत भवन कुमर्दा :-** सहायक रिटर्निंग ऑफिसर ( के.के साहू ) कृषि विकास विस्तार अधिकारी छुरिया :- शामिल ग्राम पंचायत कुमर्दा, चिरचारीकला, मुजालकला, मुजालपाथरी, सागर, घुपसाल कु., चारभाठा कु., हालाडुला, नांदिया, धनगांव, आमगांव कु., अछोली, भणडारीभरदा, चांदो, कन्हारपुरी, खुर्सीटीकुल।

**ग्राम पंचायत भवन भोलापुर :-** सहायक रिटर्निंग ऑफिसर (आर.बी.सिंह) उप अभियंता जनपद पंचायत छुरिया :- शामिल ग्राम पंचायत भोलापुर, पुर्रामटोला, शिकारीमाहका, पाण्डेटोला, घुपसाल, बोईरडीह, बैरागीभेडी, लाममेटा। ग्राम पंचायत भवन करमरी :- सहायक रिटर्निंग ऑफिसर (गोपाल गिरी) सहायक विकास विस्तार अधिकारी छुरिया :- शामिल ग्राम पंचायत करमरी, अरजकुंड, राणामटिया, रतनभाट, महरुम, कलडबरी, कापा, गुंडरदेही, गोडलवाही, मासूलकसा।

**ग्राम पंचायतभवन उमरवाही :-** सहायक रिटर्निंग ऑफिसर ( बी.पी.सी शिवहरे ) कृषि विस्तार अधिकारी छुरिया:- सामील ग्राम पंचायत उमरवाही, परेवाडीह, बरबसपुर, गिदर्री, साल्हे, पांगरीखुर्द, बननवागांव, आयबांधा, तुर्रेगढ, सीताकसा उ., बडगांव, चिखलाकसा, जोधरा।

**ग्राम पंचायत भवन ब्राह्मणी चारभाठा :-** सहायक रिटर्निंग ऑफिसर ( लालजी द्विवेदी )बीईओ छुरिया :- शामिल ग्राम पंचायत ब्रम्हणीचारभाठा, आमगांव छु., घेरूघाट, नादियाखुर्द, झारीखैडी, बेढाडी, केशोटोला, भर्रीटोला पैरी, मरकाकसा। ग्राम पंचायत भवन बादराटोला :- सहायक रिटर्निंग ऑफिसर (सुनील साहू ) परियोजना अधिकारी महिला बालविकास छुरिया :- शामिल ग्राम पंचायत बादराटोला, केरेगांव, चिरचारीखुर्द, सोमाझिटीया, लक्ष्मणभरदा, बिटाल, आतरगांव, पदगुडा, खुर्सीपार, बागद्वार हैदलकोडो शामिल है।

### जमा करनी होगी अमानत राशि

पंच पद हेतु अमानत राशि 50 रू,सरपंच पद हेतु अमानत राशि 1000 जनपद सदस्य पद हेतु अमानत राशि 2000 जिला पंचायत सदस्य पद हेतु अमानत राशि 4000 होगी । महिला एसटी/ एससी /ओबीसी वर्ग को अमानत राशि में 50प्रतिशत की छूट होगी। नाम निर्देशन पत्र जमा करने की 30 दिसंबर से शुरू हो गई है। नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 6 जनवरी तय है। साथ ही नाम निर्देशन पत्र नाम वापसी की अंतिम तिथि 09 जनवरी है। इसी दिन अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह का आवंटन किया जाएगा।

### राजनांदगांव क्रिकेट एकेडमी ने बेमेतरा क्लब को 10 रन से हराया

**राजनांदगांव।** बेमेतरा क्लब एवं राजनांदगांव किकेट एकेडमी के मध्य बेमेतरा में आयाजित वेकेन्सी स्कूल मैदान 25-25 ओव्हर तक मैच खेला गया। कप्तान आयान शेख टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्णय लिया गया। ओपनिंग जोड़ी में अनुकरण कोटारे, 40 रन के योग पर पहला विकेट 15 रन पर गली पर कैच आऊट हो गए। क्रमशः आयान शेख 35 रन, श्रेयांस खिलाड़ी 35, साहिल भारती 35 रन, चिन्मय साहू 20 रन पर पूरी टीम 5 विकेट खोकर 25 ओव्हर में कुल जमा 155 रन बना पाए। बेमेतरा की ओर से गेंदबाजी करते हुए दीपांशु ने 2 विकेट, कृष्ण ने 2 विकेट और कुंती ने एक विकेट लिया। लक्ष्य का पिछे करते हुए बेमेतरा की ओपनिंग जोड़ी कृष्ण एवं कान्हा पहला विकेट 5 रन पर कान्हा के रूप में गिरा जिसे कुलदीप यादव ने बोल्ड आऊट किया।




### किसान संघ का प्रदर्शन

राजनांदगांव। किसान संघ अपनी मांगों को लेकर लगातार प्रदर्शन कर रहा है। सोमवार को जयस्तंभ चौक में जुटे किसानों ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। अपनी मांगों को लेकर लगातार अभियान चला रहे किसान संघ के नेता सुदेश टीकम व अन्य के साथ सैकड़ों किसान इस दौरान मौजूद रहे। यहां से किसान संघ ने राज करही मजदूर किसान यात्रा का आगाज किया।

# पुलिस बल ने सिविक एक्शन कार्यक्रम आयोजित किया

पायनियर संवाददाता ➤ छुरिया
www.dailypioneer.com



नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए भारत सरकार की नीतियों के तहत 38वीं वाहिनी, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के सेनानी नरेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल द्वारा वनान्चल ग्रामों के ग्रामीणों में सुरक्षा की भावना सुदृढ करने व स्थानीय जनता के कल्याण के लिए 38वीं वाहिनी की द समवाय जोब थाना-छुरिया, राजनांदगॉव द्वारा 30 दिसंबर को ग्राम पंचायत भर्रीटोला में सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत ग्राम-भर्रीटोला में ग्रामीणों को कृषि एवं वाणिज्यिक फसलों के बीज जैसे- चना तिवडा एवं खाद वितरित किए एवं बल के जवानो द्वारा ग्रामीणो के लिए जलपान बच्चो को टॉफी, बिस्किट वितरित किये गये। इस कार्यक्रम में अभिषेक मधुकर (सहायक सेनानी/जीडी), नि/जीडी सुरेश कुमार कुमार, सउनि सुभाष मण्डावी पुलिस चौकी जोब तथा ग्राम पंचायत भर्रीटोला के संरपच, उप सरपंच एवं प्राथमिक शाला भर्रीटोला के शिक्षक गण व अन्य गणमान्य लोग एवं हिमवीर उपस्थित थे।

निकाली मौन रैली, प्रशासन के सामने रखी मांग

# सड़क पर उतरा समाज, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर/राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




पिछले दिनों साहू समाज ने सड़क पर उतर कर अपना विरोध प्रदर्शित किया। न्याय की आस लगाए समाज के लोगों ने जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की।

इस संबंध में उन्होंने अनुविभागीय दंडाधिकारी को भी ज्ञापन सौंपा है। क्षेत्र में हुए एक अपराध ने समाज को झकझोर कर रख दिया जिसका नतीजा है कि लोग अब सामने आकर ऐसे अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पूर जोर मांग उठा रहे हैं।

प्रदेश में इन दिनों नाबालिक छात्रा से रेप व ब्लैकमेलिंग की भयावह खबर जनमानस में सिहरन सी दौड़ रही है। रेप पीड़िता की मौत ने पीड़िता पक्ष के समाज को भी झकझोर कर रख दिया है। रेप पीड़िता राजनांदगांव जिले में साहू समाज की है। प्रकरण में न्यायिक प्रक्रिया अंतर्गत पीड़िता पक्ष मजबूत रखने के अलावा संविधान एवं कानून पर विश्वास प्रकट करते हुए तहसील साहू संघ ने स्टेटहाईवे मेनरोड में मौन रैली निकालकर पीड़िता के लिए शोक प्रदर्शित करते हुए अनुविभागीय दंडाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

# सेलून संघ का पुनर्गठन, रिकेश अध्यक्ष नियुक्त

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर में सेलून संघ का पूनर्गठन किया गया। सेलून संघ के सदस्यों द्वारा 2 वर्षो के कार्यकाल के पश्चात पुनः नए पदाधिकारियों का चयन किया गया। संघ ने सर्वसम्मति से रिकेश श्रीवास को अध्यक्ष नियुक्त किया है। जितेंद्र श्रीवास उपाध्यक्ष, कुलदीप सेन सचिव, धनेश्वर सेन कोषाध्यक्ष, अजय सेन को सेन सखा नियुक्त किया गया है। सेलून संघ के विज्ञप्ति मुताबिक कार्यकारिणी सदस्य धर्मेंद्र, धामन, अनिल, रोशन, नोहर, राजू, लक्ष्मी नारायण सेन, हरीश, तुलेश, लक्ष्मीनारायण श्रीवास, यशवंत, भूपेंद्र व देव कुमार बनाए गए हैं। बैठक में प्रमुख रूप से हेमू श्रीवास, प्रदीप सेन, प्रकाश सेन, गोकुल राम सेन, सेवाराम, टीकाराम, रेखा राम, हुकुम, चेतराम सहित सर्व सेन समाज सदस्य दयानंद सेन शामिल हुए।




राजनांदगांव। निकाय चुनाव के नतीजों में कांटे की टक्कर के बाद कांग्रेस निर्दलीय पार्षदों को अपने पाले में लाने में कामयाब रही है। सोमवार को प्रभारी महामंत्री गिरीश देवांगन के समक्ष राजनांदगांव नगर निगम वार्ड नं. 27 से गणेश पवार, वार्ड नं. 21 से पिंकी साहू ने कांग्रेस प्रवेश किया है। ये दोनों ही निर्दलीय चुन कर आए थे। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता कुलबीर छाबड़ा, रायपुर जिला अध्यक्ष गिरीश दुबे भी मौजूद थे।

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन

# निर्वाचन की सूचना प्रकाशन के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया शुरू

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2019-20 अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.संजय अलंग ने आज प्रातः 10.30 बजे पंचायत निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन किया। जिले के ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं पंचों के निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन प्रारूप-2 में और जनपद व जिला पंचायत सदस्यों के निर्वाचन की सूचना प्रारूप-3 में प्रकाशित की गई। स्थानों के आरक्षण के संबंध में भी सूचना का प्रकाशन आज किया गया। प्रारूप-3 (क) में 649 ग्राम पंचायतों में सरपंच और 9682 पंचों के निर्वाचन क्षेत्रों के आरक्षण की सूचना प्रकाशित की गयी।

इसी तरह प्रारूप-3 (ख) में 150 जनपद पंचायत सदस्य व 22 जिला पंचायत सदस्यों के निर्वाचन क्षेत्र के आरक्षण की सूचना प्रकाशित की गयी। इसके साथ ही त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन हेतु नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गयी। जिला पंचायत सदस्यों के लिये नामांकन फार्म कलेक्टोरेट परिसर में विक्रय किये जा रहे हैं, वहीं जनपद सदस्यों के लिये संबंधित जनपद पंचायत कार्यालयों में और ग्राम पंचायतों का



कलस्टर बनाकर सरपंच एवं पंच पदों के लिये नामांकन फार्म विक्रय किये जा रहे हैं।

पंच पदों के लिये नामांकन प्रारूप-4 (क), सरपंच के लिये प्रारूप-4 (ख), जनपद सदस्य के लिये प्रारूप-4 (ग) और जिला पंचायत सदस्य के लिये प्रारूप-4 (घ) में लिये जायेंगे। पंच पद के लिये निक्षेप राशि 50 रूपये है। सरपंच पद के लिये 1000 रूपये, जनपद सदस्य के लिये 2000 रूपये और जिला पंचायत सदस्य के लिये 4000 रूपये निक्षेप राशि निर्धारित है। अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और महिलाओं को निर्धारित निक्षेप राशि का 50 प्रतिशत राशि ही जमा करना होगा। पंच को छोड़कर बाकी सदस्यों के नामांकन के लिये निर्धारित प्रारूप में शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा। जो नोटरी से सत्यापित होना चाहिये। कोई भी अभ्यर्थी पंच के साथ-साथ सरपंच, जनपद सदस्य या जिला पंचायत सदस्य चारों पद के लिये नामांकन भर सकता है। किंतु एक ही पद के लिये एक से अधिक जगहों से नामांकन नहीं भर सकता।

### पहले दिन जिला मुख्यालय में जिला पंचायत सदस्य के लिए 6 प्रत्याशियों ने लिए फार्म

ग्राम पंचायत चुनाव को लेकर सोमवार से अधिसूचना जारी हो गई है, जिसमें आज से नामांकन का दौर शुरू हो गया। छह जनवरी तक नामांकन का दौर चलेगा। नाम निर्देशन का पत्रों की समीक्षा मंगलवार तथा अभ्यर्थियों से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख गुरुवार को होगी तथा निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। आज पहले दिन 6 अभ्यर्थियों ने जिला पंचायत चुनाव लड़ने फार्म खरीदे।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की घोषणा सोमवार को हुई। प्रदेश में पंचायत चुनाव तीन चरणों में होगा। 28 जनवरी, 31 जनवरी और तीन फरवरी को मतदान होगा। मतदान के एक घंटे बाद ही मतगणना की जाएगी। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुबह 6:45 से दो बजे तक मतदान किया जाएगा। वहीं शेष प्रदेश में सुबह सात बजे से तीन बजे तक वोटिंग होगी।

मतदान बैलेट पेपर से होगा। चुनाव के लिए नामांकन 30 दिसंबर से छह जनवरी तक दाखिल किए जाएंगे। सात जनवरी को नामांकन की स्क्रूटनी और नौ जनवरी को नाम वापस लेने की अंतिम तिथि तय की गई है। बिलासपुर जिले में पंच, सरपंच, जनपद और जिला पंचायत के 10503 पदों के लिए 10 लाख 14 हजार 570 मतदाता वोट डालेंगे।

नौ जनवरी को चुनाव चिन्हों का आवंटन किया जाएगा। चुनाव के बाद प्रथम चरण का परिणाम 30 जनवरी, द्वितीय चरण का दो फरवरी और तृतीय चरण का पांच फरवरी को घोषित किया जाएगा। जिला पंचायत सदस्य का परिणाम प्रथम चरण का 31 जनवरी, द्वितीय चरण तीन फरवरी और तृतीय चरण का छह फरवरी को घोषित किया जाएगा।

# महापौर के समर्थन में एक और निर्दलीय पार्षद की घर वापसी

## निष्कासित नेता त्रिलोक श्रीवास का निष्कासन हुआ रद्द

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

महापौर समर्थन के लिए कांग्रेस को एक और निर्दलीय पार्षद का समर्थन मिल गया। निर्दलीय पार्षद योगिता आनन्द श्रीवास को भी पार्टी में शामिल कर लेने कांग्रेस नेताओं को सफलता मिल गई इसके एवज में पार्टी को बेलतरा क्षेत्र के निष्कासित नेता त्रिलोक श्रीवास को भी उसका निष्कासन समाप्त कर कांग्रेस में वापस लेना पड़ा। निगम में अब कांग्रेस के समर्थन में 36 पार्षद हो गए जबकि महापौर के लिए बहुमत का आंकड़ा 35 पार्षदो की है।

उल्लेखनीय है कि निगम में 35 कांग्रेस पार्षद जीत कर आये मगर तारबाहर क्षेत्र से निर्वाचित पार्षद वरिष्ठ कांग्रेस नेता शेख गफ्फार की मतगणना दिवस के पूर्व ही निधन हो जाने के कारण कांग्रेस पार्षदो की संख्या घटकर34 हो गई जबकि भाजपा पार्षदो की संख्या 30 है। निर्दलीय 5 पार्षद चुनाव जीते है।

कांग्रेस ने एक निर्दलीय पार्षद संध्या तिवारी जो कांग्रेस से टिकट नही दिए जाने पर पार्टी से स्तीफा दे निर्दलीय चुनाव लड़ी थी को कांग्रेस में वापसी कराया था। एक निर्दलीय पार्षद योगिता आनंद श्रीवास से समर्थन लेने की बातचीत चल रही थी मगर पार्षद के जेठ त्रिलोक



श्रीवास ने कांग्रेस से अपना निष्कासन समाप्त करने की शर्त रख दी थी। आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम के समक्ष त्रिलोक श्रीवास और योगिता श्रीवास की कांग्रेस वापसी से यह स्पष्ट हो गया कि त्रिलोक श्रीवास कांग्रेस से अपना निष्कासन समाप्त करवाने की शर्त को मनवा लिया और योगिता श्रीवास को कांग्रेस में शामिल करवाकर महापौर चुनाव के लिए कांग्रेस पार्षदो की संख्या में एक पार्षद का इजाफा करवा दिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने पुष्पहार और तिरंगा गमछा पहनाकर त्रिलोक श्रीवास को पुनः लिया कांग्रेस में वापस ले लिया। कोनी पंचायत जो बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में आता है के नेता त्रिलोक श्रीवास को विगत 3 माह पहले नगर निगम परिसीमन को लेकर किए विरोध के कारण जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा उन्हें निष्कासित किया गया था आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रभारी छत्तीसगढ़ पीएल पुनिया एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार उन्हें कांग्रेस प्रवेश दिलवाया।

इस अवसर पर त्रिलोक श्रीवास के साथ वर्तमान में निर्दलीय पार्षद जीतकर आई उनकी भाई बहु योगिता आनंद श्रीवास् ने भी कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की और कांग्रेस को समर्थन देना स्वीकार किया त्रिलोक श्रीवास के कांग्रेस वापसी के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव चंदन यादव प्रदेश के मंत्रीगण रविंद्र चौबे, जयसिंह अग्रवाल, अमरजीत भगत शिव डहरिया कवासी लखमा प्रयासरत थे।

मोहन मरकाम ने बताया कि त्रिलोक श्रीवास अपने समाज के प्रदेश अध्यक्ष है और कांग्रेस परिवार से जुड़े हैं उनके कांग्रेस परिवार आने से कांग्रेस को बहुत ही फायदा होगा।

# रिटर्निंग और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2019-20 अंतर्गत जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच, पंच पदों के निर्वाचन हेतु नियुक्त किये गये रिटर्निंग अधिकारियों और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया के संबंध में गहन प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर डॉ.संजय अलंग ने राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप निर्वाचन सम्पन्न कराने हेतु गंभीरता से प्रशिक्षण लेने का निर्देश दिया।

प्रार्थना सभा भवन सिंचाई विभाग परिसर में आयोजित प्रशिक्षण में कलेक्टर ने रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल करते समय व्यावहारिक बातों की ओर ध्यान रखने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन में इस बार एक नई व्यवस्था है कि नाम निर्देशन पत्रों को ओनो के माध्यम से ऑनलाईन भी भरे जायेंगे। अगर अभ्यर्थी ऑनलाईन फार्म भरे बिना भी केवल मेनुअल फार्म प्रस्तुत करता है तो वह भी स्वीकार किया जाएगा। किंतु पंच को छोड़कर सरपंच, जनपद सदस्य और जिला पंचायत सदस्यों के नामांकन की एण्ट्री ऑनलाईन भी दर्ज करें। उन्होंने कहा कि जमानत की राशि पर विशेष ध्यान देना है तथा जमानत की राशि में कुछ प्रवर्गों को छूट होती है उसको भी याद रखना चाहिये। अभ्यर्थी द्वारा जो जाति नामांकन फार्म में दर्ज की गयी है उसे मान लेना चाहिये। जब तक की उस पर कोई आपत्ति न हो। किंतु शपथ पत्र व नामांकन फार्म में यदि दो विपरीत चीजें हैं तो उनकी जांच की जानी चाहिये। कलेक्टर ने सभी रिटर्निंग और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों से कहा कि नामांकन फार्म भरने के लिये भीड़ आती है, उस दौरान धैर्य बनाये रखें और सभी से नम्रतापूर्वक व्यवहार करें। नामांकन प्रक्रिया के दौरान जो भी रजिस्टर संधारित करें, उसे प्रमाणित भी कर लें।

मास्टर ट्रेनर शैलेष कुमार पाण्डेय द्वारा मतदान पूर्व की सामान्य तैयारी, मतदान दल गठन एवं उनका प्रशिक्षण, नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करना, संवीक्षा, नाम वापसी, प्रतीक चिन्हों का आबंटन, मतपत्रों का मुद्रण एवं वितरण, मतपेटियों की व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति, निर्वाचन सामग्री वितरण एवं उनकी वापसी, सारणीकरण एवं परिणाम की घोषणा, संवेदनशील मतदान केन्द्रों में सुरक्षा के उपाय के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

## सीआईएसएफ के जवानों पर मारपीट करने का आरोप

**कोरबा।** एस ई सी एल गेवरा खदान के कोयला स्टॉक में कार्यरत कर्मियों के साथ सी आई एस एफके जवानों पर अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट करने का आरोप ट्रक ऑनर एसोसिएशन ने लगाया है। मामले की शिकायत करते हुए एसोसिएशन ने कहा है कि सी आई एस एफ द्वारा कर्मियों के साथ गाली-गलौच कर लाठी से मारा जाता है। इस पर अंकुश नहीं लगाया गया तो अप्रिय स्थिति निर्मित हो सकती है।

गेवरा क्षेत्र के महाप्रबंधक व खान प्रबंधक को लिखे पत्र में गेवरा-दीपका ट्रक ऑनर एसोसिएशन ने कहा है कि खदान के कोयला स्टॉक में सुबह कर्मचारी लालू पंडित व अनिल सिंह कार्य कर रहे थे। तभी पेट्रोलिंग करते हुए सी आई एस एफ केजवान स्थल पर पहुंचे और गाली-गलौच करते हुए मारपीट करने लगे। कर्मियों ने इसका विरोध किया तो उन्होंने कई आरोप लगाए।

# एसी कोच में यात्रियों को अटेंडर ओढ़ने को दे रहे गंदे कंबल, बदबूदार चादर

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

एसी कोच में अटेंडर यात्रियों को बदबूदार मैले कंबल चादर दे रहे है , आपत्ति जताने पर रेलवे अधिकारियों का हवाला देकर पल्ला झाड़ने लगे है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के बिलासपुर जोन में बेरोल की धुलाई के लिए लाखों रुपये की लागत की लॉन्ड्री मशीन लगाई गई है जिसका लोकार्पण बड़ी रेलवे ने बड़ी धूम से किया था लेकिन अब बिलासपुर जोन में यात्रियों को दी जाने वाली सुविधाओं का कायाकल्प बदलता जा रहा है इसकी मुख्य वजह आला अफसरों की नज़रअंदाजी है एसी कोच में मौजूद अटेंडर यात्रियों को बर्थ में बिछाने और ओढ़ने जो चादर कंबल दे रहे है उनमें गन्दी बदबू आती मानों महीनों से धुली नही है। यात्रियों द्वारा बदलने की मांग करने पर रेलवे आलाधिकारियों का फरमान बताकर पल्ला झाड़ रहे हैं ऐसे ही लापरवाही हीराकुंड एक्सप्रेस में सफर करने वाले यात्री ने रेलवे की शिकायत रजिस्ट्रड में की है। अमृतसर से बिलासपुर आ रहे शहर के दो परिवारों को रेल्वे की लापरवाही का खामियाजा भुगतना पड़ा एसी 2 का आलम देख आखिरकार यात्रियों के सब्र का बांध टूटा और बोगी में मौजूद अटेंटर को खरी खोटी सुनाई, वहीं यात्री ने शिकायत पुस्तिका में अपनी व्यथा को लिख बे मन संतुष्ट होना पड़ा। तोरवा निवासी पवन अग्रवाल और उनके मित्र कयूर परमार अपने परिवार के साथ छुटिटयां मानने गए थे अमृतसर घूमने के बाद परिवार वापस बिलासपुर आने अमृतसर विशाखापत्तनम हीराकुंड एक्सप्रेस के एसी 2 के ए वन कोच में चढ़ा जिसमें 6 बर्थ रिजर्व था। रात का सफर होने की वजह से उनके साथ सभी यात्रियों को बेड सीट,चादर,पिलो और ब्लैंकेट दिया गया जो पूरी तरह से गंदा था चादर और बेड सीट की स्थिति तो बड़ी ही खराब थी दोनों पर दाग लगे थे और एक अजीब सी बदबू आ रही थी। जब इस बात को लेकर उन्होंने अटेंडर से सम्पर्क किया तो उसने भी मैं कुछ नही कर सकता का जवाब देकर हाथ खड़ा कर दिया। इधर काफी जद्दोजहद के बाद उन्हें कम्प्लेन रजिस्टर मिला और यात्रियों को हीराकुंड एक्सप्रेस के एसी 2 कोच के भीतर यात्रियों को दी जाने वाली सुविधा में लापरवाही और गंदगी के आलम को कम्प्लेन बुक में लिखा कि रेल्वे यात्रियों को एसी कोच में सुविधा देने के नाम पर उनके पैसो की बर्बादी कर रहा है गंदे चादर, बेड सीट, पिल्लो और ब्लैंकेट से हमारे स्किन में इंफेक्शन हो सकता है ऊपर से इतनी ठंड यह तो पूरी तरह से गलत है।

## छुरी के आकर्षण को सुरश्री सम्मान

**कोरबा।** रोटरी क्लब भोपाल के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तर पर सुरश्री ग्रैंड फिनाले सीजन-फाइव के आयोजन में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए छुरी केआकर्षण देवांगन ने प्रथम स्थान प्राप्त कर सुरश्री का सम्मान हासिल किया है। सीजन-फाइव केअंतिम राउंड में देश भर से पहुंचे 11 कलाकारों के बीच आयोजित प्रतिस्पर्धा में अपनी मधुर आवाज और ओजस्वी प्रस्तुति से आकर्षण ने निर्णायक दल को मजबूर कर दिया। टॉप वन में समान अंक मिलने के कारण मोहम्मद सोहेल के साथ यह सम्मान दिया गया।

# नया बस स्टैण्ड में रैनबसेरा संचालित

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा सौ शैय्या जिला चिकित्सालय के परिसर में तथा वार्ड क्र. 11 संजयनगर में रैनबसेरा का संचालन किया जा रहा है। नया बस स्टैण्ड टी. पी. नगर स्थित रैनबसेरा का संचालन किन्ही कारणवश बंद पड़ा था। आयुक्त श्री राहुल देव के सज्ञान में यह बात आते ही उन्होने तत्काल रैनबसेरा की व्यवस्था को दुरूस्त कर आज से ही संचालित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए तथा उक्त रैनबसेरा का संचालन भी निगम द्वारा आज से प्रारंभ कर दिया गया है।

यात्रियों तथा अन्य जरूरतमंदों को रात्रि विश्राम की सुविधा उपलब्ध कराए जाने के मद्देनजर नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा विगत कई वर्षो से शहर में तीन स्थानों पर रैनबसेरों का संचालन कराया जा रहा है। सौ शैय्या जिला चिकित्सालय परिसर में स्वयंसेवी संस्था कामगार फाउण्डेशन के माध्यम से रैनबसेरा का संचालन कराया जा रहा है। यह रैनबसेरा 04 कमरों में संचालित है तथा 20 शीटर के इस रैनबसेरा में महिलाओं एवं पुरूषों के लिए पृथक-पृथक कमरों की व्यवस्था की गई है। रैनबसेरा में पलंग, गद्दा, कम्बल, तकिया आदि के साथ.साथ शुद्ध पेयजल, शौचालय प्रसाधन, लाईट, पंखा सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाएं की गई हैं। इसी प्रकार वार्ड क्र. 11 संजयनगर स्थित सामुदायिक भवन में भी 06 शीटर रैनबसेरा संचालित है, जहां पर उक्त सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई गई हैं।

## टॉस्क फोर्स समिति की बैठक 1 को

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो कार्यक्रम 19 जनवरी एवं शिशु संरक्षण माह विटामिन ए अनुपूरक कार्यक्रम जिले में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु अंशिका पाण्डेय डिप्टी कलेक्टर बिलासपुर की अध्यक्षता में जिला टॉस्क फोर्स की आवश्यक बैठक 1 जनवरी को समय 4.30 बजे कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीपत चैक सरकंडा बिलासपुर में आयोजित की गई है।

# आधार ऑपरेटर्स और सुपरवाईजर्स का संभाग स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

आधार ऑपरेटर्स और सुपरवाईजर्स का संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम गत दिवस आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, मुंगेली जिले के ई-जिला प्रबंधक, रायपुर चिप्स कार्यालय के स्टेट कोऑर्डिनेटर एवं यूआईडीएआई हैदराबाद आर.ओ ऑफिस के मैनेजर सहित 200 से अधिक आधार ऑपरेटर्स उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में आधार कार्ड बनाने की गुणवत्ता के संबंध में और आधार बनाते वक्त ध्यान रखने वाली आवश्यक बिंदुओं और दस्तावेजों के संबंध में एवं आधार बनाने के वैधानिक प्रावधान के संबंध में जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण में रायपुर और हैदराबाद की टीम के द्वारा आधार ऑपरेटर और सुपरवाईजर को आने वाली समस्याओं के निराकरण के संबंध में जानकारी दी गई। जिला प्रशासन के सहयोग से जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी बिलासपुर के द्वारा इस ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। ट्रेनिंग में ई-जिला प्रबंधक बिलासपुर, आफताब अहमद खान, ई.डी.एम.जांजगीर सुनील साहू, ई.डी.एम.मुंगेली, सोनम तिवारी सहित आधार स्टेट को-ऑर्डिनेटर नीलेश सोनी, यूआईडीएआई, आर.ओ. ऑफिस हैदराबाद के असिस्टेंट मैनेजर चैतन्य एवं मनोहर उपस्थित रहे।

रेलीगेयर कल अंतिम दिन काम करेगी

# आयुष्मान योजना के तहत नया साल से मिड सिस्ट कंपनी बनाएगा क्लेम

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

आयुष्मान भारत योजना के तहत क्लेम का भुगतान ट्रस्ट के माध्यम से होगा। इसके लिए क्लेम निजी कंपनी बनाएगी। इसका टेंडर 13 दिसंबर को खुला जिसमें मिड सिस्ट कंपनी को मिला है। जिसके बाद दो कंपनी मिल के प्रदेश के अस्पताल में इलाज की डेटा और क्लेम की सारी जानकारी से सरकार को अवगत कराएगा। शासन ट्रस्ट के माध्यम से आयुष्मान भारत के तहत क्लेम का भुगतान करेगी। नए साल से दोनो कंपनी क्लेम बनाना शुरु कर देगी साथि ही आयुष्मान योजना में शासन स्तर पर कई सारे बदलाव भी किए जाएगे




अयुष्मान भारत योजना के तहत जिले में स्वास्थ्य विभाग से पंजीकृत अस्पताल को इलाज के बदले राशि का भुगतान अब बीमा कंपनी नहीं शासन करेगी इसके लिए ट्रस्ट बनाने के साथ ही अब क्लेम भुगतान के लिए जरुरी कागजात अस्पताल से नई कंपनी कलेक्ट कर शासन को भेजेगी जिसके आधार पर शासन अस्पताल को राशि का भुगतान करेगी इसके लिए दो अलग-अलग टेंडर निकाले गए है जिसमें पहला टेंडर 13 दिसंबर को खुला इसमें मिड सिस्ट कंपनी को क्लेम बनाने का टेंडर मिला है शासन से वर्क आंडर जारी होते ही प्रदेश में ये कंपनीयों अपने कर्मचारी रख कर क्लेम सेटलमेंट का काम शुरु कर देगी वहीं पुरानी बीमा कंपनी रेलीगेयर को 31 तारीख तक काम करने के लिए कहा गया है इसके साथ ही आयुष्मान योजना में सरकार कई और बदलाव करने वाली है।

### रेलीगेयर 31 तक करेगी काम

आयुष्मान भारत योजना के तहत पुरानी बीमा कंपनी रेलीगेयर कम्पनी 31 दिसंबर को क्लेम बनाना बंद कर देगी जिसके बाद नए साल से नई कंपनी क्लेम बनाना शुरु करेगी लेकिन पुरानी कंपनी को अभी एक और परेशानी का सामन करना पड रही है जिले में अभी भी कई निजी और सरकारी अस्पतालों में लाखों के क्लेम राशि क्लीयर नहीं हुआ है जिसके कारण कंपनी को अस्पताल प्रबंधन से एनओसी नहीं मिल पा रहा है जिसके कारण कंपनी काम करना बंद नहीं कर पा रही है।

### बढ़ेगा उपचार का पैकेज

शासन द्वारा आयुष्मान योजना के तहत बीमारियों के पैकेज बढ़ाने की भी संभावना जताई जा रही है। पिछले दिनों राजधानी में नोडल एजेंसी, बीमा कंपनी, आइएमए व मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों की बैठक हुई थी। इसमें जनरल वार्ड, आइसीयू समेत दूसरी बीमारियों के इलाज का पैकेज बढ़ाने की मांग की गई। इससे ज्यादा से ज्यादा निजी अस्पताल योजना के तहत इलाज करने में रुचि लेंगे। इससे मरीजों को कई विकल्प मिल पाएंगे।

### मनमानी पर लगेगी रोक

मौजूदा स्थिति में आयुष्मान भारत से चयनित अस्पताल की मनमानी को लेकर ढेरों शिकायत मिल रही है। वे अपनी मर्जी से योजना के तहत उपचार करते हैं। कई बार हितग्राहियों को साफ मना कर दिया जाता है। ट्रस्ट आने के बाद इस पर लगाम लग पाएगी। शिकायत मिलने पर निजी अस्पताल के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# कोयला उत्पादन टारगेट में एसईसीएल पिछड़ा

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com

कोयला उत्पादन टारगेट में एस ई सी एल लगभग दस मिलियन टन पीछे चल रहा है। इसकी भरपाई करने हेतु उत्पादन क्षमता प्रतिदिन बढ़ाए जाने पर प्रबंधन जोर दे रहा है। दीपका, कुसमुंडा व गेवरा खदान पर नजर टिक गई है। सी एम डी ए. पी. पंडा ने रविवार को एकाएक दीपका व कुसमुंडा खदान का दौरा कर उत्पादन बढ़ाए जाने पर जोर दिया। 15 दिवस के भीतर सीएमडी का यह दूसरा दौरा है।

सीआइएल की सभी अनुषांगिक कंपनी में एस ई सी एल में सर्वाधिक कोयला उत्पादन किया जाता है। पिछले वित्तीय वर्ष में 157 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया गया था। इस बार 13 मिलियन टन ज्यादा उत्पादन का टारगेट है, पर प्रत्येक दिन व मासिक उत्पादन टारगेट में एस ई सी एल अभी तक दस मिलियन टन पीछे है और इसकी भरपाई करने के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ रही है। पिछड़ने की मुख्य वजह गेवरा व दीपका खदान है। दीपका में लीलागर नदी का पानी भरने से एक सप्ताह तक उत्पादन ठप रहा। इसके बाद उत्पादन प्रक्रिया धीरे.धीरे शुरू हुई और वर्तमान में 60 हजार टन कोयला उत्पादन हो रहा है, लेकिन उत्पादन बंद रहने से एसईसीएल पिछड़ गई। अब उत्पादन बढाने का दबाव एस ई सी एल के सी एम डी समेत अन्य सभी अफसरों पर बना हुआ है। उल्लेखनीय है कि कोयला सचिव व संयुक्त सचिव के दौरे के बाद अब सी एम डी ए पी पंडा स्वयं लगातार खदान का दौरा करने लगे हैं।

# मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना में 73 हजार से अधिक लोगों का हुआ इलाज

## प्रदेश के 1,369 शहरी स्लम्स में मोबाइल मेडिकल टीम द्वारा निःशुल्क जांच-उपचार एवं दवा वितरण

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत पिछले तीन महीनों में 73 हजार से अधिक लोगों का इलाज किया गया है। प्रदेश के सभी 13 नगर निगमों के कुल एक हजार 369 स्लम्स में स्वास्थ्य विभाग की मोबाइल मेडिकल टीम ने पहुंचकर लोगों को निःशुल्क उपचार, चिकित्सा परामर्श एवं दवाईयां उपलब्ध कराई हैं। स्लम क्षेत्रों में आयोजित शिविरों में मलेरिया, एचआईव्ही, मधुमेह, एनिमिया, टीबी, कुष्ठ, उच्च रक्तचाप, नेत्र विकार व गर्भवती महिलाओं की जांच के साथ ही बच्चों का टीकाकरण भी किया जा रहा है।

सभी लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने और इसके सुदृढ़ीकरण के लिए राज्य शासन द्वारा इस वर्ष 2 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन से मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना शुरू की गई है। शुरूआत से ही इस सुविधा को लोगों की अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। स्लम क्षेत्रों में लगाए जा रहे स्वास्थ्य शिविरों में बड़ी संख्या में लोग इलाज कराने पहुंच रहे हैं। प्रदेश के नगर निगम क्षेत्रों की एक हजार 567 स्लम्स में रहने वाली करीब 16 लाख आबादी को विद्यमान स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ ही इस योजना के जरिए चिकित्सा सेवा मुहैया कराई जा रही है। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत पिछले पिछले तीन महीनों अक्टूबर, नवम्बर और दिसम्बर में कोरबा नगर निगम में 17 हजार 684, रायपुर में 14 हजार 712, भिलाई में सात हजार 013, राजनांदगांव में छह हजार 977, अंबिकापुर में पांच हजार 688, दुर्ग में पांच हजार 594, रायगढ़ में चार हजार 656, जगदलपुर में तीन हजार 066, भिलाई-3-चरोदा में दो हजार 609, बीरगांव में दो हजार 222, धमतरी में एक हजार 676, बिलासपुर में एक हजार 402 और चिरमिरी नगर निगम में एक हजार 035 लोगों का निःशुल्क इलाज किया गया है। मोबाइल मेडिकल टीमों ने इस दौरान दुर्ग नगर निगम में 447, भिलाई में 320, कोरबा में 114, राजनांदगांव में 101, रायपुर में 83, अंबिकापुर में 67, भिलाई-3-चरोदा में 60, रायगढ़ में 54, चिरमिरी में 38, धमतरी में 28, बीरगांव में 27, जगदलपुर में 12 तथा बिलासपुर नगर निगम में 11 स्लम क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों की जांच व उपचार कर निःशुल्क दवाईयां दी हैं। नगर निगम वाले 13 शहरों के स्लम क्षेत्रों में बीते तीन महीनों में कुल चार हजार 887 लोगों की मलेरिया जांच की गई है। शिविरों में छह हजार 618 लोगों के उच्च रक्तचाप, 19 हजार 274 लोगों की मधुमेह, 13 हजार 209 लोगों की रक्त-अल्पता (एनिमिया), दो हजार 123 लोगों के नेत्र विकार, 298 लोगों की टीबी, 347 लोगों की कुष्ठ और एक हजार 477 लोगों की एचआईव्ही जांच की गई है।

# मुख्यमंत्री ने शीतलहर से बचाव के लिए कलेक्टरों को आवश्यक व्यवस्था करने दिए निर्देश



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश में शीत लहर की स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभी जिला कलेक्टर एवं नगरीय निकायों को समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं. ताकि प्रदेश की जनता को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो। समस्त ज़िला कलेक्टर को यह निर्देश दिए गए हैं कि वे स्वयं महत्वपूर्ण स्थलों में अलाव जलाने की व्यवस्था का निरीक्षण करेंगे. साथ ही यह भी सुनिश्चित करेंगे कि रैन बसेरा/नाइट शेल्टर में पर्याप्त मात्रा में कंबल, चादर एवं अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध रहे. प्रदेश में शीत लहर के कारण किसी प्रकार की जनहानि न हो. आवश्यकता पड़ने पर नए रैन बसेरा की व्यवस्था की जाए।

## मुख्यमंत्री बघेल से सिक्ख समाज के प्रतिनिधि मंडल की मुलाकात: गुरू गोविंद सिंह की जयंती पर ऐच्छिक अवकाश की घोषणा पर आभार जताया



रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उनके निवास कार्यालय में विधायक कुलदीप जुनेजा और छत्तीसगढ़ राज्य अल्प संख्यक आयोग के अध्यक्ष महेन्द्र छावड़ा के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री बघेल को प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश में गुरू गोविंद सिंह की जयंती पर 2 जनवरी को ऐच्छिक अवकाश की घोषणा करने पर आभार व्यक्त किया। साथ ही प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री श्री बघेल को राजधानी रायपुर के पण्डरी में गुरू गोविंद सिंह की जयंती के अवसर पर 2 जनवरी को आयोजित होने वाले समारोह के लिए आमंत्रित भी किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के संयोजक सुरेन्द्र सिंह छावड़ा और पदाधिकारी सर्वश्री गुरमीत सिंह गुरूदत्ता, तेजिंदर होरा, गुरूबक्श छावड़ा, जसमीत चावला, सुरेन्द्र छावड़ा, मंजीत सलूजा, राजा भल्ला तथा इन्द्रजीत छावड़ा आदि उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री निवास में 1 जनवरी को 'जनचौपाल भेंट-मुलाकात' कार्यक्रम स्थगित

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के रायपुर स्थित निवास में 1 जनवरी बुधवार को आयोजित होने वाला 'जनचौपाल भेंट-मुलाकात' का कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से स्थगित रहेगा।

## कांग्रेस ने नगरीय निकाय के पर्यवेक्षकों में किया संशोधन, तीन नेताओं के बदले गए जिले

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम के निर्देशानुसार नगरीय निकाय चुनाव 2019 नियुक्ति पर्यवेक्षकों की सूची में संशोधन किया है. कांग्रेस ने तीन नेताओं को जिले में बदलाव किया है. जगदलपुर नगर पालिक निगम में कवासी लखमा के स्थान पर ताम्रध्वज साहू को पर्यवेक्षक बनाया गया है. धमतरी नगर पालिक निगम में अग्नि चंद्राकर के स्थान पर कवासी लखमा को पर्यवेक्षक बनाया गया है। गरियाबंद नगर पालिका परिषद के लिये इंदरचंद धाड़ीवाल के स्थान पर मदन तालेड़ा को पर्यवेक्षक बनाया गया है।

# 25 दिनों में 27 लाख मीट्रिक टन धान की हुई खरीदी, 85 लाख का है लक्ष्य : मो. अकबर

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



मिलिए मंत्री से कार्यक्रम में राजीव भवन पहुंचे कैबिनेट मंत्री मो. अकबर ने मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि 25 दिनों में 27 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। हमारा लक्ष्य 85 लाख मीट्रिक टन का है, गत वर्ष 80 लाख 38 हजार मीट्रिक टन हमने धान खरीदा था, 20,000 करोड़ का भुगतान किया। एक भी शिकायत अब तक प्राप्त नहीं हुई है कि किसी को 25 सौ का भुगतान नहीं हुआ है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अनेक बार यह कहा है कि 1815 रुपए जो समितियों में दर भेजा गया है लिखकर तो वह भारत सरकार का समर्थन मूल्य है। हम एजेंट के रूप में धान खरीदी का कार्य करते हैं और उसके बाद उस धान का चावल बना कर या भारत सरकार चाहे तो धान के रूप में हम उसको सेंट्रल पूल में जमा करते हैं। 1815 से अधिक दर में यदि हम खरीदी करेंगे तो हमारा चावल जमा नहीं होगा, इस कारण से 1815 रुपए के हिसाब से खरीदी होगी। राज्य सरकार ने जो वादा किया है जो 25 सौ के हिसाब से जो भुगतान करना है तो बाकी का 685 रुपए अन्य किसी माध्यम से किसानों को दिया जाएगा। अनावश्यक रूप से रकबा भी किसी का कम नहीं किया गया है। मंत्री मो.अकबर ने कहा कि भाजपा के दावों के इंकार करते हुए कहा कि ऐसी कोई बात नहीं है। महापौर चयन प्रक्रिया में दूसरी पार्टी के लोगों से कोई बातचीत नहीं चल रही है, जो निर्दलीय प्रत्याशी होते हैं जीत कर आते हैं वे स्वतंत्र होते हैं। सभी पार्टियों को अधिकार होता है कि वो उनसे संपर्क करें और अपनी जीत सुनिश्चित करें। कांग्रेस का कोई भी भाजपा के पार्षदों के संपर्क में नहीं है, हम एकजुट हैं और एकतरफा मतदान करेंगे। चुंकि यह निर्वाचन का मामला है तो इस पर अभी विस्तार पूर्वक जानकारी नहीं दी जा सकती लेकिन कांग्रेस अपना पूरा प्रयास कर रही है। 10 नगर निगमों में कांग्रेस की जीत सुनिश्चित होगी, हम इसका प्रयास कर रहे हैं। मंत्री मो. अकबर ने एनआरसी को लेकर कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने साफ कहा है कि छत्तीसगढ़ में हम लागू नहीं होने देंगे। राज्य में किसी प्रकार का कोई प्रदर्शन या लॉ एंड ऑर्डर की किसी प्रकार की कोई स्थिति नहीं है।






## उपचुनावों और नगरी निकायों की तरह पंचायत के चुनाव में भी कांग्रेस का परचम लहराएगा: त्रिवेदी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



पंचायत चुनाव के नामांकन की प्रक्रिया आरंभ हो गई है। प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री एवं संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि दंतेवाड़ा और चित्रकोट विधानसभा उपचुनाव और नगरीय निकाय चुनावों की ही तरह पंचायत चुनावों में भी कांग्रेस की एकतरफा जीत पक्की है। उन्होंने कहा है कि छत्तीसगढ़ की जनता बखूबी समझती है कि राज्य और जनता के हित में क्या है।

उन्होंने कहा है कि छत्तीसगढ़ के मजदूर किसान इस बात को बखूबी समझते हैं कि उन्हें 2500 रुपये धान का दाम देने का काम कांग्रेस की सरकार भूपेश बघेल की सरकार ने अपने संसाधनों से किया है। किसानों की 11000 करोड़ की कर्ज माफी भी छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने भूपेश बघेल सरकार ने अपने संसाधनों से की है। भाजपा ने तो अपने शासनकाल में 5 साल तक 300 रू. बोनस देंगे बोलकर नहीं दिया 2100 रुपए धान का समर्थन मूल्य नहीं दिया। भाजपा की केंद्र सरकार ने शर्त लगाई है कि किसानों को 2500 रू. नहीं बल्कि मोदी सरकार का समर्थन मूल्य 1815 रू. दिया जाए। भाजपा के किसान विरोधी चरित्र को छत्तीसगढ़ के किसान बखूबी जानते हैं समझते हैं। वे जानते हैं कि एक भी भाजपा नेता ने, भाजपा सांसद, विधायक, पंचायत प्रतिनिधि ने किसान मजदूरों के हित में आवाज नहीं उठाई। किसान विरोधी पार्टी भाजपा के नेताओं के वास्तविक चरित्र को छत्तीसगढ़ की ग्रामीण जनता बखूबी समझ रही है।

10वीं-12वीं की परीक्षा में बड़ा बदलाव

## माध्यमिक शिक्षा मंडल ने उत्तर पुस्तिका को लेकर जारी की नयी गाइड लाइन

रायपुर। इस बार 10वीं और 12वीं की परीक्षा की आंसर शीट में बदलाव किया जायेगा। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने इसके लिए प्रारूप तैयार कर लिया है। इस बार छात्रों को जो आंसरशीट दी जायेगी, उसमें पेज की संख्या बढ़ी हुई होगी। 10वीं-12वीं दोनों की परीक्षा के दौरान उत्तर पुस्तिका में ये बदलाव देखने को मिलेगा। आर्ट्स सबजेक्ट के पेपर के लिए 32 पेज की आंसर सीट माध्यमिक शिक्षा मंडल तैयार कराने जा रहा है, वहीं साइंस खासकर गणित और भौतिक शास्त्र विषय की परीक्षा के दौरान 40 पेज की आंसर शीट छात्रों को जवाब लिखने के लिए दी जायेगी। दरअसल पिछली बार उत्तर पुस्तिका जांचने के दौरान परीक्षकों को ये महसूस हुआ था कि छात्र जवाव को पूरी तरह से डिस्क्राइब नहीं कर पाये, जिसकी बड़ी वजह पेज की कमी थी, लिहाजा इस बार छात्रों की सहुलियत के मद्देनजर माध्यमिक शिक्षा मंडल ये बड़ा बदलाव करने जा रहा है। उत्तर पुस्तिका के पहले पेज में छात्रों के रोल नंबर, विधय और अन्य जानकारी, वहीं पेज नंबर 2 में माध्यमिक शिक्षा मंडल के परीक्षा के मद्देनजर निर्देश अंकित होंगे। वहीं हायर सेकेंडरी परीक्षा में गणित एवं भौतिक शास्त्र विषयों के लिए छात्रों को लिखने के लिए 38 पृष्ठ और शेष परीक्षा के लिए 30 पेज उत्तर पुस्तिका में होंगी।



परीक्षार्थी व शिक्षकों दोनों के लिए ये है जरूरी खबर

## सीएए पर कांग्रेस के जाल में ना फंसे, सत्य को जानें : बृजमोहन



रायपुर। नागरिकता संशोधन कानून के समर्थन में भाजपा के मेगा ट्वीटथॉन में इंडिया सपोर्ट सीएए ट्रेंड कर रहा है। इस क्रम में पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने भी ट्वीट किया है। उन्होंने लिखा कि कांग्रेस के जाल में न फंसे, सत्य को जानिए और समझिए। कुछ राजनीतिक दल नागरिकता संशोधन कानून को देश को एक विशेष संप्रदाय का राष्ट्र बनाने की ओर एक पहल का झूठा प्रचार कर रहे हैं। यह बिल्कुल भ्रामक है, असत्य है। सीएए भारतीय अल्पसंख्यकों से भेदभाव नहीं करता।

## रायपुर नगर निगम में बीजेपी का मेयर बनाने सुंदरानी का दावा, कहा- निर्दलीयों के साथ ही कांग्रेस पार्षद भी संपर्क में

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



राजधानी रायपुर में महापौर की खुर्सी के लिए कांग्रेस-बीजेपी में जद्देजहद जारी है. इसी बीच बीजेपी के पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी ने बीजेपी का महापौर बनाने का दावा किया है. उन्होंने कहा कि निर्दलीयों के साथ ही कांग्रेस पार्षद भी हमारे संपर्क में हैं. कांग्रेस पहले अपने पार्षद तो बचा ले। पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी का कहना है कि अपना महापौर बनाने के लिए बीजेपी आखिरी दम तक लड़ेगी. पार्टी के नेता सभी 7 निर्दलीयों के संपर्क में है. रायपुर नगर निगम में बीजेपी के पास 29 पार्षद है. बाकी 5 भाजपा के विचारधारा के पार्षद है. अन्य दो निर्दलीय पार्षदों से बातचीत चल रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आंतरिक गुटबाजी से जूझ रही है. उन्हें महापौर का प्रत्याशी तो घोषित करने दीजिए. हम लड़ेंगे और रायपुर में महापौर बनाएंगे. कांग्रेस पहले अपने 34 पार्षदों को तो बचा ले, क्योंकि कांग्रेस से ही कुछ पार्षद टूटेंगे। बता दें कि रायपुर नगर निगम की 70 सीटों में से बीजेपी के पास 29, कांग्रेस के 34 और अन्य 7 सीटें है. महापौर बनाने के लिए किसी भी पार्टी को 36 सीट की जरुरत है।

## प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ द्वारा प्रकाशित कैलेंडर का मंत्री चौबे ने किया विमोचन

रायपुर। कृषि और जलसंसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे ने आज शंकर नगर स्थित निवास में छत्तीसगढ़ प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ एवं शासकीय संयुक्त कर्मचारी संघ द्वारा प्रकाशित कैलेंडर वर्ष 2020 का विमोचन किया।साथ ही उन्होंने राजपत्रित अधिकारी संघ को संग्रहणीय प्रकाशन के लिए शुभकामनाएं दी।इस दौरान उन्होंने कहा कि यह कैलेंडर शासकीय सेवकों के साथ साथ आम जनता के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगी क्योंकि इसमें शासकीय सामान्य अवकाश के साथ ही ऐच्छिक अवकाश एवं महत्वपूर्ण संस्थाओं एवं व्यक्ति यों के मोबाइल नंबर का संग्रह है। कैलेंडर विमोचन से पहले कमल वर्मा एवं पदाधिकारियों ने मंत्री रविन्द्र चौबे का स्वागत करते हुए नववर्ष की अग्रिम शुभकामनाएं दी,साथ ही संगठन की रचनात्मक गतिविधियों एवं आगामी कार्ययोजना से अवगत कराया।









सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा दबंग दुनिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि. पानी टंकी के पास मोवा रोड, दलदल सिवनी, दुबे कॉलोनी, रायपुर, छत्तीसगढ़ पिन-492001 से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित
संपादक-मोहन राव* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, प्रबंध संपादक-ए.एन. द्विवेदी, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2018-20, दूरभाष नंबर 0771, 2972403